वर्ष-07 · अंक 305
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
मंगलवार, 11 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाज़ियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

काव्य की विविध रंगों से सजा 'अक्षरलोक सम्मान' ................ 3
मिशन-2027 के लिए भाजपा ने कसी कमर ........................................ 4
नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के साथ मिलकर ......... 11

## बालाघाट में दूषित पानी से बीमारी का कहर

### छह बच्चों की मौत,47 अब भी अस्पताल में भर्ती

**बालाघाट(एजेंसी)।** जिले के बैगा आदिवासी बहुल गांवों में बच्चों के बीच फैली बीमारी से हड़कंप मचा हुआ है। अडोरी, कुंडेकसा, बोंदारी और कोरका गांवों में अब तक एक से 13 वर्ष की उम्र के छह बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 47 बच्चे अभी अस्पताल में भर्ती हैं। लगातार बच्चों के बीमार पड़ने की सूचना के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। बीमारी के कारणों की जांच के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज से पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम गांवों में पहुंची है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज के महामारी विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र विश्नोई के नेतृत्व में पहुंची विशेषज्ञ टीम ने प्रारंभिक जांच में बच्चों में पोषण की कमी और दूषित पानी को बीमारी की संभावित प्रमुख वजह माना है। विशेषज्ञों के अनुसार पर्याप्त पोषण नहीं मिलने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है, जिसके कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बीमारी की शुरुआत में बच्चों में शरीर पर दाने निकलना, तेज बुखार, मुंह में छाले, भूख न लगना और झटके आने जैसे लक्षण सामने आए हैं। बड़ी संख्या में बच्चों के बीमार पड़ने से प्रभावित गांवों में भय और चिंता का माहौल है। हालांकि बीमारी की वास्तविक वजह और संक्रमण की प्रकृति की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। स्वास्थ्य विभाग ने बीमार बच्चों के नमूने जांच के



लिए पुणे स्थित प्रयोगशाला भेजे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद बीमारी के कारणों और संक्रमण की स्थिति अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ अस्थायी अस्पताल की व्यवस्था भी की है। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीमें गांवों में पहुंचकर बच्चों और ग्रामीणों की जांच कर रही हैं। वर्तमान में 47 बच्चे बैहर और बालाघाट जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं। उपचार के बाद स्वस्थ हुए 51 बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बीमार बच्चों की जानकारी जुटाने के साथ ही संदिग्ध मामलों की जांच कर रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने छह बच्चों की मौत की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग ने मामले की विस्तृत रिपोर्ट भोपाल भेज दी है। इसके बाद शासन स्तर पर भी मामले की निगरानी बढ़ा दी गई है। विशेषज्ञों की टीम बीमारी के कारणों का पता लगाने के साथ प्रभावित गांवों में पेयजल और पोषण की स्थिति की भी जांच कर रही है।

## यूपीआई भुगतान पर नहीं लगेगा कोई नया शुल्क : सीतारमण

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र के दौरान सोमवार को भी विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। राज्यसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि यूपीआई भुगतान पर किसी तरह का नया कर या लेनदेन शुल्क नहीं लगाया गया है। वहीं, विपक्ष ने छात्र आंदोलन, कथित हिंसा और अयोध्या से जुड़े मुद्दों पर सरकार से जवाब की मांग की। हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में कराधान एवं अन्य विधियां (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूपीआई लेनदेन को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि विधेयक में यूपीआई भुगतान पर किसी नए कर अथवा लेनदेन शुल्क का प्रावधान नहीं किया गया है। वित्त मंत्री के स्पष्टीकरण के बाद यूपीआई उपयोगकर्ताओं को लेकर चल रही तन अटकलों पर विराम लगा, जिनमें डिजिटल भुगतान पर नए शुल्क लगाए जाने की बात कही जा रही थी। राज्यसभा ने संबंधित विधेयक को पारित कर दिया। संसद में सरकार ने बताया कि सोना, चांदी और प्लैटिनम पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद 13 मई से 2 अगस्त के बीच 10,463 करोड़ रुपये का सीमा शुल्क संग्रह हुआ। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज



चौधरी द्वारा दिए गए लिखित जवाब के अनुसार, इस अवधि में सोने से 10,040 करोड़ रुपये, चांदी से 328 करोड़ रुपये और प्लैटिनम से 95 करोड़ रुपये का सीमा शुल्क प्राप्त हुआ। सरकार ने 13 मई से सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। वहीं प्लैटिनम पर शुल्क 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत किया गया था। इसके अलावा सोना-चांदी डोरे, सिक्के और अन्य संबंधित वस्तुओं पर भी शुल्क में बदलाव किए गए थे। समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने छात्र आंदोलन और अयोध्या राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितता के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले दिन से ही छात्र मुद्दों पर गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि संसद के पास अभी दो दिन का समय है और सरकार छात्र आंदोलन तथा अयोध्या से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर सकती है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे से संबंधित कथित गड़बड़ी को गंभीर मामला बताते हुए कहा कि यह करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा विषय है और सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने छात्र-युवाओं पर कथित लाठीचार्ज का मुद्दा भी उठाते हुए सरकार से इस मामले में स्पष्टीकरण देने की मांग की। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने भी छात्र आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष गृह मंत्री से सदन में बयान देने की मांग कर रहा है। डिंपल यादव ने बच्चों के खिलाफ कथित पैलेट गन के इस्तेमाल और उनके साथ हुई हिंसा के आरोपों पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्रों और बच्चों से जुड़े गंभीर मामलों पर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया।

## प्रदेश के सभी मदरसों में मनाया जाएगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को प्रदेश के सभी मदरसों तक पहुंचाने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में प्रदेश के मदरसों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं और युवाओं को भी सक्रिय रूप से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, दानिश आजाद अंसारी ने प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान को प्रदेश के सभी मदरसों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए और विद्यार्थियों को इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए। राज्यमंत्री ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव, एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करने वाला जन अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। ऐसे में प्रदेश के प्रत्येक वर्ग और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। दानिश आजाद अंसारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी मदरसों में तिरंगा फहराने के साथ राष्ट्रगान और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके अलावा विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम के महान



सेनानियों के योगदान और उनके संघर्ष से अवगत कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को देश के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास, राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने मदरसा प्रबंधन से भी अभियान में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। राज्यमंत्री ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से मदरसों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और इसके प्रति सम्मान प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और एकजुटता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। विद्यार्थियों को यह भी बताया जाएगा कि देश को स्वतंत्रता हासिल करने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने किस प्रकार संघर्ष और बलिदान किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कांवड़ यात्रा के चलते नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आज अवकाश

**नोएडा।** कांवड़ यात्रा को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिले में मंगलवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसके तहत नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी स्कूल-कॉलेज समेत अन्य शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही और यातायात व्यवस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया है। सोमवार को कई निजी स्कूलों में कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित की गईं। अभिभावकों के अनुसार स्कूल प्रबंधन की ओर से समूह संदेश के माध्यम से जानकारी दी गई थी कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन कराई जाएगी। इससे विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। वहीं, सरकारी स्कूलों में सोमवार को सामान्य दिनों की तरह कक्षाएं संचालित हुईं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार मंगलवार को जिले के स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। प्रशासन की ओर से कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय अवकाश के चलते शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई एक दिन के लिए स्थगित रहेगी।

### बृजभूषण सिंह बोले- दीपेंद्र हुड्डा को हराने के बाद मेरे खिलाफ रची गई साजिश

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवानों से जुड़े विवाद और अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर एक बार फिर विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा को चुनाव में हराने के बाद उनके खिलाफ साजिश रची गई। उन्होंने आरोपों के समर्थन में पहलवानों के अलग-अलग मंचों पर दिए गए बयानों में विरोधाभास का भी दावा किया। बृजभूषण सिंह ने कहा कि निगरानी समिति के समक्ष दिए गए बयानों, शपथ पत्रों और अदालत में दर्ज बयानों में काफी अंतर है। उन्होंने दावा किया कि हिसार और रोहतक के कुछ पहलवानों ने अपने बयानों में बजरंग पूनिया का पता दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि जिन घटनाओं को लेकर उनके खिलाफ आरोप लगाए गए, उस समय वह संबंधित पहलवानों के साथ मौजूद नहीं थे। पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ कथित साजिश में करीब 42 लोग शामिल थे और कुछ उद्योगपतियों की ओर से आर्थिक सहयोग किया गया।

## संकल्प लेकर आगे बढ़ें युवा, लक्ष्य से न भटकें': मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से ढाई लाख से अधिक युवा वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आने वाले समय में युवाओं के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारियां होंगी। युवा अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभाते हुए देश और प्रदेश के विकास में योगदान देंगे। कोई उद्यमी बनेगा तो कोई डॉक्टर, किसान, शिक्षक या अन्य क्षेत्र में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएगा। उन्होंने कहा कि आज का युवा तकनीक और



नई सोच के दौर में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपने परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि नई पीढ़ी की सोच को समझना और उसे सही दिशा देना जरूरी है। युवाओं को परिवहन, स्वच्छता और अन्य सामाजिक व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भी नए विचारों के साथ आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिकागो में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी विचारधारा ने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में किसी भी शुभ कार्य से पहले संकल्प लेने की परंपरा है और यही संकल्प आगे चलकर सिद्धि का कारण बनता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि उन्हें भी जीवन में कोई लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं, वहां बार-बार विकल्प बदलने से लक्ष्य से भटकने की संभावना रहती है। इसलिए युवाओं को अपने लक्ष्य को मिशन बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में यही युवा उत्तराखंड और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने और समाज के लिए जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के सामने नशे की बढ़ती समस्या को लेकर चिंता जताई। एक विद्यार्थी ने कहा कि उसके मोहल्ले में शराब की दुकान है। ऐसे में नशे पर रोक कैसे लगेगी। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर स्कूलों के आसपास भी नशीले पदार्थों की बिक्री होती है और ड्रग्स माफिया युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। सीएनआई गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा दिव्या ने नशे की दुकानों को बंद कराने की मांग की। वहीं साहिबा ने पहाड़ी क्षेत्रों में शराब की बिक्री और सामाजिक आयोजनों में शराब परोसे जाने का मुद्दा उठाते हुए उत्तराखंड में शराब पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की।

## जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश पर सुनवाई टली

**रामपुर(एजेंसी)।** जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को ध्वस्त करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को होने वाली सुनवाई टल गई। रूट डायवर्जन के कारण दोनों पक्षों के अधिवक्ता कोर्ट नहीं पहुंच सके, जिसके चलते मंडलायुक्त एवं रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के अध्यक्ष आंजनेय कुमार सिंह की अदालत में मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित की गई है। जौहर यूनिवर्सिटी के कुल 40 भवनों में से 38 को अवैध मानते हुए आरडीए के उपाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 15 जुलाई 2026 को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया था। आदेश के बाद यूनिवर्सिटी और संबंधित ट्रस्ट की ओर से इसे मंडलायुक्त की अदालत में चुनौती दी गई। याचिका में ध्वस्तीकरण के आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की गई है। ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ दाखिल चुनौती याचिका के अंगीकरण को लेकर इससे पहले दो बार सुनवाई हो चुकी है। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों को अपने-अपने अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के समक्ष अब दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों और दलीलों के आधार पर यह तय किया जाना है कि जौहर यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट की ओर से दाखिल चुनौती याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं। सोमवार को सुनवाई के लिए मामला सूचीबद्ध था, लेकिन रूट डायवर्जन के कारण दोनों पक्षों के अधिवक्ता अदालत तक नहीं पहुंच सके।

## जनरल-स्लीपर कोचों की सफाई पर रहेगी नजर

### रेलवे ने बदला सफाई और कचरा प्रबंधन का सिस्टम

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और यात्रियों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सफाई एवं कचरा प्रबंधन की नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब अनारक्षित, स्लीपर समेत सभी श्रेणी के कोचों की नियमित सफाई की जाएगी। स्लीपर कोच में यात्रियों के लिए तरल साबुन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। सफाई व्यवस्था की निगरानी ऐप और तस्वीरों के माध्यम से की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत आनंद विहार से सुल्तानपुर के बीच चलने वाली सद्भावना एक्सप्रेस (14014/13) में 8 अगस्त से ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सेवा और लिनन वितरण की सुविधा शुरू कर दी गई है। रेलवे का उद्देश्य सफर के दौरान यात्रियों को साफ-सुथरा और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। नई व्यवस्था में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में छोटे पोर्टेबल उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। हाउसकीपिंग कर्मचारी यात्रा के दौरान कोच में जमा होने वाले कचरे को लगातार एकत्र करेंगे और उसका निर्धारित तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। रेलवे की यह व्यवस्था विभिन्न कंपनियों की तर्ज पर विकसित की गई है, जिसमें यात्रियों की सुविधा के साथ सफाई व्यवस्था पर भी लगातार ध्यान दिया जाता है।

## हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी बधाई

**रांची(एजेंसी)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सोमवार को जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने हेमंत सोरेन के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। वहीं, जन्मदिन के मौके पर उनके राजनीतिक सफर और मुख्यमंत्री के रूप में अब तक की यात्रा की भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के माध्यम से



हेमंत सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करते हुए उनके सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी हेमंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी झारखंड के मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त 1975 को झारखंड के रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ था। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और वरिष्ठ आदिवासी नेता शिबू सोरेन के पुत्र हैं। हेमंत सोरेन ने झारखंड की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई और राज्य के प्रमुख आदिवासी नेताओं में शुमार हुए। हेमंत सोरेन का संसदीय राजनीतिक सफर वर्ष 2009 में शुरू हुआ, जब वह झारखंड से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। सितंबर 2010 में उन्हें झारखंड का उपमुख्यमंत्री बनाया गया। वह जनवरी 2013 तक इस पद पर रहे। इसके बाद वर्ष 2013 में झामुमो, राजद और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार का नेतृत्व करते हुए उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनका पहला कार्यकाल 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014 तक रहा। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन दुमका विधानसभा सीट से चुनाव हार गए, हालांकि उन्होंने बरहेट सीट पर जीत दर्ज की।

## यूपी में करदाताओं को बड़ी राहत

### संपत्ति कर बकाया चुकाने के लिए ओटीएस योजना लागू

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के नगरीय निकायों की आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही लंबे समय से संपत्ति कर के बकाये में फंसे करदाताओं को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में लंबित संपत्ति कर यानी गृहकर, जलकर और सीवरकर की प्रभावी वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना का लाभ प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों में लंबित संपत्ति कर के बकायेदारों को मिलेगा। सरकार का उद्देश्य पुराने कर बकायों का सरल और व्यावहारिक तरीके से निस्तारण कराने के



साथ करदाताओं पर आर्थिक दबाव कम करना तथा कर संबंधी न्यायालयीय विवादों में कमी लाना है। एकमुश्त समाधान योजना की अवधि चार माह निर्धारित की गई है। योजना का क्रियान्वयन 15 अगस्त 2026 से 15 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। नगरीय निकायों की ओर से 15 अगस्त से 14 सितंबर के बीच सभी संबंधित करदाताओं और हितधारकों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक पात्र करदाता योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठा सकें और लंबे समय से लंबित अपने कर बकाये का निस्तारण करा सकें। करदाताओं को राहत देने के लिए सरकार ने ओटीएस के तहत बकाया संपत्ति कर के भुगतान की सुविधा को आसान बनाया है। योजना के अंतर्गत करदाता बकाया धनराशि का भुगतान अधिकतम तीन किस्तों में कर सकेंगे। योजना लागू होने की तिथि से 30 दिन के भीतर करदाता को कुल बकाये की एक-तिहाई राशि जमा करनी होगी। इसके बाद शेष दो-तिहाई धनराशि अगले दो माह में दो मासिक किस्तों के माध्यम से जमा की जा सकेगी। इस प्रकार योजना के अंतर्गत देय संपूर्ण धनराशि का भुगतान अधिकतम तीन माह की अवधि में पूरा करना अनिवार्य होगा। सरकार का मानना है कि किस्तों में भुगतान की सुविधा मिलने से उन करदाताओं को भी राहत मिलेगी, जो एकमुश्त बड़ी राशि जमा करने में असमर्थ हैं। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के साथ नागरिकों को बेहतर नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## कोलंबिया में 7.4 तीव्रता के भीषण भूकंप से तबाही

**बोगोटा(एजेंसी)।** कोलंबिया में सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचा दी। पश्चिमी कोलंबिया में आए भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई। हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत होने की सूचना है, जबकि कई अन्य लोगों के इमारतों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई गई है। कई स्थानों पर इमारतों के क्षतिग्रस्त होने और ढहने की खबर है। राहत एवं बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान चला रहे हैं। भूकंप के तेज झटके राजधानी बोगोटा समेत देश के कई हिस्सों में महसूस किए गए। पड़ोसी देश इक्वाडोर के कुछ हिस्सों में भी कंपन महसूस की गई। झटके महसूस होते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घरों तथा इमारतों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र चोको क्षेत्र के सैन



जोस डेल पालमार के पास था, जो बोगोटा से करीब 400 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के शुरुआती आंकड़ों में भूकंप की तीव्रता करीब 7.4 बताई गई है। इसकी गहराई लगभग 100 किलोमीटर से अधिक आंकी गई है। कोलंबिया की भूवैज्ञानिक सेवा के शुरुआती आंकड़ों में भूकंप की तीव्रता को लेकर अलग आंकड़ा सामने आया था। भूकंप की तीव्रता और गहराई के आंकड़ों में एजेंसियों के बीच शुरुआती अंतर सामान्यतः बाद की समीक्षा के दौरान संशोधित हो सकता है।

# 10 दिन से फार्मासिस्ट विहीन पीएचसी विशेश्वरगंज, मरीज परेशान

### 10 दिनों से फार्मासिस्ट विहीन है पीएचसी विशेषरगंज, मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ रही दवाएं




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विशेषरगंज में पिछले करीब 10 दिनों से फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं होने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने का मामला सामने आया है। फार्मासिस्ट के अभाव में दवाइयों के वितरण समेत अन्य स्वास्थ्य संबंधी कार्य प्रभावित होने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार, पीएचसी विशेषरगंज पर पूर्व में फार्मासिस्ट श्रीधर वर्मा की तैनाती थी। करीब एक माह पूर्व उनका स्थानांतरण सीएचसी कप्तानगंज के लिए कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि लगभग 10 दिन पहले सीएचसी प्रभारी दुबौलिया डॉ. सुशील कुमार ने उन्हें रिलीव कर दिया। इसके बाद श्रीधर वर्मा ने सीएचसी कप्तानगंज में ज्वाइन कर लिया, लेकिन पीएचसी विशेषरगंज पर उनके स्थान पर अब तक किसी अन्य फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं की गई है।

फार्मासिस्ट की तैनाती न होने के कारण पीएचसी के दवा स्टॉक से संबंधित कार्य और मरीजों को दवाओं के वितरण में परेशानी होने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि स्टॉक में उपलब्ध कई दवाइयां भी खत्म हो चुकी हैं, जिसके चलते मरीजों को कथित तौर पर बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। पीएचसी विशेषरगंज पर फार्मासिस्ट की कमी की जानकारी सीएमओ डॉ. राजीव निगम को भी दिए जाने की बात कही जा रही है, बावजूद इसके करीब 10 दिन बीतने के बाद भी किसी फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं हो सकी है। फार्मासिस्ट का पद लंबे समय तक खाली रहने से जहां मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द पीएचसी विशेषरगंज पर फार्मासिस्ट की तैनाती किए जाने की मांग की है। उक्त प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम से फोन के माध्यम जानकारी लेना चाहा तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मीडिया के फोन को रिसीव नहीं किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मगरवारा में 18 वर्षीय युवक का फंदे से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**उन्नाव।** मगरवारा क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 18 वर्षीय युवक हिमांशु का शव उसके घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने शव देखते ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि हिमांशु पुत्र राम कुमार परिवार में चार भाइयों और एक बहन में तीसरे नंबर का था। वह परिवार की आर्थिक मदद के लिए चाय की दुकान चलाता था। परिजनों के मुताबिक रविवार रात वह घर पर ही था और परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। सोमवार सुबह परिजन जब हिमांशु के कमरे की ओर पहुंचे तो उसका शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार युवक ने घर के अंदर ही फांसी लगाई है। हालांकि उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटनास्थल से पुलिस को कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। चौकी इंचार्ज रवि पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कांवड़ यात्रा मार्ग का सी ओ ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए जरूरी निर्देश

**उन्नाव।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए, पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सफीपुर दीपक यादव ने थाना माखी क्षेत्र के अंतर्गत चंचलवंशी से परियर मार्ग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सी ओ ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों, प्रकाश व्यवस्था तथा कांवड़ियों के विश्राम स्थलों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मियों को यात्रा मार्ग पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

सीओ ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन एवं सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तथा आपातकालीन सेवाओं को मुस्तैद रखने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रा मार्ग पर लगातार 24 घंटे पुलिस गश्त सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। इस दौरान एसपी ने कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील करते हुए संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा। निरीक्षण के दौरान थाना माखी पुलिस, यातायात पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### 04 जिंदा देसी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना नवाबगंज द्वारा व्यक्तियों,वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर इब्राहिमपुर के पास से एक अभियुक्त आमिर पुत्र गफ्फार निवासी ग्राम मुरस्सापुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को 04 जिंदा अवैध देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया।

## समाज सेवी पीके तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय पहुंच कर किया वृक्षारोपण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुलबाजार अमेठी,** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक कार्यों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.द्वारा वृक्षारोपण महाभियान अनवरत जारी है और लक्ष एक हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य लेकर संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी.के तिवारी वृक्षारोपण महाभियान मे अग्रसर देखे जा रहे हैं उसी क्रम मे समाजसेवी पी.के.तिवारी ने शिक्षा क्षेत्र शुकुलबाजार अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ खास पहुंचकर विद्यालय परिवार के साथ विद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण किया वहीं शिक्षक जितेन्द्र कुमार तथा आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अमेठी शिक्षामित्र के.के.मिश्रा ने संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यों की सराहना की तत्पश्चात समाजसेवी पी.के.तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय पूरे अचली पहुंचकर विद्यालय परिवार के साथ विद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण किया वहीं इं.प्रधानाध्यापिका शाहिदा खान एवं सहायक अध्यापिका नीलम शर्मा ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी के कुशल नेतृत्व एवं निस्वार्थ भावना से संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यों को समाज के प्रति गौरवपूर्ण बताया बताते चलें कि समाजसेवी पी.के.तिवारी जुलाई,अगस्त एवं सितम्बर माह मे वृक्षारोपण महाभियान चलाते हैं और लोगों के बीच पहुंचकर वृक्षारोपण करने की अपील करते हैं जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके।

### उन्नाव में फिर बढ़ा गंगा का जलस्तर, चेतावनी बिंदु से 1 सेमी दूर

**उन्नाव।** तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को गंगा का जलस्तर 24 घंटे में छह सेंटीमीटर बढ़ गया। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार नदी का जलस्तर अब चेतावनी बिंदु से महज एक सेंटीमीटर नीचे है। जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में लोगों की चिंता बढ़ गई है। गोताखोर, शाही नगर, मोहम्मद नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, कबला और हुसैन नगर समेत कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कई स्थानों पर लोगों को आवागमन के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण संक्रमण और मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने प्रभावित क्षेत्रों में सफाई और राहत कार्य तेज करने की मांग की है। प्रशासन और केंद्रीय जल आयोग की टीम जलस्तर पर लगातार निगरानी रख रही है। अधिकारियों ने लोगों से नदी किनारे न जाने और सतर्क रहने की अपील की है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर देर रात सड़कों पर उतरा प्रशासन, मंडलायुक्त-डीआईजी ने परखी व्यवस्थाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रशासन जलाअभिषेक को लेकर लेकर सतर्क है किसी प्रकार की छीना झपटी जबरदस्ती नहीं होने पाएगी प्रशासन की नजर मे किसी प्रकार का उपद्रव नहीं होने पाएगा कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार देर रात प्रशासन एवं पुलिस के आला अधिकारियों ने सड़कों पर उतरकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडलायुक्त वैभव श्रीवास्तव, डीआईजी संजीव त्यागी, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने फुटहिया चौराहा, प्रसिद्ध भद्रेश्वरनाथ मंदिर परिसर सहित प्रमुख कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया।

**भद्रेश्वरनाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

अधिकारियों ने भद्रेश्वरनाथ मंदिर परिसर पहुंचकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति को देखा। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी प्रकार की कमी न रहने देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर भी व्यवस्थाओं को परखा और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**संवेदनशील मार्गों पर भी पहुंची प्रशासनिक टीम**

इसके बाद जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर ने अम्बेडकरनगर सीमा से जुड़े संवेदनशील मार्गों का निरीक्षण किया। टीम ने कलवारी, टांडा, राम जानकी मार्ग, कप्तानगंज एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचकर रूट डायवर्जन, पुलिस पिकेट, यातायात प्रबंधन तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की स्थिति का जायजा लिया।

**डायवर्जन रूट पर पर्याप्त पुलिस बल और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश**

अधिकारियों ने निर्देश दिया कि डायवर्जन मार्गों पर पर्याप्त संख्या में साइन बोर्ड लगाए जाएं और सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इसका उद्देश्य कांवड़ यात्रियों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी से बचाना है। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेंगे और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहेंगे।

**कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता**

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा मार्ग पर किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ पूरी मुस्तैदी से कार्य करने और कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात एवं जनसुविधाओं की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### एनडीडी कार्यक्रम में बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा



**श्रीदत्तगंज।** बलरामपुर सरदार वल्लभ पटेल इंटर कॉलेज, गालिबपुर श्रीदत्तगंज में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (NDD) कार्यक्रम के तहत अधीक्षक के नेतृत्व मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अधीक्षक डॉक्टर आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाली समस्याओं, बचाव के उपायों तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने, साफ-सफाई रखने तथा स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी गई। वहीं विद्यालय की छात्राओं को HPV वैक्सीन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके महत्व के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि HPV संक्रमण से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण बेहद महत्वपूर्ण है। छात्राओं को वैक्सीनेशन से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम की देखरेख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से कृमिनाशक दवा का सेवन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण एवं जागरूकता अभियानों में सहयोग करें। अभियान के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ रखने के साथ-साथ किशोरियों में HPV संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## उन्नाव में चोरी के आरोप में युवक को तालिबानी सजा, सिर मुंडाकर गांव में घुमाया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के पाठकपुर गांव में चोरी के आरोप में एक युवक के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। युवक पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की गई और सिर मुंडवाकर जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, पाठकपुर निवासी राजू पुत्र राम गुलाम ठाकुर और उसके बेटे राज ने आरोप लगाया कि 30 जुलाई की रात उनका मोबाइल चोरी हो गया था। मोबाइल चोरी के बाद दोनों ने गांव के ही सोनू पुत्र गोकुल पर चोरी का आरोप लगाया।

आरोप है कि मोबाइल चोरी के शक में राजू और उसके बेटे राज ने सोनू को पकड़ लिया। इसके बाद उसके हाथ बांधकर सिर मुंडाया गया और आधी मूंछ काट दी गई। इतना ही नहीं, उसके गले में जूते-चप्पलों की माला डालकर उसे गांव में घुमाने का भी आरोप है। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने बना लिया, जो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद आसीवन पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने वीडियो के आधार पर घटनास्थल और आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने राजू और उसके बेटे राज को हिरासत में लेकर पूछताछ की। मामले में अपहरण समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। सवाल यह है कि चोरी के महज आरोप पर किसी व्यक्ति को इस तरह सार्वजनिक रूप से अपमानित और प्रताड़ित करने का अधिकार आखिर किसने दिया? पुलिस कार्रवाई के बाद अब मामले में अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### अपना दल एस विधानसभा गौराकी मासिक कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

**मनकापुर गोण्डा:** विधानसभा के उत्तरी जोन के गिन्नी नगर बाज़ार में सम्पन्न हुई।मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी व प्रदेश सचिव शिक्षक मंच इन्द्रजीत प्रजापति ने उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गणों को बैठक में संबोधित करते हुए पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए आवश्यक निर्देशों से अवगत कराया साथ ही संगठन के गठन व विस्तार के लिए प्रेरित करते हुए आगामी पंचायत एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए समर्पित भाव से जुटने का आह्वाहन किया। बैठक का संचालन परशुराम वर्मा मंच जिला महासचिव व अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विद्यासागर चौधरी ने किया।इस अवसर पर प्रदेश सचिव व पूर्व सदस्य जिला पंचायत अभिमन्यु पटेल, जिला मीडिया सचिव अशोक श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार वर्मा, राम चरन चौधरी, हमीदुल्लाह, सम्राट सम्राट चौधरी, राम दास यादव, श्रीराम चौधरी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## खदरा में मनरेगा कार्य पर सवाल, 183 मजदूरों की हाजिरी फिर भी मौके पर सन्नाटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केकप्तानगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत खदरा में मनरेगा के तहत डिगनिया से फेंसा तालाब तक नाला जीर्णोद्धार तथा खदरा से तन्ना तालाब तक नाला जीर्णोद्धार कार्य के नाम पर कराए जा रहे कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां पर अधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार की पटकथा लिखी जा रही है जिसमें बिना कार्य कारण भुगतान लिया जा रहा जिसके जिम्मेदार अधिकारी अपना हिस्सा लेकर बगल हो जा रहे हैं खंड विकास अधिकारी के अड़ियल रवैया से विकास के नाम पर लूट हो रही हैजाँच के नाम पर वसूली हो रही है ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर काम दिखाई नहीं दे रहा, जबकि रिकॉर्ड में प्रतिदिन 183 मजदूरों की हाजिरी दर्ज की जा रही है। आखिर जब नाले पर मजदूर काम करते दिखाई नहीं दे रहे तो 183 मजदूरों की हाजिरी किस आधार पर लग रही है?

मौके की स्थिति भी कई सवाल खड़े करती है। नाला पानी से भरा है और चारों तरफ झाड़ियां व खरपतवार का अंबार लगा हुआ है। ऐसे में क्या वास्तव में नाले का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है या फिर कागजों पर ही विकास कार्य पूरा किया जा रहा है?ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक की मिलीभगत से मनरेगा मजदूरों के नाम पर फर्जी हाजिरी चलाकर सरकारी धन के दुरुपयोग का खेल किया जा रहा है। सवाल यह भी है कि यदि 183 मजदूर रोज काम कर रहे हैं तो मौके पर एक भी मजदूर क्यों नहीं मिला अधिकारी और कर्मचारियों की मिली भगत से बिना कार्य कराए भुगतान लिया जा रहा है विकासखंड कप्तानगंज में भ्रष्टाचार की पटकथा लिखी जा रही है?ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और सरकारी धन की रिकवरी की मांग की है।

## फुटहिया चौराहे पर भव्य कांवड़ महोत्सव, पवन सिंह को देखने उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रति वर्ष मां शांति सेवा संस्थान बस्ती के तत्वावधान में फुटहिया चौराहा पर एक भव्य 'कांवड़ महोत्सव' का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी तेज प्रताप सिंह (सुड्डू भाई जी) की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी सिनेमा के पावरस्टार और बिहार विधान परिषद (MLC) के माननीय सदस्य पवन सिंह ने शिरकत की।

**पवन सिंह की झलक पाने को बेताब दिखे प्रशंसक**

भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के आगमन की खबर मिलते ही फुटहिया चौराहा और आसपास का इलाका प्रशंसकों तथा कांवड़ियों की भीड़ से पट गया। पवन सिंह के मंच पर पहुँचते ही हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा प्रांगण गूंज उठा। पवन सिंह ने उपस्थित जनसमूह और कांवड़ियों का अभिवादन स्वीकार किया और भोलेनाथ के भजनों से माहौल को पूरी तरह भक्तिमय कर दिया।

**सुड्डू भाई जी ने किया सम्मानित**

संस्थान के अध्यक्ष तेज प्रताप सिंह 'सुड्डू भाई ' ने मुख्य अतिथि पवन सिंह का भव्य स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। तेज प्रताप सिंह उर्फ सड्डू सिंह ने कहा भगवान शिव के भक्तों और कांवड़ियों की सेवा करना ही मां शांति सेवा संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। सुदूर क्षेत्रों से आने वाले देवतुल्य कांवड़ियों की सेवा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान पूरी निष्ठा के साथ समर्पित है। महोत्सव के दौरान मां शांति सेवा संस्थान की ओर से कांवड़ियों के विश्राम, भोजन, जलपान और चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भक्तों के सौजन्य से शुकुल बाजार में निकली भव्य-दिव्य ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी, शुकुल बाजार।** पवित्र श्रावण मास के अवसर पर सोमवार को शुकुल बाजार में भक्तों के सौजन्य से भव्य एवं दिव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। शिव पार्वती धर्मशाला से शुरू हुई कांवड़ यात्रा आदि गंगा गोमती के रेस घाट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद कांवरियों का जत्था ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र महावीरन धाम पहुंचा, जहां भगवान शिव के मंदिर में पवित्र जल से जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।कांवड़ यात्रा के दौरान पूरा शुकुल बाजार हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने कांवरियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पांडेगंज चौराहे पर त्रिलोचन पांडे, राजा पांडे सहित अन्य भक्तों ने पुष्पवर्षा कर कांवरियों का उत्साह बढ़ाया। जगह-जगह हुए स्वागत से यात्रा का माहौल भक्तिमय हो गया।

कांवड़ यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ल, उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राम उंजेरे शुक्ल, विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्रा, युवा भाजपा नेता विश्व प्रकाश शुक्ल, कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी ध्रुव गुप्ता, विजय गुप्ता, पप्पी सेठ, शुभम कसौधन , संजय कौशल,अरूण शुक्ला, सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मार्ग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। विशाल जनसमूह की सहभागिता और श्रद्धालुओं के उत्साह के चलते शुकुल बाजार की यह कांवड़ यात्रा ऐतिहासिक एवं यादगार रही।

### गैसड़ी में नवागत खंड विकास अधिकारी का स्वागत



**बलरामपुर।** विकास खंड गैसड़ी में नवागत खंड विकास अधिकारी शिवांश सुभाष जागडे द्वारा से ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष जावेद हसन ने शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर जावेद हसन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवागत बीडीओ का अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विकास खंड में ग्रामीण विकास मनरेगा सहित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर सकारात्मक सहयोग का भरोसा भी जताया। नवागत खंड विकास अधिकारी शिवांश सुभाष जागडे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने की बात कही।

## दंडेश्वर धाम में भक्तों ने किया महादेव का जलाभिषेक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी, शुकुल बाजार।** पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जनपद अमेठी के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा वातावरण हर-हर महादेव, बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के कोछित गांव में आदि गंगा गोमती नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध दंडेश्वर धाम में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। प्राकृतिक रूप से रमणीक वातावरण में स्थित यह प्राचीन शिवधाम वर्षों से लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। भक्तों ने गोमती नदी में स्नान एवं पवित्र जल लेकर भगवान दंडेश्वर महादेव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया।

पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीराम ने रावण वध एवं लंका विजय के पश्चात गोमती नदी के तट पर अपने हाथों से भगवान शिव के इस शिवलिंग की स्थापना की थी। मान्यता है कि भगवान दंडेश्वर महादेव अपने भक्तों के सभी संकटों को हरने तथा दंडों का निवारण करने वाले हैं। इसी आस्था के चलते इस स्थान को दंडेश्वर धाम के नाम से जाना जाता है। श्रावण मास में यहां अमेठी ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु दर्शन-पूजन एवं रुद्राभिषेक के लिए पहुंचते हैं। प्रत्येक सोमवार को धाम परिसर में विशाल मेला भी लगता है, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों की भी बड़ी भागीदारी रहती है।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अमेठी पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर और आसपास के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात व्यवस्था को भी व्यवस्थित रखा गया।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और जयघोष से दंडेश्वर धाम का पूरा वातावरण शिवमय एवं भक्तिमय नजर आया।

### पंचायत सचिव ने नहीं दिया चार्ज और न ही खाली किया आवास, गांवों में कार्य प्रभावित

**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर ब्लाक में सरकारी आवास से लेकर लेकर चार्ज देने का बड़ा विवाद सामने आया है। बर्डपुर ब्लाक में तैनात रहे ग्राम पंचायत अधिकारी आशुतोष यादव का स्थानांतरण हुए लगभग एक माह से अधिक का समय बीत गया, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव आशुतोष यादव ने न तो तैनात रहे ग्राम पंचायतों का चार्ज दिया है और न ही सरकारी आवास खाली गया गया।सरकारी आवास में ताला लगा कर स्थानांतरित सचिव अपने कब्जे में लिए हुए हैं। चार्ज न देने के कारण ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 1 व 11 तथा भरवलिया ग्राम पंचायत जनता से जुड़े मामले का कार्य नहीं हो रहा है। शासन का स्पष्ट निर्देश हैं कि जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र 21 दिन के भीतर सूचना देकर बनवाने का प्रावधान है। उक्त ग्राम पंचायतों में तैनात किए गए नए सचिवों को चार्ज न मिलने के कारण काम नहीं हो पा रहा है ग्रामीण ब्लाक का चक्कर लगा कर घर वापस लौट जा रहे हैं।

इस संबन्ध में बीडीओ अजय प्रताप सिंह का कहना है कि ग्राम पंचायत अधिकारी आशुतोष यादव का बर्डपुर विकास खंड से लोटन ब्लाक के लिए स्थानांतरण हो गया है। यहां से कार्यमुक्त भी किया जा चुका है। इसके बावजूद भी उनका द्वारा चार्ज दिया जा रहा है और आवास भी नहीं खाली किया जा रहा है यह गंभीर मामला है। उच्चाधिकारियों को पूरे प्रकरण से पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा और पत्र प्राप्त होते विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ विधिक कार्रवाई भी कराई जाएगी।

# काव्य की विविध रंगों से सजा 'अक्षरलोक सम्मान' समारोह

## प्रहर्ष फाउंडेशन के तत्वावधान में भव्य काव्योत्सव का आयोजन, साहित्यकारों और रचनाकारों को किया गया समानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** प्रहर्ष फाउंडेशन के तत्वावधान में जन प्रहर्ष परिवार की ओर से भव्य काव्योत्सव एवं 'अक्षरलोक सम्मान' समारोह का आयोजन किया गया। साहित्य, कविता और पत्रकारिता से जुड़े लोगों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में रचनाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान साहित्य एवं रचनात्मक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साहित्यकारों और कवियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में 'अक्षरलोक शीर्ष सम्मान' से मनमोहन मिश्रा को सम्मानित किया गया, जबकि 'अक्षरलोक युवा सम्मान' पवन बाथम को प्रदान किया गया। समारोह में सुनीत कुमार 'सुनीत', सैयद सलाउद्दीन, कमल किशोर एसपी और पंडित धीरज मिश्रा 'शांडिल्य' सहित अनेक साहित्यप्रेमियों, रचनाकारों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता डॉ. संजय शौक ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण यादव ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने साहित्यिक आयोजनों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि साहित्य समाज को संवेदनशील बनाने के साथ लोगों को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का काम करता है।

### कवियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

काव्योत्सव के दौरान लखनऊ शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। अंशु 'प्रिया' दुबे, सुधा गुप्ता, वंदना विशेष, वत्सला पांडे, रूही शुक्ला, योगी योगेश शुक्ला, राज्य वर्मा 'वत्सल', पूनम मिश्रा, लोकेश त्रिपाठी, ओम शर्मा 'ओम', सुभाष चंद 'रसिया', मंजुल मिश्रा 'मंजर', रेनू द्विवेदी, निशा सिंह, अरविंद झा, महेश चंद्र गुप्ता, लक्ष्मी शुक्ला, अलका अस्थान, आलोक रंजन मिश्रा, हरीश मिश्रा और प्रज्ञा त्रिपाठी सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। कवियों की रचनाओं में ओज, हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार, संवेदना और सामाजिक सरोकारों का विविध रंग देखने को मिला। ओजपूर्ण कविताओं ने श्रोताओं में उत्साह का संचार किया, वहीं हास्य और व्यंग्य से जुड़ी रचनाओं ने लोगों को खूब गुदगुदाया। श्रृंगार और संवेदना से ओतप्रोत कविताओं ने कार्यक्रम में भावनात्मक गहराई जोड़ दी। कवियों की एक के बाद एक प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। श्रोताओं ने रचनाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की।

### लकी ड्रॉ ने बढ़ाया उत्साह

**कार्यक्रम के दौरान प्रहर्ष फाउंडेशन की ओर से लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों के बीच विजेताओं का चयन किया गया और उन्हें आकर्षक उपहार देकर समानित किया गया। लकी ड्रॉ को लेकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।**

आयोजकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन साहित्य और कविता के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाने के साथ-साथ नए रचनाकारों को मंच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साहित्य समाज को जोड़ने, विचारों को अभिव्यक्ति देने और सामाजिक सरोकारों को सामने लाने का सशक्त माध्यम है।

### नवोदित रचनाकारों को मंच देने पर जोर

आयोजकों के अनुसार, काव्योत्सव का उद्देश्य विभिन्न विधाओं में रचनात्मक कार्य कर रहे कवियों और साहित्यकारों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है। ऐसे आयोजनों से नवोदित रचनाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और साहित्यिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में व्यंजन शुक्ला, पत्रकार विपिन शर्मा और प्रमोद द्विवेदी सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी सहयोगियों ने आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में योगदान दिया। कार्यक्रम की निवेदक डॉ. सुमन दुबे की भी आयोजन में विशेष भूमिका रही। उनके प्रयासों और सभी सहयोगियों के सामूहिक योगदान से समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह के अंत में आयोजकों ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, सम्मानित साहित्यकारों, कवियों, साहित्यप्रेमियों और उपस्थित श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी साहित्य, कविता और रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने वाले ऐसे आयोजन जारी रखे जाएंगे।

# भारत स्काउट एवं गाइड उप्र की मंडलीय संगोष्ठी आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में लखनऊ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के स. प्रादेशिक आयुक्त डा. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज, हुसैनाबाद, लखनऊ में मंडलीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जिला संस्था लखनऊ के संरक्षक एवं उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता डा. आर.पी. मिश्र, डायट के प्रवक्ता राम प्रवेश, राजकीय इ.का. के प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह, लखनऊ के मुख्यायुक्त डा. जे.पी. मिश्र, जिला सचिव अनिल शर्मा, सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त गरिमा पाल सहित मंडल के विभिन्न जनपदों के जिला मुख्यायुक्त, जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त, जिला प्रशिक्षण आयुक्त, लीडर ट्रेनर एवं एडल्ट रिसोर्स ने सहभागिता की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डा. प्रदीप कुमार ने जिला संगठन एवं प्रशिक्षण आयुक्तों को अधिकाधिक छात्र/छात्राओं को स्काउटिंग एवं गाइडिंग से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 'जब जागो तभी सवेरा' का संदेश देते हुए लखनऊ मंडल को देश में सर्वोच्च स्थान दिलाने के लिए प्राण-पण से जुटने का आवाहन किया। संगोष्ठी का संचालन प्रदेशिक संगठन आयुक्त एवं लखनऊ मंडल की नोडल अधिकारी रविन्द्र कौर सोखी ने किया तथा आभार प्रदर्शन लखनऊ के संरक्षक डा. आर.पी. मिश्र ने किया।

# काकोरी ट्रेन एक्शन डे पर क्रांतिकारियों के योगदान पर परिचर्चा, प्रतिभागी सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के काकोरी ट्रेन एक्शन डे के अवसर पर रविवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) की ओर से परिचर्चा, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'भारत की स्वतंत्रता में काकोरी के क्रांतिकारियों का योगदान' रहा। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं और विद्यार्थियों को काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े क्रांतिकारियों के त्याग, साहस और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में काकोरी के क्रांतिकारियों के जीवन, संघर्ष और देश की आजादी के लिए उनके बलिदान पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। साथ ही निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सदस्य तरुणेश, प्रवक्ता धीरेंद्र सिंह, संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी प्रभुनाथ सिंह, इंदिरा नगर आवासीय समिति के अध्यक्ष देवी शरण त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी सुशील कुमार बच्चा, इंदिरा नगर जैन सभा के पवन कुमार जैन, आवासीय जनकल्याण समिति इंदिरा नगर के अध्यक्ष सुभाष शर्मा, संरक्षक डॉ. आरपी सिंह, आयुर्वेद संस्थान के सहायक निदेशक संजय कुमार सिंह, पूर्व वित्तीय अधिकारी सुरेश पांडे, उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा अधिकरण के पुस्तकालय अध्यक्ष हिमांशु शेखर पांडे, संतोष कुमार श्रीवास्तव तथा डॉ. वेन. जुलम्पितिये पुण्यसार थेरो, सहायक आचार्य, इस्लाम शामिल रहे। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास और काकोरी के अमर क्रांतिकारियों के योगदान से जोड़ना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों की सहभागिता रही।

# सागौन कटान मामले में किसान पुत्र पर मुकदमे का आरोप, किसान संगठन ने खोला मोर्चा

## 10 दिन का आश्वासन पूरा न होने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया तहसील कूच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**इस अवसर पर पिसावां सिधौली, गोंदलामऊ, सीतापुर आदि क्षेत्रों से सैकड़ों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा संगठन की सदस्यता ली, वही जिलाध्यक्ष डॉ. अजय पाल ने सभी सदस्यों गमछा व टोपी पहना कर संगठन में स्वागत किया।**

**सीतापुर।** मिश्रिख तहसील क्षेत्र के जरिगवां गांव में सागौन के पेड़ों की कटान को लेकर किसान पुत्र पर मुकदमा दर्ज किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों और किसान संगठन ने वन विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार एक किसान ने अपने सागौन के पेड़ लकड़ी ठेकेदारों को बेचे थे। आरोप है कि ठेकेदारों द्वारा कथित रूप से बिना आवश्यक परमिट के पेड़ों का कटान कराया गया। मामला सामने आने के बाद वन विभाग के वन दरोगा द्वारा किसान के पुत्र दधीच सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि दधीच सिंह का पेड़ों की कटान से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंध नहीं था और किसी के इशारे पर रंजिशन उसे मामले में फंसाया गया है। उनका यह भी आरोप है कि मुकदमे के जरिए किसान पुत्र के भविष्य को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने जिलाध्यक्ष डॉ. अजय पाल के नेतृत्व में मिश्रिख एसडीएम को पूर्व में ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। संगठन के मुताबिक एसडीएम ने 10 दिन में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। निर्धारित समय बीतने के बाद भी कार्रवाई न होने पर 10 अगस्त को संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता जरिगवां से मिश्रिख तहसील के लिए रवाना हो गए। आंदोलन की जानकारी मिलते ही एसडीएम मिश्रिख जरिगवां पहुंचे और किसान संगठन कार्यालय में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में ज्ञापन लिया। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय दिया। वहीं जिलाध्यक्ष डॉ. अजय पाल ने कहा कि यदि निर्धारित समय में किसान पुत्र को न्याय नहीं मिला तो संगठन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेगा। उन्होंने आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की चेतावनी दी। अब निगाहें प्रशासन की जांच और आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं

# शिवशक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में निकली भव्य शिव पालकी यात्रा

**बिसवां, सीतापुर।** शिवशक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को पत्थर शिवाला धाम से भव्य शिव पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



भगवान शिव के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव पालकी यात्रा पत्थर शिवाला धाम से प्रारंभ होकर बड़े चौराहा, जहांगीराबाद चौराहा, मंगरहिया बाजार, स्टेशन रोड और सिनेमा रोड होते हुए पुनः पत्थर शिवाला धाम पहुंची। यात्रा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न रूपों पर आधारित आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों को देखने के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया गया। आयोजन के दौरान नगर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा।

# अज्ञात चोरों ने लाखों का सामान चुराया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** सदरपुर थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने बीती रात एक घर के दरवाजों में पड़े तालों को तोड़कर घर में रखा सोने चांदी के जेवरात, बर्तन,नगदी व अन्य सामान सहित लाखों का माल चुरा ले गये। सुबह सोकर उठने पर घर वालों को चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित ने सदरपुर थाने पर जाकर चोरी की लिखित तहरीर दे दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।

सदरपुर थाना अन्तर्गत पिपरा खुर्द (अनंत सिंह) गांव निवासी मैकू लाल पुत्र बाबू राम के घर बीते 9/10 अगस्त की रात अज्ञात चोर मुख्य दरवाजे पर लगे चैनल में पड़े ताले को तोड़कर घर में प्रवेश कर गये। घर के अंदर कमरों के दरवाजों में पड़े ताले भी तोड़ दिये तथा कमरे में रखे लोहे के बड़े बक्से व छोटे बक्सों को खोलकर उसमें रखे सोने चांदी का जेवरात,छः हजार की नगदी व फूल के वजन बर्तन आदि लाखों की चोरी कर ले गये। बताते हैं कि मैकूलाल के तीन पुत्र हैं, तीनों पुत्र बाहर काम करते हैं जिसके कारण घर पर नहीं थे। मैकूलाल घर के बाहर बंधी भैंसों के पास सो रहे थे। घर में पत्नी , पुत्र बधुएं व एक विवाहिता पुत्री ही थीं जो सभी छत पर सो रही थीं। मैकू ने थाने जाकर घर में चोरी होने की अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

# अवैध डेयरियों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई, 32 पशु पकड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** अवैध रूप से संचालित दूध डेयरियों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले पशुओं के खिलाफ नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। सोमवार को जोन-6 के बालागंज, कैंपबेल रोड, ठाकुरगंज और हरदोई रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर नगर निगम की टीम ने 32 पशुओं को पकड़ा। इनमें 16 गाय और 16 भैंस शामिल हैं। सभी पशुओं को ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध कराया गया। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के निर्देश पर नगर निगम के प्रवर्तन दल और कैटिल कैचिंग दस्ते ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। अभियान के दौरान अवैध रूप से संचालित दूध डेयरियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे पशुओं की निगरानी की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

### नालियां चोक होने से बढ़ रहा था जलभराव का खतरा

नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में संचालित कुछ अवैध डेयरियों से निकलने वाला गोबर और अन्य अपशिष्ट नालियों में जमा होने के कारण जलनिकासी प्रभावित हो रही थी। बरसात के मौसम में नालियां चोक होने से जलभराव की स्थिति बनने के साथ ही आसपास गंदगी फैलने की शिकायतें सामने आ रही थीं।

### मच्छरजनित बीमारियों का भी खतरा

डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि नालियों में गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। इससे मच्छरजनित बीमारियों के प्रसार का खतरा भी बना रहता है। जनस्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की ओर से अवैध डेयरियों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से डेयरी संचालित करने, नालियों को बाधित करने अथवा पशुओं को इस तरह रखने से आमजन को परेशानी होती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# हर घर तिरंगा अभियान एकता, सामूहिक शक्ति और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा अभियान' देश की एकता, सामूहिक शक्ति और राष्ट्रभक्ति की भावना का जीवंत प्रतीक बन चुका है। यह अभियान प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र के प्रति गौरव और समर्पण की भावना को मजबूत करने के साथ 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान' का जुड़ना इस राष्ट्रीय उत्सव को और अधिक गौरवपूर्ण एवं विशेष बना रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'वंदे मातरम्' ने देशवासियों में राष्ट्रभक्ति और स्वाधीनता की भावना का संचार किया था। आज भी यह गीत राष्ट्रीय चेतना और गौरव का प्रतीक है। केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों से तिरंगा यात्राओं, तिरंगा रैलियों और सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराए और परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोड़े। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' महज एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता और गौरव की अभिव्यक्ति है।

# छह जिलों में होंगी अग्निवीर भर्ती रैलियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैलियों की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में संबंधित विभागों और जिला प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती स्थलों पर अभ्यर्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अग्निवीर भर्ती की यह तीसरी रैली है, जिसमें बड़ी संख्या में युवा अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करने तथा निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती स्थलों पर आवागमन, ठहरने, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त चिकित्सकीय और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारी प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने व्यवस्थाओं की समय-समय पर समीक्षा कर कमियों को भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले दूर करने के निर्देश भी दिए।

### इन जिलों में होगी भर्ती रैली

बैठक में बताया गया कि मेरठ में 17 अगस्त से 9 सितंबर 2026, बरेली में 14 से 30 सितंबर 2026, लखनऊ में 11 से 28 जनवरी 2027, वाराणसी में 2 से 27 फरवरी 2027, आगरा में 4 से 24 मार्च 2027 तथा अयोध्या में 29 मार्च से 14 अप्रैल 2027 तक अग्निवीर भर्ती रैलियां आयोजित की जाएंगी। बैठक में सचिव सामान्य प्रशासन अभिषेक प्रकाश, पुलिस कमिश्नर लखनऊ तरुण गाबा सहित भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बरेली, लखनऊ, वाराणसी, आगरा, अयोध्या और मेरठ के जिलाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

# दुकान का शटर तोड़कर पान मसाला और गुल्लक में रखे लाखों रुपये चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज।** फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा में रायबरेली रोड स्थित परचून की दुकान का शटर तोड़कर चोर पान मसाला और मिट्टी की गुल्लक में रखे करीब दो से तीन लाख रुपये चोरी कर ले गए। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की और सीसीटीवी फुटेज भी देखी। पीड़ित दुकानदार ने कनकहा चौकी पुलिस पर सूचना देने के बावजूद कार्रवाई में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है। फत्तेखेड़ा निवासी राम प्रताप पुत्र राम किशुन रायबरेली रोड पर परचून की दुकान चलाते हैं। उनके मुताबिक शनिवार रात करीब 10:30 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 3:36 बजे गांव के लोगों ने फोन कर दुकान का शटर खुला होने की जानकारी दी। राम प्रताप तत्काल दुकान पहुंचे तो शटर आधा खुला मिला। उन्होंने 112 पर पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद 112 पुलिस के साथ चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुकान की जांच कर वीडियो बनाया। राम प्रताप के अनुसार दुकान से एक बोरी पान मसाला गायब मिली। इसके अलावा करीब तीन वर्षों से बचत के लिए मिट्टी की बड़ी गुल्लक में जमा किए जा रहे 200 और 500 रुपये के नोट भी चोर गुल्लक तोड़कर ले गए। दुकानदार ने गुल्लक में करीब दो से तीन लाख रुपये होने का दावा किया है। पीड़ित का आरोप है कि उसने रविवार सुबह कनकहा चौकी प्रभारी को घटना की जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की थी। दुकान में चोरी करने वाले संदिग्धों की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने देखी, लेकिन इसके बावजूद अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज पीड़ित ने मोहनलालगंज थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चोरी की घटना की सूचना मिलने और सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद कार्रवाई में देरी के आरोप से कनकहा चौकी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

# संपादकीय



## लोकतंत्र में टकराव जरूरी या संवाद?

लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने और सरकार बनाने का नाम नहीं है। लोकतंत्र की असली ताकत उस व्यवस्था में दिखाई देती है, जहां सत्ता के साथ-साथ विपक्ष की आवाज भी सुनी जाती है। सरकार नीतियां बनाती है, कानून तैयार करती है और देश चलाने की जिम्मेदारी निभाती है, तो विपक्ष उन नीतियों पर सवाल उठाता है, उनकी कमियां सामने लाता है और जनता की समस्याओं को सत्ता के सामने रखने का काम करता है। इसलिए मजबूत लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष उतना ही आवश्यक है जितनी मजबूत सरकार। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि विपक्ष की भूमिका आखिर क्या होनी चाहिए—हर मुद्दे पर सरकार से टकराव या राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर सरकार के साथ संवाद ? दरअसल, लोकतंत्र में विपक्ष का सरकार का विरोध करना उसका संवैधानिक और राजनीतिक दायित्व है, लेकिन विरोध का अर्थ हर प्रस्ताव को नकार देना नहीं हो सकता। इसी तरह सरकार का बहुमत हासिल कर लेना भी यह अधिकार नहीं देता कि वह विपक्ष की हर आपत्ति को राजनीतिक विरोध मानकर खारिज कर दे। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी संतुलन में है। विरोध लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, ताकत है। सरकार के सामने विपक्ष का सवाल उठाना लोकतंत्र की कमजोरी नहीं बल्कि उसकी ताकत है। यदि संसद में सरकार के फैसलों पर कोई सवाल न पूछे जाएं, नीतियों की समीक्षा न हो और जनता की समस्याओं पर बहस न हो, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे केवल चुनावी प्रक्रिया बनकर रह जाएगा। विपक्ष को यह अधिकार होना चाहिए कि वह सरकार से पूछ सके कि किसी योजना पर कितना पैसा खर्च हुआ, उसका लाभ कितने लोगों तक पहुंचा, बेरोजगारी क्यों बढ़ी, महंगाई का असर क्या है, कानून व्यवस्था की स्थिति कैसी है और सरकारी नीतियों का आम आदमी पर क्या प्रभाव पड़ा। इन सवालों को राजनीतिक विरोध नहीं माना जाना चाहिए। एक जागरूक विपक्ष सरकार को लगातार यह याद दिलाता है कि सत्ता जनता ने दी है और सत्ता का अंतिम जवाबदेह भी जनता के प्रति ही होना चाहिए। लेकिन क्या हर बात पर हंगामा उचित है ? यहां विपक्ष के सामने भी आत्ममंथन का सवाल है। संसद में विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन संसद को ठप कर देना लोकतांत्रिक राजनीति का आदर्श नहीं हो सकता। सदन में बहस होनी चाहिए, तर्क होना चाहिए, सरकार को घेरा जाना चाहिए और जरूरत पड़ने पर मतदान के जरिए विरोध दर्ज कराया जाना चाहिए। लेकिन यदि हर महत्वपूर्ण विधेयक या राष्ट्रीय मुद्दे पर चर्चा के बजाय नारेबाजी और हंगामा ही राजनीति का मुख्य तरीका बन जाए तो नुकसान केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक संस्थान का होता है। जनता अपने प्रतिनिधियों को संसद में इसलिए भेजती है कि वे उसकी आवाज उठाएं। यदि सदन में लगातार काम ही नहीं होगा तो जनता के मुद्दों पर गंभीर चर्चा कैसे होगी ? इसलिए विपक्ष को विरोध की रणनीति और विरोध की सीमा—दोनों पर विचार करना होगा। सरकार की भी जिम्मेदारी कम नहीं विपक्ष से जिम्मेदारी की उम्मीद करना आसान है, लेकिन सरकार को भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी होगी। बहुमत मिलने का अर्थ यह नहीं कि सरकार विपक्ष को अप्रासंगिक समझने लगे। लोकतंत्र में बहुमत सरकार बनाने का अधिकार देता है, लेकिन असहमति को समाप्त करने का अधिकार नहीं। सरकार को विपक्ष की आपत्तियों को सुनना चाहिए। यदि कोई सुझाव उपयोगी है तो उसे स्वीकार करने में राजनीतिक नुकसान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक परिपक्वता दिखाई देती है। किसी कानून या नीति पर विपक्ष का विरोध हो तो सरकार को यह समझाने की कोशिश करनी चाहिए कि वह फैसला क्यों जरूरी है। जरूरत पड़े तो व्यापक चर्चा और सर्वदलीय संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए। आखिर सरकार और विपक्ष दोनों का अंतिम उद्देश्य देश और जनता का हित ही होना चाहिए। टकराव कब जरूरी हो जाता है ? इसका मतलब यह भी नहीं कि विपक्ष हमेशा समझौते और संवाद की भाषा में ही रहे। कुछ परिस्थितियों में तीखा राजनीतिक संघर्ष लोकतंत्र के लिए जरूरी हो सकता है। यदि सरकार किसी ऐसी नीति को लागू करती है जिससे व्यापक जनहित प्रभावित हो रहा हो, नागरिक अधिकारों पर गंभीर सवाल उठ रहे हों या किसी संस्था की स्वतंत्रता पर खतरा दिखाई दे रहा हो, तो विपक्ष का कड़ा विरोध स्वाभाविक है। लोकतंत्र में असहमति को दबाना खतरनाक है। इतिहास गवाह है कि कई महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक सुधारों के पीछे लंबे संघर्ष और विरोध की भूमिका रही है। इसलिए विपक्ष का काम केवल सरकार की प्रशंसा करना या हर प्रस्ताव पर सहमति जताना नहीं है। जहां जनता के हितों का सवाल हो, वहां विपक्ष को मजबूती से खड़ा होना ही चाहिए। लेकिन मजबूत विरोध और अंधा विरोध—इन दोनों में अंतर है। संवाद का रास्ता क्यों जरूरी है ? देश के सामने ऐसे अनेक मुद्दे होते हैं जिनका समाधान केवल सत्ता पक्ष या विपक्ष अकेले नहीं कर सकता। राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक संकट, प्राकृतिक आपदा, बड़े सामाजिक सुधार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और संघीय ढांचे जैसे विषयों पर व्यापक राजनीतिक सहमति लोकतंत्र को मजबूत करती है। विरोध के बावजूद संवाद का दरवाजा खुला रहना चाहिए। राजनीति में आज प्रतिद्वंद्वी कल सहयोगी हो सकता है और आज का सत्ता पक्ष कल विपक्ष में बैठ सकता है। इसलिए राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में स्थायी दुश्मनी नहीं होती, केवल राजनीतिक मतभेद होते हैं। व्यक्तिगत कटुता और राजनीतिक असहमति को अलग रखना जरूरी है। आज विपक्ष और सरकार के बीच संघर्ष केवल संसद या विधानसभा तक सीमित नहीं है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक संवाद को पूरी तरह बदल दिया है। कुछ सेकंड में कोई बयान लाखों लोगों तक पहुंच जाता है। राजनीतिक दल अपने समर्थकों के माध्यम से अपनी बात सीधे जनता तक पहुंचाते हैं। यह लोकतंत्र के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। समस्या तब पैदा होती है जब राजनीतिक बहस तथ्यों की जगह आरोपों, व्यक्तिगत हमलों और भ्रामक सूचनाओं पर आधारित हो जाती है। विपक्ष का दायित्व है कि वह सरकार की आलोचना तथ्यों के आधार पर करे। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आलोचना का जवाब तथ्यों और तर्क के आधार पर दे। यदि दोनों पक्ष केवल अपने समर्थकों को खुश करने के लिए बयानबाजी करेंगे तो लोकतांत्रिक संवाद कमजोर होगा। जनता को चाहिए परिणाम, केवल राजनीति नहीं आम मतदाता के लिए सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह नहीं है कि संसद में किसने किसे हराया। जनता जानना चाहती है कि उसके जीवन में क्या बदला। युवा रोजगार चाहता है। किसान अपनी फसल का उचित मूल्य चाहता है। मध्यम वर्ग महंगाई से राहत चाहता है। गरीब बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा चाहता है। व्यापारी सरल नियम चाहता है। महिलाएं सुरक्षित वातावरण चाहती हैं।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेषः** आज का दिन उत्साह और नई ऊर्जा से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी या परिचित का सहयोग मिलने से रुके काम पूरे होंगे। वरिष्ठों की सलाह उपयोगी साबित होगी।

**वृषभः** आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने का दिन है। लंबे समय से टाले जा रहे किसी मामले में फैसला ले सकते हैं। धार्मिक-सामाजिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी और जरूरतमंदों की मदद का अवसर मिलेगा।

**मिथुनः** दिन सकारात्मक रहेगा। अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान दें और समय-ऊर्जा व्यर्थ करने वाली गतिविधियों से बचें। वरिष्ठ परिजनों की सलाह महत्वपूर्ण मामलों में सही दिशा दिखाएगी।

**कर्कः** आज पुराने काम को नए तरीके से पूरा करने का विचार मिल सकता है। मित्रों के साथ घूमने या मिलने-जुलने की योजना बनेगी। कारोबार और पारिवारिक जीवन में संतुलन बना रहेगा।

**सिंहः** कारोबार में जल्दबाजी के बजाय धैर्य से काम लेना लाभकारी रहेगा। परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार होगा। दूसरों के निजी मामलों में हस्तक्षेप से बचें।

**कन्याः** कामकाज के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में उत्पाद और सेवाओं के विस्तार पर ध्यान दें।

**तुलाः** आज कार्यक्षेत्र से जुड़े काम के कारण अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा उपयोगी रहेगी और नए लोगों से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिकः** दिन उत्साह और उपलब्धियों से भरा रहेगा। मनोरंजन और पसंदीदा गतिविधियों के लिए समय मिलेगा। आपके अच्छे कार्य की प्रशंसा होगी और सम्मान बढ़ेगा। संतान की ओर से सुखद अनुभव मिल सकता है।

**धनुः** आज राहत और सकारात्मक बदलाव का दिन है। परिवार में चल रहा विवाद समाप्त हो सकता है, जिससे घर का माहौल शांत होगा। व्यक्तिगत कार्यों पर बेहतर ध्यान दे पाएंगे।

**मकरः** दिन प्रसन्नता से भरा रहेगा। परिवार की भावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। घर पर परिजनों के साथ मनोरंजन का समय मिलेगा। लंबे समय से अटका धन वापस मिलने की संभावना है।

**कुंभः** दिन सामान्य से बेहतर रहेगा। परिवार और निजी जीवन के लिए समय निकालने से रिश्तों में मधुरता आएगी। कार्यक्षेत्र में काम करने के तरीके में बदलाव और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**मीनः** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। कारोबार को आगे बढ़ाने के नए विचार मिलेंगे। सामूहिक प्रयासों में सफलता मिलने की संभावना है।

# मिशन-2027 के लिए भाजपा ने कसी कमर



उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की आहट अब धीरे-धीरे तेज होती जा रही है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी तैयारियों को गति देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने की कवायद शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया दिल्ली दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात के बाद प्रदेश की सियासत में चुनावी चर्चाओं का दौर और तेज हो गया है। भले ही इन मुलाकातों को आधिकारिक तौर पर संगठन, सुशासन और प्रदेश के विकास से जोड़कर देखा जा रहा हो, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे वर्ष 2027 की चुनावी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा ने प्रदेश में संगठनात्मक स्तर पर भी बड़े बदलाव किए हैं। छह संगठनात्मक क्षेत्रों और विभिन्न मोर्चों के प्रभारियों की नई जिम्मेदारियां तय की गई हैं। नई टीम में बड़ी संख्या में नए चेहरों को जगह दिए जाने से पार्टी के भीतर यह संदेश गया है कि भाजपा अब चुनावी मोड में प्रवेश कर चुकी है। संगठन में करीब 60 प्रतिशत नए चेहरों को जिम्मेदारी दिए जाने को पार्टी की आगामी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। भाजपा की नई संगठनात्मक व्यवस्था में प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल को अवध क्षेत्र, अभिजात मिश्रा को गोरखपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह को काशी तथा गीता शाक्य को बृज क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। राम प्रताप चौहान को पश्चिम क्षेत्र तथा शंकर लोधी को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने प्रदेश महामंत्रियों की संख्या भी सात से बढ़ाकर आठ कर दी है। विभिन्न मोर्चों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राजेश चौधरी को युवा मोर्चा, संजय राय को ओबीसी मोर्चा, धर्मेंद्र सिंह को अनुसूचित मोर्चा, कामेश्वर सिंह को महिला मोर्चा, प्रियंका रावत को अनुसूचित जनजाति मोर्चा, देवेश कोरी को अल्पसंख्यक मोर्चा और शंकर गिरि को किसान मोर्चे की जिम्मेदारी दी गई है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, संगठन में क्षेत्रवार और सामाजिक समीकरणों के आधार पर जिम्मेदारियां तय करना भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। पार्टी की कोशिश हर क्षेत्र और प्रत्येक प्रमुख सामाजिक वर्ग तक अपनी पहुंच को मजबूत करने की है। खासकर युवा, महिला, किसान, पिछड़ा, दलित और आदिवासी मतदाताओं के बीच संगठन को सक्रिय करने पर जोर दिखाई दे रहा है। भाजपा की चुनावी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बूथ प्रबंधन माना जाता है। पार्टी लंबे समय से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम करती रही है। अब 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय समितियों और विभिन्न मोर्चों के माध्यम से पार्टी के कार्यक्रमों को गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। नौ अगस्त से शुरू हुई तिरंगा यात्रा को भी पार्टी के व्यापक जनसंपर्क अभियान से जोड़कर देखा जा रहा है। लखनऊ में आयोजित तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी ने भाजपा की चुनावी सक्रियता को और स्पष्ट किया है। आने वाले समय में ऐसे अभियानों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। भाजपा के संगठनात्मक फेरबदल के बाद अब सबसे बड़ा सवाल विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों को लेकर है। पार्टी के भीतर संभावित उम्मीदवारों को लेकर शुरुआती स्तर पर मंथन शुरू होने की चर्चाएं हैं। खासतौर पर मौजूदा विधायकों के प्रदर्शन और क्षेत्र में उनकी स्वीकार्यता को लेकर रिपोर्ट तैयार किए जाने की बात सामने आ रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, विधायकों के कामकाज, क्षेत्र में सक्रियता, संगठन के साथ तालमेल, जनता के बीच उनकी छवि और स्थानीय स्तर पर उनकी स्वीकार्यता जैसे विभिन्न पहलुओं को टिकट के निर्णय में महत्व दिया जा सकता है। इसका सीधा मतलब यह है कि मौजूदा विधायक होना अपने आप में आगामी चुनाव का टिकट मिलने की गारंटी नहीं माना जाएगा। जिन विधायकों के खिलाफ स्थानीय स्तर पर नाराजगी होगी अथवा जिनका प्रदर्शन अपेक्षित स्तर का नहीं माना जाएगा, उनके स्थान पर नए चेहरों को अवसर दिए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भाजपा इस बार युवा चेहरों पर भी दांव लगाने की तैयारी में बताई जा रही है। महिलाओं को भी अधिक संख्या में राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की रणनीति पर पार्टी विचार कर सकती है। यदि भाजपा अपने मौजूदा विधायकों के प्रदर्शन के आधार पर टिकट वितरण करती है तो कई सीटों पर बदलाव देखने को मिल सकता है। पार्टी की कोशिश ऐसे चेहरों को मैदान में उतारने की हो सकती है जिनकी क्षेत्र में मजबूत पकड़ हो और जिनके खिलाफ स्थानीय स्तर पर असंतोष कम हो। हालांकि टिकट वितरण को लेकर अंतिम निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व ही करेगा, लेकिन अभी से संभावित उम्मीदवारों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। विधानसभा क्षेत्रों में नेताओं की सक्रियता और जनसंपर्क कार्यक्रमों में तेजी भी इसी ओर संकेत कर रही है। भाजपा के भीतर एक और चर्चा विधानसभा चुनाव से जुड़ी हुई है। पार्टी के कुछ लोकसभा सांसदों के विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताने की बात सामने आ रही है। वहीं कुछ सांसद अपने परिजनों के लिए विधानसभा टिकट की पैरवी कर सकते हैं। ऐसे में भाजपा के सामने एक ओर मजबूत उम्मीदवारों का चयन करने की चुनौती होगी तो दूसरी ओर परिवारवाद के खिलाफ पार्टी की घोषित राजनीतिक नीति को भी बनाए रखना होगा। टिकट वितरण के दौरान पार्टी को इन दोनों पहलुओं के बीच संतुलन साधना होगा। भाजपा के लिए केवल अपने उम्मीदवार तय करना ही चुनौती नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ सीटों का तालमेल भी महत्वपूर्ण मुद्दा होगा। सहयोगी दल अपनी-अपनी राजनीतिक ताकत के आधार पर अधिक सीटों की मांग कर सकते हैं। विशेष रूप से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत महत्वपूर्ण हो सकती है। राजभर की पार्टी पहले भी अधिक सीटों पर अपनी दावेदारी के संकेत देती रही है। एनडीए के अन्य सहयोगी दल भी अपनी राजनीतिक स्थिति के अनुरूप अधिक सीटों की मांग कर सकते हैं। ऐसे में भाजपा के सामने चुनौती यह होगी कि सहयोगी दलों को पर्याप्त राजनीतिक स्थान देते हुए अपनी संगठनात्मक और चुनावी ताकत को भी बरकरार रखा जाए। भाजपा नेतृत्व पहले ही संकेत दे चुका है कि 2027 का विधानसभा चुनाव एनडीए के सहयोगी दलों के साथ मिलकर लड़ा जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व को लेकर तस्वीर फिलहाल स्पष्ट दिखाई दे रही है। पार्टी नेतृत्व की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही चुनावी चेहरे के रूप में आगे रखने के संकेत मिल चुके हैं। ऐसे में 2027 का चुनाव भाजपा के लिए केवल सत्ता में वापसी का प्रयास नहीं होगा, बल्कि योगी सरकार के कामकाज और उसकी नीतियों पर जनता की मुहर लेने की कोशिश भी माना जाएगा। योगी सरकार के लिए भी यह चुनाव महत्वपूर्ण होगा। लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी का लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार को विकास, कानून-व्यवस्था, रोजगार, निवेश और कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ सामाजिक समीकरणों को भी साधना होगा। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक यानी पीडीए के राजनीतिक समीकरण को आधार बनाकर भाजपा को चुनौती देने की तैयारी में है। सपा की इस रणनीति के मुकाबले भाजपा भी अपने सामाजिक आधार का विस्तार करने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में भाजपा के ओबीसी, अनुसूचित जाति, महिला, युवा, किसान और अन्य मोर्चों को सक्रिय किया जा रहा है। पार्टी की कोशिश है कि संगठन के जरिए विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत किया जाए। आने वाले दिनों में रोजगार, महंगाई, कानून-व्यवस्था, किसानों से जुड़े मुद्दे, सामाजिक समीकरण और विकास कार्य जैसे विषय चुनावी विमर्श के केंद्र में आ सकते हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच इन मुद्दों को लेकर राजनीतिक टकराव बढ़ने की संभावना भी है। भाजपा की चुनावी रणनीति केवल प्रदेश संगठन तक सीमित रहने वाली नहीं है। पार्टी के केंद्रीय नेताओं और मंत्रियों के प्रदेश में दौरे बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। शारदीय नवरात्रि के बाद केंद्रीय मंत्रियों के उत्तर प्रदेश दौरे बढ़ाने की रणनीति पर भी चर्चा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रदेश में कार्यक्रमों की संख्या बढ़ने की संभावना भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यदि ऐसा होता है तो चुनावी अभियान में केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को एक साथ जनता के सामने रखने की कोशिश की जाएगी।

# पंजाब में चुनावी बढ़त के लिए रणनीतियां




अगर आज पंजाब में चुनाव हों, तो कौन सी पार्टी जीतेगी? इस सवाल का जवाब कई अलग-अलग मुद्दों से जुड़ा है, जैसे कि जेन-ज़ी छात्रों का विरोध प्रदर्शन जो अब जंतर-मंतर से झारखंड तक पहुंच चुका है; पिछले महीने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के आंदोलन में शामिल महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ़ तीव्र प्रतिक्रिया, जिसमें रेप करने और जान से मारने की धमकियां भी शामिल हैं; संसद में केंद्र का यह जवाब कि सुरक्षा कारणों से डेरा बाबा नानक को पाकिस्तान के नारोवाल ज़िले में गुरु नानक के आखिरी प्रवास स्थल से जोड़ने वाला करतारपुर साहिब गलियारा नहीं खोला जाएगा; और बीते शुक्रवार दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी और अकाली दल प्रमुख सुखबीर बादल के बीच बैठक। मानो इतना ही काफी न हो, पिछले हफ़्ते के आखिर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की चौंकाने वाली टिप्पणियां भी सामने आई- उन्होंने माना कि जेन-ज़ी की शिकायतें 'वास्तविक' हैं, और यह भी कि लड़ाई के वक्त को छोड़कर, भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध टूटने नहीं चाहिए। सबसे पहले, मोदी-बादल बैठक से संकेत मिलता है कि अकाली दल और भाजपा के बीच गठबंधन की संभावना फिर से बन रही है। दोनों पार्टियों ने अपनी-अपनी स्वतंत्र पहुंच दिखाने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन काम बना नहीं। मार्च में ही पंजाब के मोगा में एक रैली में, ताकतवर गृह मंत्री अमित शाह ने केसरिया पगड़ी पहनकर पार्टी के लोगों से कहा था कि वे अकाली दल के 'छोटे भाई' की भूमिका निभाना बंद करें। मोगा रैली शाह और सुखबीर बादल के बीच बातचीत के दो साल बाद हुई थी; जब 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर बातचीत टूट गई थी- भाजपा बराबर की हिस्सेदारी चाहती थी और बादल इसके लिए तैयार नहीं थे। स्पष्टतः ध्यान केंद्रित करने के लिए चुनाव जैसा और कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री जानते हैं कि पंजाब में उनकी ओर से किये कई प्रयास- डेरा सचखंड बल्लां (जहां ज़्यादातर दलित सिख जाते हैं) का दौरा; पिछले माह शानदार रूपांतरण के बाद जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन का उद्घाटन; अनुभवी और सुलझे हुए सुनील जाखड़ की जगह जट सिख केवल ढिल्लों को राज्य पार्टी अध्यक्ष बनाना; तेजा सिंह समुन्द्री के पोते और सम्मानित पूर्व राजनयिक तरनजीत संधू को दिल्ली का उप-राज्यपाल बनाना, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को केसरिया पगड़ी पहनाकर पड़ोसी राज्य पंजाब में राजनीतिक दौरे करवाना-ये सब किसी गिनती में नहीं आएंगे यदि वे 2020 की उस अप्रिय घटना को आज भी याद रखते हैं, जब केंद्र सरकार द्वारा पारित तीन कृषि कानूनों के विरोध में शिरोमणि अकाली दल ने राजग छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री को याद होगा कि केंद्र द्वारा झुकने और उन कानूनों को वापस लेने से पहले, किसानों ने- जिसमें सबसे अधिक भूमिका पंजाब के किसानों की थी - दिल्ली को एक साल तक घेरे रखा था। प्रधानमंत्री समझते हैं कि 'जेन-ज़ी' के उस विरोध-प्रदर्शन, जिसने युवाओं में सुलगती निराशा को एक नई ऊर्जा और तेवर दिया है, के मद्देनज़र पूरे देश में अपनी छवि और प्रचार का ढंग बदलना होगा -और इसके लिए उनकी पार्टी को हाल के दिनों की कुछ कड़वी यादों का घूंट पीना पड़ेगा। उन्हें अहसास है कि उनकी पार्टी के लिए यह वरदान है कि राहुल गांधी, 'जेन-ज़ी' का साथ देने की कोशिश में, पंजाब प्रदेश कांग्रेस में लंबे समय से चल रही कलह को सुलझाने के बजाय कुत्तों के वीडियो बना रहे हैं-कांग्रेस नेता की इस बेरुखी का मतलब केवल उनके अंदर पैठ कर चुकी ज़िद से निकाला जा सकता है, जिसके कारण वे राज्य में पार्टी की कमान किसे सौंपी जाए, इस गतिरोध को तोड़ने को तैयार नहीं। (माना जाता है कि राजा वड़िंग का नाम तय करते समय राहुल ने करण जौहर के अंदाज़ में कहा, 'कह दिया, सो कह दिया', जबकि पंजाब का दूसरा धड़ा चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थन में पुरजोर विरोध कर रहा है)। कांग्रेस हर दिन बिखरती जा रही है, इसीलिए शायद प्रधानमंत्री को लगता है कि अब 'आप' विरोधी गठबंधन बनाने का समय आ गया है। क्या बीजेपी उन कई अकाली दलों के लिए एक अनौपचारिक धुरी बन सकती है, जो सुखबीर बादल के भारी दबदबे के कारण मूल पार्टी से टूटकर अलग हो गए ? परिस्थिति के हिसाब से, क्या इसमें 'वारिस पंजाब दे' भी शामिल हो सकता है? इसके मुख्य नेता अमृतपाल सिंह देश-विरोधी गतिविधियों के आरोप में जेल में हैं, लेकिन अंदाजा लगाएं कि पार्टी में कौन सा नाम उभरकर सामने आया है-मनप्रीत अयाली-अब आप उनके बारे में जो चाहे सोचें। वे अकाली दल के एक प्रभावशाली पूर्व नेता हैं जिन्होंने शिरोमणि अकाली दल छोड़कर 'वारिस पंजाब दे' का दामन थाम लिया है; वे अमृतपाल के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए खुद पर कट्टरपंथी या चरमपंथी होने के ठप्पे को सख्ती से नकारते हैं और गर्व से दावा करते हैं कि लुधियाना के आसपास उनके प्रॉपर्टी के धंधे में दूसरे समुदाय के कई लोग काम करते हैं। बीजेपी और 'वारिस पंजाब दे'के बीच चल रही अफ़वाहों को छोड़िए-प्रधानमंत्री जानते हैं कि यह ज़ोरदार और गहरी चोट करने का समय है। वह जानते हैं कि अगर आज पंजाब की 117 सीटों पर चुनाव हों, तो बीजेपी को उम्मीदवार बनाने लायक लोग भी नहीं मिलेंगे-इसके अलावा, पिछले हफ़्ते पार्टी के भीतर ही बगावत हो गई है। दो सवाल अभी भी बाकी हैं। सबसे पहले, करतारपुर साहिब गलियारे के बारे में क्या किया जाए जिसे खुलवाने की ख्वाहिश हर पंजाबी की है- खासकर इसलिए भी कि केंद्र सरकार ने पिछले हफ़्ते ही कई सालों बाद भारत-चीन सीमा पर नाथू ला और शिपकी ला के ज़रिए दोनों देशों के बीच व्यापार फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। यहां तक कि अकाल तख्त के जत्थेदार भी करतारपुर साहिब गलियारा खोलने की सिफारिश कर रहे हैं। इसके अलावा, खुद मोहन भागवत ने भी कहा है कि पाकिस्तान दुश्मन नहीं है। तो क्या पंजाब बीजेपी की तरफ़ झुक सकता है, अगर भारत और पाकिस्तान करतारपुर साहिब गलियारे पर कोई ऐसा समझौता कर लें, जिससे दोनों की इज़्ज़त भी बची रहे और काम भी हो जाए? और दूसरा सवाल, क्या पीएम मोदी सच में उन युवा भारतीयों की निराशा को समझते हैं जिसके गवाह जंतर-मंतर और झारखंड बने हैं? साफ़ है कि मोदी की पांच इंस्टाग्राम सेल्फ़ी वीडियो और मोहन भागवत के साथ इंटरव्यू, युवाओं से जुड़ने की सरकार की कोशिश का हिस्सा हैं-पिछले कुछ दिनों में यह देखना बहुत दुखद रहा है कि प्रदर्शनों में शामिल युवा महिलाएं विस्तार से बता रही हैं कि उन्हें रेप करने और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं; यह उसके बाद से हुआ जब प्रधानमंत्री ने जेन-ज़ी प्रदर्शन के दौरान उन्हें और उनकी मां को अपशब्द कहने वाली एक युवा लड़की को फटकार लगाई थी। भले ही जंतर-मंतर के छात्र आंदोलन के समर्थन में पंजाब में कोई विरोध प्रदर्शन न हुआ हो -आप दलील दे सकते हैं कि युवा पंजाबी कनाडा में विरोध कर रहे हैं जहां वे अब भी जा रहे हैं, भले ही यह संख्या कम हो गई -लेकिन सच तो यह कि सोशल मीडिया ने दुनिया भर के लोगों को एक साथ ला दिया और हर राजनीतिक दल को अब इस नए 'एक्स फ़ैक्टर' को समझना होगा व अपने राजनीतिक अभियानों में, खासकर शहरी इलाकों में, इसे ध्यान में रखना होगा।

# स्वाद के साथ सेहत का भी रखें ध्यान



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर भूख लगने पर आसानी से मिल जाने वाली चीजें खा लेते हैं, जैसे चाय के साथ समोसा, कचौड़ी, चिप्स, नमकीन, मिठाई या पेस्ट्री। इन चीजों का स्वाद अच्छा होता है और थोड़ी देर के लिए पेट भी भर जाता है लेकिन अगर ऐसी चीजें रोज खाने की आदत बन जाए तो वजन बढ़ने और दूसरी स्वास्थ्य परेशानियों का खतरा बढ़ जाता है। वहीं इसके बदले अगर फल, भुने चने, ड्राई फ्रूट्स और सलाद जैसी चीजें खाई जाएं, तो यह शरीर को ज्यादा जरूरी पोषक तत्व दे सकते हैं। दरअसल, उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया। इसमें लोगों से रोज के नाश्ते में थोड़ा बेहतर चुनाव करने की अपील की गई है। एनएचएम के मुताबिक, समोसा, चिप्स और नमकीन जैसी चीजें तेल और नमक की मात्रा बढ़ा सकती हैं। इन्हें तलने के दौरान इनमें काफी तेल चला जाता है। इसलिए थोड़ी मात्रा खाने पर भी शरीर को ज्यादा कैलोरी मिल सकती है, जिससे धीरे-धीरे वजन बढ़ता है। वहीं, ज्यादा नमक खाने से शरीर में सोडियम की मात्रा बढ़ती है, जिसका असर ब्लड प्रेशर पर पड़ सकता है। लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर रहने से दिल और किडनी पर भी दबाव बढ़ता है। इसलिए रोज-रोज चिप्स और नमकीन खाने के बजाय इन्हें कभी-कभार और कम मात्रा में खाना बेहतर माना जाता है। मिठाई और पेस्ट्री में चीनी के साथ-साथ तेल या मक्खन जैसी चीजों की मात्रा भी ज्यादा होती है। ज्यादा चीनी खाने से शरीर को जरूरत से ज्यादा कैलोरी मिलती है और वजन बढ़ने का खतरा बढ़ सकता है। डब्ल्यूएचओ भी ज्यादा चीनी वाले खाने को सीमित करने की सलाह देता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि मिठाई बिल्कुल नहीं खानी चाहिए, बल्कि इसे रोज का नाश्ता बनाने से बचना चाहिए। इसके मुकाबले ताजे फल काफी अच्छा विकल्प हैं। सेब, अमरूद, संतरा, पपीता, केला जैसे फलों में फाइबर, विटामिन और कई जरूरी तत्व मिलते हैं। फाइबर पेट को कुछ समय तक भरा हुआ रखने में मदद करता है। फल और सब्जियां नियमित रूप से खाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। भुने चने भी हेल्दी स्नैक होते हैं। चने में प्रोटीन और फाइबर अच्छी मात्रा में होता है। प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों के लिए जरूरी है, जबकि फाइबर पेट को देर तक भरा रखने में मदद करता है। इसी वजह से भूख लगने पर भुने चने खाने से बार-बार कुछ खाने की इच्छा कम होती है। ड्राई फ्रूट्स, खासकर बादाम, अखरोट और काजू, भी पोषण से भरपूर होते हैं। इनमें वसा, प्रोटीन और फाइबर मिलता है। अखरोट और बादाम को दिल की अच्छी सेहत से जोड़ा जाता है लेकिन इन्हें थोड़ी मात्रा में ही खाना चाहिए, क्योंकि इनमें कैलोरी ज्यादा होती है। वहीं फ्रेश सलाद की बात करें, तो इसमें खीरा, टमाटर, गाजर और दूसरी कच्ची सब्जियां शामिल की जा सकती हैं। इनमें पानी, फाइबर, विटामिन और कई जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। सलाद पेट भरने में मदद करता है और आम तौर पर इसमें कैलोरी कम होती है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दूसरे सोमवार दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे एसपी, सुरक्षा व्यवस्था परखी



**रूद्रपुर, देवरिया।** सावन माह के दूसरे सोमवार को पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर रुद्रपुर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बाबा दुग्धेश्वर नाथ मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी ने मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़, प्रवेश और निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात प्रबंधन तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं के साथ शालीन एवं विनम्र व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखने, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान देने तथा भीड़ को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने पर विशेष जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान रुद्रपुर प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### सर्पदंश से महिला की मौत, इलाज में लापरवाही का परिजनों ने लगाया आरोप

**सहजनवा।** थाना क्षेत्र के उसरी गांव में सोमवार सुबह घर की सफाई करते समय सर्पदंश की शिकार हुई महिला की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने अस्पताल में समय से उपचार नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए चिकित्सकीय लापरवाही की बात कही है। हालांकि, इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जानकारी के अनुसार उसरी गांव निवासी बेचना देवी (पत्नी ओम प्रकाश) सोमवार सुबह अपने घर की सफाई कर रही थीं। इसी दौरान घर में छिपे जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद महिला को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल सका। इसी दौरान उनकी हालत और गंभीर हो गई और अस्पताल में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतका का पति ओम प्रकाश बाहर रहकर मजदूरी करता है। महिला के चार बच्चे हैं। परिजनों के मुताबिक, परिवार की जिम्मेदारी महिला पर भी थी। अचानक हुई मौत से बच्चों और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने महिला का अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं, इलाज में कथित लापरवाही के आरोपों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच या कार्रवाई के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

# जिलाधिकारी ने श्यामपट्ट पर पढ़ाया पाठ, शिक्षकों को लगाई फटकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के विकासखंड तरकुलवा के प्राथमिक विद्यालय खुटहां पटखौली और तरकुलवा का सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने औचक निरीक्षण किया। बच्चों के बीच पहुंचे डीएम ने निरीक्षक की भूमिका के साथ शिक्षक की जिम्मेदारी भी निभाई। चॉक लेकर श्यामपट्ट पर पाठ पढ़ाया और बच्चों से सवाल पूछकर उनके सीखने व समझने के स्तर को परखा। बच्चों से संवाद के दौरान डीएम ने पढ़ाई, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। बच्चों ने पूछे गए अधिकांश सवालों के संतोषजनक जवाब दिए। हालांकि निरीक्षण में निपुण एवं संदर्शिका का अंकन उपलब्ध नहीं मिला और शिक्षण कार्य भी अपेक्षित स्तर पर संचालित होता नहीं पाया गया। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए शिक्षकों को कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निपुण एवं संदर्शिका में निर्धारित बिंदुओं के अनुरूप नियमित शिक्षण कराया जाए और उपलब्ध शिक्षण सामग्री का प्रभावी उपयोग किया जाए। शिक्षकों को समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की हिदायत दी गई। डीएम ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पठन-पाठन की गुणवत्ता और बच्चों के लिए जरूरी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी तरकुलवा को विद्यालयों का नियमित और प्रभावी अनुश्रवण करने तथा लापरवाही मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण में निपुण व संदर्शिका का अंकन नहीं मिला, शिक्षण व्यवस्था सुधारने के निर्देश**

## डीएम-एसपी ने पंचमुखी धाम इटहिया का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज।** पावन श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को शिव भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने रविवार को ठूठीबारी क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी धाम इटहिया का औचक निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था एवं जलाभिषेक की सुगम व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं से विनम्रता से पेश आने और भीड़ को नियंत्रित रखने के निर्देश दिए

**सीसीटीवी-ड्रोन से निगरानी** डीएम और एसपी ने मंदिर परिसर में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कैमरों के माध्यम से निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही कांवड़ मार्ग एवं संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी कराने के निर्देश दिए, ताकि भीड़ और यातायात पर नजर रखी जा सके और किसी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके। **पुलिस बल तैनात** श्रावण मास के चलते मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से दर्शन-पूजन कराने में जुटी है। इस अवसर पर अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए निर्धारित मार्ग से ही आवागमन करें।

## पिपरौली में कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ



**सहजनवा/पिपरौली, गोरखपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सोमवार को सरस्वती देवी इंटर कॉलेज, पिपरौली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉ. शिवानंद मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों के स्वास्थ्य और शारीरिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। निर्धारित समय पर कृमिनाशक दवा का सेवन और स्वच्छता अपनाकर इससे बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों से स्वास्थ्य कर्मियों के निर्देशानुसार दवा लेने तथा हाथ धोने, साफ पानी का उपयोग करने और नाखूनों की सफाई रखने की अपील की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दवा वितरण और अभियान की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में बीसीपीएम, एचएस सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

# पार्कों से स्कूलों तक पुलिस की निगरानी, बुजुर्गों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में सोमवार को जिलेभर में 'गुड मॉर्निंग देवरिया' और एंटी रोमियो चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने सुबह के समय पार्कों, स्टेडियमों, प्रमुख मार्गों, विद्यालयों, मंदिरों और शिवालयों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में मॉर्निंग वॉक पर निकले महिला-पुरुषों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाने के साथ ही प्रमुख पार्कों और मार्गों पर पुलिस की तैनाती का निरीक्षण किया गया।

अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग नागरिकों से भी आत्मीय संवाद किया। उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए हरसंभव सहायता और सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। पुलिस की इस पहल से बुजुर्गों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। वहीं, विभिन्न थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। सार्वजनिक एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने सतर्कता बढ़ाते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। नियमों का उल्लंघन करने वालों को आवश्यक हिदायत दी गई और नियमानुसार कार्रवाई की गई।

**बालिकाओं को बताए हेल्पलाइन नंबर**

महिला और बालिका सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो टीमों ने विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों के आसपास बालिकाओं से संवाद किया। उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या या असुरक्षा की स्थिति में तत्काल पुलिस की मदद लेने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान 1090 वूमेन पावर लाइन और 112 आपातकालीन सेवा समेत महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार 'गुड मॉर्निंग देवरिया' अभियान का उद्देश्य केवल चेकिंग तक सीमित नहीं है। इसके जरिए पुलिस और आमजन के बीच संवाद बढ़ाने, नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने तथा महिलाओं, बालिकाओं और बुजुर्गों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनसंवाद, जनजागरूकता, एंटी रोमियो चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### नाबालिग बालिका से अश्लील बातें करने के आरोप में मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश तेज

**ज्ञानपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका के साथ अश्लील एवं आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने और आए दिन छेड़छाड़ किए जाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बालिका की परिजन द्वारा 9 अगस्त को थाना ज्ञानपुर में लिखित तहरीर देकर गांव के ही कुछ युवकों के खिलाफ शिकायत की गई थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि आरोपी नाबालिग बालिका के साथ आए दिन अश्लील एवं आपत्तिजनक बातें करते हुए उसे परेशान करते हैं। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है। टीम द्वारा आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## फरेंदा-सोनौली हाईवे पर 28 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 56 हजार रुपये जुर्माना वसूला





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए महराजगंज पुलिस अब सख्त हो गई है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर शनिवार को थाना फरेंदा क्षेत्र के फरेंदा-सोनौली अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर यातायात पुलिस ने स्पीड राडार लगाकर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान इंटरसेप्टर वाहन में लगे राडार गन से तेज गति से आ रहे वाहनों की गति मापी गई। निर्धारित सीमा से अधिक रफ्तार पर दौड़ रहे 28 वाहन चालकों के ओवरस्पीड चालान किए गए। यातायात नियम तोड़ने वालों से 56 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान वाहन चालकों को समझाते हुए कहा कि तेज रफ्तार से न केवल उनकी जान को खतरा है बल्कि दूसरों के लिए भी परेशानी बनती है। पुलिस ने अपील की कि सभी लोग निर्धारित गति सीमा का पालन करें और सुरक्षित वाहन चलाएं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आमजन की सुरक्षा के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

**एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस का विशेष अभियान, तेज रफ्तार पर कसी नकेल**

# मॉरीशस में नौकरी का झांसा देकर 7 नेपाली युवकों से 16 लाख की ठगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवा महाराजगंज।** अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी और हवाला कारोबार का एक बड़ा मामला सामने आया है। नेपाल के रूपंदेही जिले के 7 युवकों को मॉरीशस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 16 लाख रुपये की ठगी की गई। आरोपी ने फर्जी वीजा थमाकर सभी को मॉरीशस भेजा, जहां एयरपोर्ट पर ही वीजा फर्जी निकलने पर 13 जून 2026 को सभी को मुंबई डिपोर्ट कर दिया गया। पीड़ित ध्रुव नारायण मिश्रा ने नेपाल दूतावास, नई दिल्ली में प्रार्थना पत्र देकर हद्ध और श्रष्ठ से जांच की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला?** ध्रुव नारायण मिश्रा के अनुसार, सिद्धार्थनगर के लोटन थाना क्षेत्र निवासी आरोपी इबरार ने बुटवल, नेपाल में मिलकर उन्हें और गांव के 6 अन्य युवकों को मॉरीशस में नौकरी का भरोसा दिया।

**ठगी का हवाला मॉडल:** आरोपी ने नेपाल में अपने साथी अब्दुल रऊफ धुनिया के बैंक खाते में 4 लाख नेपाली रुपये जमा कराए। भारत में अपने बैंक खाते में भी पैसा मंगवाया। बाकी रकम नगद ली गई। जांच में सामने आया कि गिरोह नेपाल में पैसा लेने के लिए नेपाली सदस्य का और भारत में भारतीय सदस्य का खाता इस्तेमाल करता है। यही उनका स्थापित हवाला मॉडल है।

**यात्रा और डिपोर्ट-** 03 जून 2026 को आरोपी सभी को दिल्ली लाया। 12 जून को फर्जी वीजा देकर मॉरीशस की फ्लाइट में बैठाया और दिल्ली एयरपोर्ट से गायब हो गया। 13 जून को मॉरीशस पहुंचने पर वहां के अधिकारियों ने वीजा फर्जी बताया और उसी दिन सभी को मुंबई डिपोर्ट कर दिया। भारतीय अधिकारियों ने मुंबई से नेपाल भेजने का टिकट कराया।

**गिरोह का नेटवर्क** - शिकायत के अनुसार आरोपी भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी और हवाला का बड़ा नेटवर्क चलाता है। उसके गिरोह में दोनों देशों के कई सदस्य शामिल हैं। नेपाली सदस्य अब्दुल रऊफ धुनिया फिलहाल सऊदी अरब से गिरोह का संचालन कर रहा है।

**स्थानीय पुलिस पर सवाल:** पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद सिद्धार्थनगर के लोटन थाने में शिकायती पत्र दिया था, लेकिन आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर अब नेपाल दूतावास में गुहार लगाई गई है। वीरेंद्र मल्लाह, अन्नराज मल्लाह, प्रकाश मल्लाह, राजाराम मुराऊ, अभिमन्यु मल्लाह, इसराइल धुनिया व ध्रुव नारायण मिश्रा ने कार्यवाही की माँग को है।

## संपत्तियों के स्टाम्प मूल्यांकन की जिलाधिकारी ने परखी हकीकत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** संपत्तियों के क्रय-विक्रय में स्टाम्प मूल्यांकन की वास्तविकता परखने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को तीन संपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण किया। जांच के दौरान तीनों संपत्तियों के अभिलेखों में दर्ज स्टाम्प मूल्यांकन सही पाया गया। डीएम ने तहसील सदर के अहिलवार बुजुर्ग स्थित लकी सीड मिल की विक्रय संपत्ति का निरीक्षण किया। आनंद सिंह द्वारा राकेश मिश्रा को करीब 1.39 करोड़ रुपये में विक्रय की गई संपत्ति के मूल्यांकन में प्रयुक्त स्टाम्प मूल्य अभिलेखों के अनुरूप मिला। इसके बाद बास देवरिया में संजय कुमार द्वारा पवन कुमार त्रिपाठी को करीब 1.75 करोड़ रुपये में विक्रय की गई संपत्ति का निरीक्षण किया। यहां भी स्टाम्प मूल्यांकन सही पाया गया।

विकासखंड गौरी बाजार के देवगांव में आलोक व मनोज सिंह द्वारा जितेंद्र मिश्रा को विक्रय की गई करीब 1.07 करोड़ 79 हजार रुपये की कृषि भूमि का भी डीएम ने जायजा लिया। भूमि के मूल्यांकन और प्रयुक्त स्टाम्प मूल्य में कोई कमी नहीं मिली। डीएम ने कहा कि संपत्तियों के क्रय-विक्रय में निर्धारित मूल्यांकन के अनुरूप स्टाम्प शुल्क का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए।

मूल्यांकन में कमी या अनियमितता मिलने पर स्थलीय जांच कराकर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर, नायब तहसीलदार, सब-रजिस्ट्रार अजय सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 32.21 ग्राम अवैध स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार बरामद

**प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज पुलिस द्वारा 32.21 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ (स्मैक) के साथ एक अभियुक्त चन्दन सैनी को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत पृथ्वीगंज-रानीगंज बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव मय हमराह पुलिस बल के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध नशीला पदार्थ (स्मैक) लेकर ग्राम राजापुर में सड़क के किनारे खड़ा है और उसे बेचने के लिए कहीं जाने की तैयारी में है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति भागने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा पीछा कर कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया।पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम चन्दन सैनी (माली) पुत्र स्व0 लालजी, निवासी ग्राम तोडरपट्टी, थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 26 वर्ष बताया। जामातलाशी लिए जाने पर उसके कब्जे से पन्नी में रखी 03 भूरे रंग की पुड़िया बरामद हुई जो प्रथम दृष्ट्या स्मैक प्रतीत हुआ। उक्त पदार्थ को तौले जाने पर कुल वजन 32.21 ग्राम पाया गया। अभियुक्त के कब्जे से 230 रुपए नगद भी बरामद हुए।

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के प्रयास का आरोप, पिपराइच पुलिस ने युवक को दबोचा

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या के प्रयास के गंभीर आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान वीरु भारती पुत्र चौथी प्रसाद, निवासी ग्राम अगया (बड़ा टोला), थाना पिपराइच, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने और गंभीर मामलों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष पिपराइच अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।



पुलिस ने बताया कि नाबालिग से संबंधित मामले में थाना पिपराइच पर मु0अ0सं0-395/2026 दर्ज किया गया था। मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 109, 115(2), 352 और 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का आरोप है कि मामले में आरोपी की संलिप्तता सामने आने के बाद उसकी गिरफ्तारी की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए आगे की कार्रवाई में शामिल किया है। पुलिस के मुताबिक, प्रकरण की विवेचना जारी है और मामले से जुड़े तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग से जुड़े इस गंभीर मामले में गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विकास कुमार साहू, हेड कांस्टेबल अरविन्द यादव तथा कांस्टेबल उपेन्द्र यादव शामिल रहे। पुलिस ने मामले में गिरफ्तार आरोपी का नाम और पता भी जारी किया है। फिलहाल विवेचना के दौरान सामने आने वाले अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### चोरी के 06 मोबाइल फोन, साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रभारी निरीक्षक थाना अन्तू अभिषेक कुमार सिरोही के नेतृत्व में उ0नि0 आदित्य कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पुरेवंशी जाने वाले तिराहे के पास से अभियुक्त किशन गौतम पुत्र सुरेन्द्र गौतम निवासी ओझला ताला थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा चोरी किए गए मोबाइल फोन एवं साइकिल को पास की झाड़ियों में छिपाकर रखने की बात बताई गई। अभियुक्त की निशानदेही पर झाड़ियों से एक लाल रंग की हरकुलिस साइकिल एवं छः मोबाइल फोन बरामद किए गए।अभियुक्त द्वारा पूछताछ में उक्त अभियोग में बरामद चोरी के सामान एवं 280 रुपए नगद के आधार पर थाना अन्तू पर पंजीकृत मुकदमे में सुसंगत धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई है।

# एसएसपी का एक्शन, प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी पुलिस लाइन भेजे गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र के अहिरौली खुर्द में हुई हिंसक घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ. कौस्तुभ ने बड़ा प्रशासनिक एक्शन लिया है। घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर उठे सवालों के बीच एसएसपी ने सिकरीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए पुलिस लाइन भेज दिया है। वहीं पैडलेगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक आशीष कुमार दूबे को सिकरीगंज थाने का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जनहित में निरीक्षक और उपनिरीक्षक की तत्काल प्रभाव से नई तैनाती की गई है। संबंधित अधिकारियों को आदेश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी, पीएनओ संख्या




012460234, जो सिकरीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात थे, उन्हें अब पुलिस लाइन गोरखपुर भेजा गया है। वहीं उपनिरीक्षक आशीष कुमार दूबे, पीएनओ संख्या 192327826, जो वर्तमान में पैडलेगंज चौकी प्रभारी के पद पर तैनात थे, उन्हें सिकरीगंज थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

गौरतलब है कि सिकरीगंज थाना क्षेत्र के अहिरौली खुर्द गांव में हिंसक वारदात के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया था। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। इसी घटनाक्रम के बीच अब थाना प्रभारी के स्तर पर किया गया यह फेरबदल पुलिस विभाग में बड़ी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ के इस फैसले से साफ संकेत है कि जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील घटनाओं के बाद पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए थानाध्यक्ष आशीष कुमार दूबे के सामने सिकरीगंज क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, घटना से जुड़े मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करना और क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा कायम रखना बड़ी चुनौती होगी। अधिकारियों के तबादले के साथ ही पुलिस महकमे में यह संदेश भी गया है कि संवेदनशील मामलों में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भारत की आन बान और शान है तिरंगा -रतनपाल



**रूद्रपुर, देवरिया।** सोमवार को विधानसभा रुद्रपुर के नगर क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी ने किया। तिरंगा यात्रा डीएन इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर देवरिया मोड़ स्थित बीआरसी परिसर में जाकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा को एमएलसी डॉक्टर रतनपाल सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा कॉलेज रोड से कोतवाली, पुन्नी साहु तिवारी चौराहा, इमामबाड़ा चौराहा होते हुए बस स्टेशन चौराहा के भीड़ भरे रास्ते से देवरिया रोड स्थित बीआरसी परिसर में जाकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक और स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। लोगों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति की प्रेरणा जगायी। यात्रा में चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम, मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, कौशल किशोर सिंह, रमेश सिंह, सुनील गुप्ता, दिलीप जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉक्टर रतनपाल सिंह ने कहा कि रुद्रपुर में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण का साक्षी बना।तिरंगे की आन, बान और शान के प्रति समर्पित यह यात्रा राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक बनी। आइए, हम सभी मिलकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

## जनपदीय सिंचाई बन्धु की होगी आज बैठक

**प्रतापगढ़।** जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक आज मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय सिंचाई खण्ड प्रतापगढ़ मे आहूत की गयी है। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता/सचिव सिंचाई बन्धु अरविन्द वर्मा द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण आमंत्रित है। समस्त सम्बन्धित बैठक में ससमय प्रतिभाग करें।

# संक्षिप्त खबरें

## खंड विकास अधिकारी ने प्रमुख के साथ की गोष्टी



**बरेली/** तिरंगा यात्रा के लिए भदपुरा की खंड विकास अधिकारी ईशा हर्षिता अग्निहोत्री ने ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के साथ ग्राम प्रधानों से विचार विमर्श कर गोष्ठी की गई जिसमें 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा विकासखंड मुख्यालय से निकल जाने की बात कही गई इसमें खंड विकास अधिकारी अग्निहोत्री ने प्रधानों से अपार सहयोग करने की मांग। की यहां पर ग्राम प्रधान बलराम सिंह अर्जुन सिंह रफीक अहमद लाला खान तुलाराम बर्मा जयवीर वर्मा समेत अनेकों ग्राम प्रधान गण उपस्थित थे सभी से 14 अगस्त को 10:00 बजे ब्लॉक मुख्यालय उपस्थित होने का अनुरोध किया गया जिसे प्रधानों ने स्वीकार किया है और तिरंगा यात्रा को दाम कम से निकलने का आश्वासन दिया गया।

## भारतीय किसान यूनियन निकलेगी ट्रैक्टर यात्रा



**बरेली/** विकासखंड भदपुरा मैं भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में लिया गया फैसला 13 अगस्त को निकल जाएगी ट्रैक्टर यात्रा इस मासिक बैठक में दर्जनों भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता एकत्रित हुए और उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार यह फैसला लिया है की 13 अगस्त को किसान यूनियन की तरफ से ट्रैक्टर यात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में उन्होंने एक ज्ञापन भदपुरा की खंड विकास अधिकारी को सोप है इसमें उपस्थित जिला प्रभारी चंद्र प्रकाश गंगवार फतेहचंद गंगवार हीरालाल गंगवार हरदेव विश्व देव गंगवार मेबी राम समेत कई दर्जन यूनियन के कार्य करता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे हीरालाल गंगवार ने बताया यह ट्रैक्टर यात्रा पूरे प्रदेश में भारतीय किसान यूनियन के हाई कमान के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है।

## कछला घाट से जल लेकर कावड़ियों ने किया जल अभिषेक



**बरेली/**श्रवण मास के दूसरे सोमवार को जल अभिषेक करने के लिए भोले के श्रद्धालु कछला घाट से जल लेकर आज वापस लौटे किया सुबह को शिव मंदिरों में जल अभिषेक इसके लिए कांवड़ियों के जत्थे से वापस आना शुरू हो गया इसी क्रम में नकटी नारायणपुर सिठौरा बाहर जागीर बिहारीपुर अब्दुल रहमान नदिया मोतीराम धीमरी आदि ग्रामों से श्रद्धालुओं के इज्जत थे दूसरे सोमवार को जलाभिषेक किया। कछला घाट को रवाना हुए थे जो सभी वापस लौटने प्रारंभ हो गए हैं सुबह मंदिरों से जल अभिषेक करने के लिए मंदिरों मेंभीड़ जुटी इसी क्रम में डाक कावड़ लेने के लिए श्रद्धालुओं के जब से भारी संख्या में कछला घाट को रवाना हुए थे इनमें बिहारीपुर अब्दुल रहमान वैवाही समेत अनेकों ग्रामों से श्रद्धालु डाक कावड़ लेकर रवाना हुए हैं यह भी सुबह लौटकर शिव मंदिरों में जल अभिषेक करेंगे और भोले का आशीष प्राप्त किया।

# नाबालिग के अपहरण मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर उठे सवाल

## विवेचक पर पीड़ित पक्ष ने लगाए गंभीर आरोप, पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** जनपद खीरी के अंतर्गत थाना भीरा मे नाबालिग लडकी को लेकर भाग जाने वाले आरोपी के विरुद्ध मकदमा दर्ज हुये लगभग एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी भीरा पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी करने से बचती नजर आ रही है।वही पीडित पक्ष नामजद आरोपी की गिरफ्तारी कराये जाने को लेकर जिला की ईमानदार और तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक की चौखट की खाक छानते फिर रहा है। सूत्रौ के मुताबिक विपक्षी. की तरफ से मिला भारी भरकम चढावा के चलते विवेचना अधिकारी मामले को लम्बा करने मे लगे है और नामजद आरोपी को जान बूझकर गिरफ्तार नही कर रहे है जिससे हौसले बुलंद विपक्षी के परिजन लगातार पीडिता के परिजनो को डरा धमकाकर सुलह समझौता करने का दबाव बना रहे है।मामले की विवेचना कर रहे विवेचक द्वारा एक प्रधान के कहने पर आरोपी को अभयदान दिए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। सबसे अहम सवाल तो यह हे कि लडकी की बरामदगी तो आरोपी के परिजनो ने लडकी को थाने ले जाकर करा दी लेकिन लडके को थाना भीरा क्यो नही बुलाया गया यक्ष प्रश्न बना है पीडित पक्ष का आरोप है कि नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहा है।विवेचना अधिकारी की इस तरह की कार्य शैली से ईमानदार थानाध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक की छवि धूमिल हो रही है। थाना भीरा मे तैनात और मुकदमे की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव साहब का कहना है कि मै चाहू तो 3माह तक बयान न कराऊ तब तक लडकी बालिग हो जायेगी । यह मेरा अपना अधिकार है। शायद विवेचक साहब लडकी के बालिग होने के इंतजार मे है इसलिए लडकी का बयान नही करवा रहे है जबकि नारी निकेतन मे रह रही लडकी का रो-रोकर बुरा हाल है ऐसा पीडिता की मां का कहना है। लेकिन साहब आरोपी को अभयदान देने मे कोई कोर कसर छोडने को तैयार दिखाई नही पड रहे है। पुलिस और विपक्षीगण के बीच चल रही साठगांठ से आहत पीडिता के पिता ने आज मीडिया को आपबीती सुनाते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने गये पीडित पक्ष को वापस आना पडा क्योकि पुलिस अधीक्षक महोदया आज सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले भर मे भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने मे लगी रही। इस संबंध मे विवेचक अनिल कुमार यादव से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो साहब के बिगडे बोल आप हमसे इस. मामले पर बात मत् करो मै जब चाहूगा तब करूगा आरोपी की गिरफ्तारी।मै चाहूगा तो तीन माह बाद कराऊंगा लडकी का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान तब तक लडकी बालिग हो जायेगी।

## कानपुर के आनंदेश्वर मंदिर का निरीक्षण



**कानपुर।** आज पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार दृष्टिगत आनंदेश्वर मंदिर (परमट), जागेश्वर मंदिर एवं बनखण्डेश्वर मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा मंदिर के आसपास की यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थलों, पैदल श्रद्धालुओं की आवाजाही तथा आपातकालीन मार्गो का गहन अवलोकन किया गया व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनी रहे। पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें आवश्यक यातायात संबंधी जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाए , जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुँच सकें।

# धनौर जागीर में सड़क पर दिखा तेंदुआ, युवक ने खींची तस्वीर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** विकासखंड भदपुरा मैं तेंदुए का खौप बढ़ता जा रहा है बीती रात मौजमपुर निवासी सत्यपाल अपने दोस्त नितिन के साथ शनिवार रात आठ बजे धनौर जागीर गांव में ट्रैक्टर छोड़ने जा रहे थे। अचानक दोनों ने गांव के पास सड़क पर तेंदुआ देखा तो दोनों डर गए। तेंदुए खेत में घुसा उससे पहले ही हिम्मत कर उन्होंने दूर से तेंदुए की मोबाइल से फोटो खींच ली और गांव जाकर लोगों को जानकारी दी। इससे हड़कंप मच गया। प्रधान पति सुर्भीक गंगवार ने मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच कर पगचिह्न तलाशे। के के मिश्रा वन क्षेत्राधिकारी नबावगंज ने बताया कि जगी डांडी में अहम जरूरी साक्ष्य मिलने पर पिंजड़ा लगाकर टीमों को सतर्क रहने को कहा गया है और वहां निगरानी बढ़ा दी गई है। और गांव वालों को जंगल में अकेले नहीं जाने के साथ लगातार सतर्कता बरतने को कहा गया है। चार टीमें क्षेत्र में सक्रिय हैं और ग्रामीणों की मदद से लोगों को जागरूक कर रही हैं।

# भाकियू पंचायत में किसानों ने उठायी समस्याएं, सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत सोमवार को कृषि मंडी परिसर स्थित किसान भवन में भारत सिंह धनौरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पंचायत में शामिल तहसील क्षेत्र के तमाम किसानों ने स्थानीय समस्याएं उठाते हुए निराकरण कराए जाने की मांग की। पंचायत के उपरांत संगठन के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह को ज्ञापन देकर शीघ्र ही समस्याओं को निस्तारित किए जाने को कहा। आयोजित पंचायत में किसानों ने समस्या उठाते हुए कहा कि रवा, भेंड़, अंडा, शिवनी बुजुर्ग सहित सभी गांवों में अन्ना गौवंश खेतों में धान, तिली आदि फसलें चट कर रहे हैं जिसको देखते हुए अन्ना गौवंश पकड़ कर बंद किए जाएं। ग्राम भेंड़ के कोटेदार की शिकायत करते हुए गांव के किसानों ने कहा कि गेहूं की तौल पर एक किलो वजन कम कर गेहूं बांटा जा रहा है जिस पर रोक लगाई जाए। वहीं मूंगफली की खरीद सरकारी केंद्रों पर कराए जाने, पांच माह से रुकी वृद्धावस्था पेंशन संबंधितों को दिलाए जाने, ग्राम गोरा करनपुर के समीप पुलिया का निर्माण कार्य कराए जाने सहित परेशान घूम रहे कुछ किसानों की मूंग की फसल की तौल सरकारी केंद्रों पर अतिशीघ्र कराए जाने की मांग की गई। पंचायत में संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों से आह्वान किया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 13 अगस्त को गल्ला मंडी उरई से जिलाधिकारी कार्यालय तक तिरंगा ट्रेक्टर यात्रा निकाली जाएगी, सभी किसान बंधु सुबह 10 बजे ट्रेक्टर लेकर गल्ला मंडी उरई पहुंचे। पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ केदारनाथ निरंजन, तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, महासचिव डॉ पीडी निरंजन, भगवान सिंह कुशवाहा, प्रमोद पटेल आदि मौजूद रहे।

## सावन के दूसरे सोमवार पर आनंदेश्वर मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस आयुक्त ने लिया जायजा

**कानपुर।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर थाना ग्वालटोली स्थित आनंदेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को लेकर व्यापक पुलिस व्यवस्था की गई। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों, श्रद्धालुओं के आवागमन, बैरिकेडिंग एवं पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित रखने, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने मंदिर के पुजारियों से भी मुलाकात की और सहयोग बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त अभिसूचना महेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय स्नेहा तिवारी, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूपनगर ज्योति श्री सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस आयुक्त ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवांछित तत्वों पर कड़ी नजर रखें और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने दें।

# लूट एवं हत्या का वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना साढ़ पुलिस ने एक मुठभेड़ में लूट एवं हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त का नाम आशीष उर्फ काशी है और उसके दोनों पैरों में गोली लगी है जिसको इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि दिनांक 8.08.2026 को ग्राम देवसड में दो अज्ञात बदमाश द्वारा मुमताज के घर घुसकर जान लेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर जेवर व मोटर साइकिल लूटकर भाग जाने के संबंध में थाना साढ़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में शाहजहाँ पत्नी मुमताज गम्भीर रूप से घायल हुई व मुमताज पुत्र नबी अहमद निवासी थाना साढ कानपुर नगर की दौराने इलाज मृत्यु हुई थी। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में आज प्रभारी निरीक्षक साढ़ मय पुलिस टीम द्वारा दरगाही नहर पुल के पास में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी कि दौराने चेकिंग मोटर साइकिल सवार को पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी डालकर मोटर साइकिल पर बैठे हुए व्यक्ति को रूकने का इशारा किया तो पुलिस वालो को अधिक संख्या मे देखकर मोटर साइकिल चालक ने बाइक तेजी से मोड दी रास्ता कच्चा होने तथा बारिश के कारण फिसलन होने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी । अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ आवश्यक जवाबी कार्यवाही की गयी, जिसमें अभियुक्त आशीष उर्फ काशी के दोनों पैरों में गोली लगी तथा वह घायल हो गया । घायल आरोपी को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया । पूछताछ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम आशीष उर्फ काशी पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम दलेलपुर थाना बिधनू कानपुर नगर उम्र 25 वर्ष बताया एवं भागने का कारण पूछा गया तो बताया कि उसने अपने साथी रानू के साथ मिल मुमताज के घर मे लूट के इरादे से गया था लेकिन वहा पर मुमताज तथा उसकी पत्नी जाग गयी। इन लोगो ने हमें पकड़ने का प्रयास किया तो हमने अपनी पहचान हो जाने पर पकड़े जाने के डर से मुमताज को डन्डे तथा कुल्हाडी से मारा था।

# झारखण्ड छात्र आन्दोलन में कूदी हिन्द मजदूर किसान पंचायत,सीबीआई जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शिक्षा, परीक्षा और नियुक्ति में धंधली के विरोध में झारखंड में चल रहे आंदोलन में अब यूपी की हिन्द मजदूर किसान पंचायत भी कूद पड़ी है। झारखंड में आंदोलन का समर्थन करते हुए राष्ट्रीय सचिव और यूपी के महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने अपना एक प्रतिनिधि मण्डल भी छात्र आन्दोलन में भाग लेने के लिए भेजने का निर्णय लिया है। झारखंड में छात्रों के शान्तिप्रिय आन्दोलन के लिए बधाई भी देते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत के महामंत्री श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने सवाल उठाया कि न्यू न्यू क्योंमें नियुक्तियों में पारदर्शिता क्यों नहीं अपनायी गयी। अपात्र लोगो की धन व प्रभाव के चलते नियुक्तियाँ किए जाने का आरोप लगाते हुए राकेश मणि पांडे ने कहा कि इस पूरी धांधली और भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से करायी जानी चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि लाभ कमाने की दृष्टि से सरकार तमाम पदों को समाप्त करने में लगी है। लोगों को संविदा पर कार्य करने के लिए विवश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार समान कार्य वेतन सिद्धान्त की खुद ही अवहेलना कर रही है। ऐसे में सब जगह युवा आक्रोशित हो रहा है। बेतहासा बेरोजगारी, हतासा में बदल कर छात्र आन्दोलन के लिए विवश हो रहे हैं। श्रमिकों के हित में हो चुके अनेक आंदोलनों के भी अगुआकर भी रह चुके वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने यह चेतावनी भी दी कि अगर समय रहते युवाओं को समुचित रूप से रोजगार परख बनाते हुए उनकी बेरोजगारी समाप्त किये जाने हेतु कड़े कदम नहीं उठाये गये तो सरकार के खिलाफ स्थिति और भी विस्फोटक हो सकती है।

# सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में शिव अभिषेक हेतु उमड़े श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** सावन के दूसरे सोमवार को यहां शिव मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही नगर के प्रमुख शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक किया तथा सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। सोमवार सुबह से ही शिवालयों के बाहर श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। हाथों में जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प लेकर पहुंचे भक्तों ने भगवान शिव का पूजन किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजते रहे। सावन के दूसरे सोमवार को लेकर शिव भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। नगर के भूतेश्वर महादेव और महाकालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा नई बस्ती स्थित सिद्धेश्वर मंदिर, गुप्तेश्वर महादेव, बक्सेश्वर महादेव, पीपलेश्वर महादेव और यादवेश्वर महादेव मंदिर समेत नगर के विभिन्न गली-मोहल्लों में स्थित शिवालयों में भी सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। भक्तों ने शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। सावन मास को भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस महीने में शिव पूजन और जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही वजह है कि सावन के प्रत्येक सोमवार को शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

## बैंक लॉकर से जेवरात गायब होने के आरोप

**कानपुर।** थाना स्वरूप नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि उनके जेवरात स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर (SBT) के लॉकर में रखे हुए थे। बैंक के विलय के उपरांत जब उन्होंने लॉकर से जेवरात निकालने के लिए संपर्क किया तो उनके द्वारा आरोप लगाया गया कि लॉकर में रखे जेवरात मौजूद नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त आरोप के संबंध में थाना स्वरूप नगर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्रकरण में विस्तृत विवेचना की जा रही है। बैंक परिसर एवं उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है तथा संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों से पूछताछ कर घटना की सत्यता की जानकारी की जा रही है। समग्र जांच एवं विवेचना के दौरान जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों की लगी लंबी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** सजेती क्षेत्र के प्राचीन बिहारेश्वर महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में शिव भक्तों की भीड़ लगी हुई है, मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया है जहां बड़ी संख्या में यहां बच्चे मेले का लुत्फ उठा रहे हैं कोई झूला झूल रहा है तों कोई व्यंजनों का लुत्फ उठा रहा है, आपको बताते चलें कि कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाइवे किनारे अज्योरी गांव में स्थित महादेव मंदिर अपने आप में कई रहस्य समेटे हुए है इस मंदिर की ख्याति आसपास के जनपदों तक फैली हुई है इस मंदिर की मान्यता है कि मंदिर के मुख्य द्वार पर शिलालेख की माप हरबार अलग अलग निकलती है,इसी प्रकार निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड के बगल में स्थित सिधौल गांव में मारकान्डेय महादेव मंदिर स्थित है जिसमें उत्तर प्रदेश कई जनपदों से लोग सावन सोमवार को तों आते ही हैं पूरे वर्ष मंदिर के दर्शन के लिए लोग आते-जाते हैं सिधौल गांव के ही पंडित छुन्नूलाल शुक्ला और मंदिर की मुख्य पुजारी शिवकली सैनी आदि ने बताया कि गांव में स्थित मारकान्डेय महादेव मंदिर के बारे में बातचीत में बताया कि मेरे पूर्वजों ने मंदिर की पूजा करते रहे हैं अब मैं कर रहीं हूं कहा कि मंदिर में आज तक कभी छत नहीं पड़पाती है, भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं श्रद्धालुओं में श्रद्धा भाव से आने पर अपने आप में मानते हैं आगे कहा कि मेरे गांव में बड़े डकैत आए लेकिन गांव में कभी घुस नहीं पाए हैं रक्षा करने वाले एक मात्र मारकान्डेय महादेव जी की क्रपा बरसतीं हैं सच्चे मन से आओ आशीर्वाद पाओ।

# सावन के द्वितीय सोमवार को पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में कांवड़ियों पर हुई पुष्पवर्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** पवित्र सावन माह के द्वितीय सोमवार को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में शिवभक्ति और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। देवाधिदेव भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए विभिन्न स्थानों से पहुंचे कांवड़ियों का नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में भव्य स्वागत एवं पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, व्यापार मंडल श्याम बिहारी गुट एवं उन्नकिसेस कृषि संस्थान के सहयोग से सदर चौराहा स्थित शिव मंदिर के निकट कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान शिवभक्तों का फूलों से स्वागत करते हुए उन्हें जलाभिषेक के लिए शुभकामनाएं दी गई। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा, 'देवाधिदेव भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए दूर-दूर से आ रहे कांवड़ियों की सेवा और स्वागत करने का सौभाग्य पुण्य कर्मों से प्राप्त होता है। नगर पालिका परिषद सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों के साथ मिलकर शिवभक्तों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि छोटी काशी में आने वाले प्रत्येक शिवभक्त को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी यात्रा को सुगम बनाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। पुष्पवर्षा एवं स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री उद्योग व्यापार मंडल कंछल गुट अशोक कनौजिया, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अरुण अवस्थी, व्यापार मंडल श्याम बिहारी मिश्रा गुट के जिला अध्यक्ष राम मोहन सोनी, उन्नकिसेस कृषि संस्थान के संरक्षक विनीत सिंह भदौरिया, संयोजक अनुपम कुमार, नगर गौ सेवा संयोजक दिलीप सिंह, हिमांशु सिंह, भाजपा नगर महामंत्री धीरज बाजपेई, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, नामित सभासद रामचंद्र राठौर, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों में उत्साह देखने को मिला। छोटी काशी में सावन के दूसरे सोमवार पर आस्था, सेवा और भक्ति का यह संगम सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

# महिला ने लगाई कार्यवाही की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-**कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी मनीषा विश्वकर्मा ने सोमवार को सीओ परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र देकर सीएससी संचालक पति के साथ कथित धोखाधड़ी और शिकायत के बाद पुलिसकर्मी द्वारा धमकी दिए जाने की जांच कराने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, 7 जुलाई 2026 की शाम दो लोगों ने कथित रूप से मेडिकल इमरजेंसी का हवाला देकर सीएससी संचालक पंकज के यूपीआई खाते में 47 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। इसके बाद पंकज ने परिचित होने के कारण उन्हें 47 हजार रुपये नकद दे दिए। आरोप है कि बाद में पता चला कि खाते में भेजी गई रकम संदिग्ध तरीके से ट्रांसफर हुई थी, जिसके चलते पंकज का बैंक खाता फ्रीज हो गया। मनीषा का आरोप है कि मामले की शिकायत और साक्ष्य देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि 24 जुलाई को एक सिपाही ने शिकायत आगे बढ़ाने पर पति को मुकदमे में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड होने का भी दावा किया गया है। पीड़िता ने मामले की जांच चौकी स्तर से हटाकर प्रभारी निरीक्षक या क्षेत्राधिकारी स्तर से कराने, आरोपों की निष्पक्ष जांच और परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

# वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)-** फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह ने सोमवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित एक घर पर दबिश देकर वारंटी अभियुक्त विनोद कुमार सोनी पुत्र भगवानदास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही के लिए उसे न्यायालय में पेश किया गया है। गौरतलब हो कि विनोद के खिलाफ गत समय पूर्व कोतवाली में दफा 147, 323, 504 के तहत मामला दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में न्यायालय में होने वाली तारीखों से लगातार गैरहाजिर रहने के कारण न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया



**मिर्जापुर।** अहरौरा नगर पालिका क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम 'की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर तिरंगे की शान और आजादी के अमर बलिदानियों के स्मृति में भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मड़िहान विधानसभा के विधायक पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री श्री रमाशंकर सिंह पटेल जी रहें द्य अहरौरा नगर के भारी संख्या में महिला ,पुरुष और बच्चे जुलूस में भाग लेकर जुलूस को भव्य और सफल बनाया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर चौकी प्रभारी आशीष कुमार अपने दल बल के साथ नगर भ्रमण के दौरान मौजूद रहे। तिरंगा शोभा यात्रा नगर पालिका कार्यालय से चलकर पट्टी कला सम्मेत्तर चौक बाजार के रास्ते होते हुए गोकुलधाम जाकर संपन्न हुआ। तिरंगा शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि रमाशंकर पटेल, मंडल प्रभारी मनोज सोनकर, मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार तिवारी, विनोद पटेल, श्वेता सिंह, राजकुमारी केसरी समेत बहुत से कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सावन शिवरात्रि पर संकट मोचन मंदिर के पास होगा विशाल दंगल

**दुर्गागंज।** सावन शिवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार को दुर्गागंज स्थित संकट मोचन मंदिर के पास तालाब परिसर में विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान संदीप कुमार बिंद ने दी। उन्होंने बताया कि दंगल में क्षेत्र के साथ ही आसपास के गांवों और जिलों से नामी पहलवानों के पहुंचने की उम्मीद है। पहलवान कुश्ती के दांव-पेंच और दमखम का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। ग्राम प्रधान ने बताया कि दंगल को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रतियोगिता देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों के पहुंचने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपियों के घर नोटिस चस्पा, पुलिस ने दी कड़ी चेतावनी

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** थाना चोपन पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा जारी अन्तर्गत धारा 84 बी.एन.एस.एस. की कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा जनपद सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल निर्देशन मे थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-420/25 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 से सम्बन्धित अभियुक्त धीरेंद्र तिवारी उर्फ राजेश तिवारी पुत्र कैलाश तिवारी निवासी ग्राम सलैया थाना कमर्जी जनपद सीधी मध्य प्रदेश के विरुद्ध दिनांक 13.07.2026 को मा. न्यायालय सोनभद्र द्वारा जारी अन्तर्गत धारा 84 बी.एन. एस.एस की कार्यावही अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा कर किया/कराया गया तथा अभियुक्त(गैंग सदस्य) आयुष पाण्डेय उर्फ़ नितिन पुत्र सुनील कुमार पाण्डेय निवासी बनाई का पुरा जुड़ापुर जीर बरी भोज थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज उम्र करीब 21 वर्ष के विरुद्ध दिनांक 13.07.2026 को मा. न्यायालय सोनभद्र द्वारा जारी अन्तर्गत धारा 84 बी.एन.एस.एस की कार्यावही अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा कर किया/कराया गया तथा विवेचक प्रभारी निरीक्षक कोन अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि अभियुक्तगण के परिजनों को अवगत करा दिया गया कि नोटिस चस्पा होने के 15 दिवस के अन्दर न्यायालय या सोनभद्र पुलिस के समक्ष उपस्थित हो अन्यथा कि स्थिति में कुर्की की कार्यावही की जायेगी।

# कोटारनाथ धाम में सिपाही पर बदसलू की का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध कोटारनाथ धाम में ड्यूटी पर तैनात सिपाही लालचंद पर श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगने के बाद लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। सोमवार सुबह दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का आरोप है कि सिपाही ने वर्दी का रौब दिखाते हुए भक्तों से दुर्व्यवहार किया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई। श्रद्धालुओं का कहना है कि भगवान के दरबार में आने वाले भक्त सम्मान और श्रद्धा की भावना लेकर पहुंचते हैं, लेकिन यदि सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी ही अभद्रता पर उतर आएं तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों का आरोप है कि संबंधित सिपाही का व्यवहार लगातार शिकायतों का विषय बना हुआ है, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

स्थानीय लोगों और दर्शनार्थियों ने सवाल उठाया है कि क्या वर्दी का मतलब आम जनता और श्रद्धालुओं का अपमान करना है? यदि किसी पुलिसकर्मी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है तो ऐसे कर्मियों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित सिपाही को तत्काल निलंबित किया जाए ताकि पुलिस विभाग की छवि धूमिल न हो और आम



जनता का विश्वास बना रहे। कोटारनाथ धाम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने की है, न कि श्रद्धालुओं के साथ कथित दुर्व्यवहार करने की। अब देखना यह होगा कि उच्चाधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और शिकायतों पर क्या कार्रवाई करते हैं।प्रसिद्ध कोटारनाथ धाम में ड्यूटी पर तैनात सिपाही लालचंद पर श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगने के बाद लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। सोमवार सुबह दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का आरोप है कि सिपाही ने वर्दी का रौब दिखाते हुए भक्तों से दुर्व्यवहार किया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई।

श्रद्धालुओं का कहना है कि भगवान के दरबार में आने वाले भक्त सम्मान और श्रद्धा की भावना लेकर पहुंचते हैं, लेकिन यदि सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी ही अभद्रता पर उतर आएं तो यह बेहद



दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों का आरोप है कि संबंधित सिपाही का व्यवहार लगातार शिकायतों का विषय बना हुआ है, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों और दर्शनार्थियों ने सवाल उठाया है कि क्या वर्दी का मतलब आम जनता और श्रद्धालुओं का अपमान करना है? यदि किसी पुलिसकर्मी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है तो ऐसे कर्मियों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित सिपाही को तत्काल निलंबित किया जाए ताकि पुलिस विभाग की छवि धूमिल न हो और आम जनता का विश्वास बना रहे। कोटारनाथ धाम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने की है, न कि श्रद्धालुओं के साथ कथित दुर्व्यवहार करने की। अब देखना यह होगा कि उच्चाधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और शिकायतों पर क्या कार्रवाई करते हैं।

## एक ही वर्ष में उखड़ने लगी सड़क, ग्रामीणों ने उठाए निर्माण गुणवत्ता पर सवाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र में ददरी केवटान से धसड़ा राजा होते हुए कई गांवों को जोड़ने वाली तथा आगे प्रयागराज जनपद से संपर्क स्थापित करने वाली महत्वपूर्ण सड़क एक वर्ष के भीतर ही बदहाल हो गई है। सड़क की जर्जर हालत को देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और गुणवत्ता में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण सड़क बनने के कुछ ही समय बाद जगह-जगह टूटने और उखड़ने लगी। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का निर्माण भी असमान तरीके से किया गया है। कहीं लगभग 20 मीटर तक आरसीसी सड़क बनाई गई है तो कहीं 20 मीटर तक डामर (काली) सड़क बिछाई गई है। इस तरह के निर्माण से सड़क की मजबूती और गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों, किसानों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग ददरी केवटान, धसड़ा राजा सहित दर्जनों गांवों के लोगों के लिए जीवन रेखा के समान है तथा प्रयागराज जनपद तक आवागमन का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इसके बावजूद सड़क की ऐसी स्थिति निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि निर्माण कार्य सही ढंग से कराया गया होता तो सड़क इतनी जल्दी खराब नहीं होती। ग्रामीणों ने प्रशासन, लोक निर्माण विभाग तथा संबंधित अधिकारियों से सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सड़क का पुनर्निर्माण कराने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी और हजारों ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत भदोही पुलिस ने जिले के गांवों, कस्बों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों व मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रम और चौपाल आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आयोजित कार्यक्रमों में आत्मरक्षा, गुड टच-बैड टच, महिला अपराधों से बचाव और सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल की जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं को छेड़छाड़ अथवा किसी तरह की परेशानी होने पर भयभीत न होने और तत्काल 1090 या 112 पर शिकायत करने की जानकारी दी। साथ ही 181, 1076, 1098, 1930, 108 व 102 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं के विधिपूर्ण एवं त्वरित निस्तारण के लिए भी जागरूक किया गया।

## कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की दवा

### प्रभारी डीएम शुभांगी शुक्ला ने कंपोजिट विद्यालय जोरई में किया अभियान का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को जनपद में राजकीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ प्रभारी जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला ने विकासखंड ज्ञानपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय जोरई में बच्चों को एल्बेंडाजोल की 400 मिलीग्राम की खुराक खिलाकर किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रभारी जिलाधिकारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें टॉफी वितरित की। साथ ही स्वच्छता एवं संतुलित खान-पान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जनपद में एक से 19 वर्ष तक की आयु के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जा रही है। अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाली कमजोरी, कुपोषण एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाना तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बेहतर बनाना है। जनपद में अभियान के तहत 1,885 सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा 1,492 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुल 7,67,127 बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 10 अगस्त को दवा लेने से वंचित रह जाने वाले बच्चों को 14 से 20 अगस्त तक चलने वाले मॉप-अप राउंड में एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी, ताकि कोई भी पात्र बच्चा अभियान से वंचित न रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष चक, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान अधिकारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नशे के अवैध कारोबार पर ओबरा पुलिस की कार्रवाई, 27.10 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस को मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। ओबरा पुलिस द्वारा दिनांक09.08.2026 को समय करीब 18:45 बजे रविदास नगर वार्ड नं0-01,




बिल्ली में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग/गश्त के दौरान एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 27.10 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब ?2.75 लाख है। पुलिस द्वारा बरामद मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त रितेश जायसवाल पुत्र सुरेश जायसवाल, निवासी रविदास नगर वार्ड नं0-01, बिल्ली, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हेरोइन के अतिरिक्त मादक पदार्थ की तौल/व्यवहार में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक तराजू, पत्ती लगी काले रंग की चिमटी, दो मोबाइल फोन एवं ?1,300/- नकद भी बरामद किए गए।

उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0-175/2026 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सुनील कुमार, चौकी प्रभारी कस्बा ओबरा, थाना ओबरा, हे0का0 संतोष पटेल,का0 प्रदीप कुमार, का0 राहुल श्रीवास शामिल रहे। ओबरा पुलिस का स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध ओबरा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री एवं अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### एएसपी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश




**भदोही।** अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। एएसपी ने संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए फरियादियों को आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने और फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश दिए।

## सुरभि शोध संस्थान में कजरी महोत्सव आयोजित




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** रविवार को सुरभि शोध संस्थान सभागार में भव्य कजरी महोत्सव का आयोजन किया गया। जनपद के पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने टीम के साथ' कचौड़ी गली सून कइला बलमु मीरजापुर कइला गुलजार हो का गीत सुनाकर महोत्सव का आगाज किया। देश के विभिन्न प्रान्तो, पड़ोसी देशों सहित पूर्वोत्तर भारत की छात्राओं ने मीरजापुर की सांस्कृतिक धरोहर कजरी को जीवंत रखने व संरक्षीत करने के उद्देश्य से किये गये आयोजन के दौरान उत्तर-प्रदेश के सोनभद्र जनपद की जनजाति छात्राओं सहित पांच राज्यों की छात्राओं ने समूह मे कजरी 'हरे रामा रिमझिम बरसे पनीया, कृष्ण बने मनिहारी, सखि हो लागल सावन महिनवा, पिया मेंहदी मगांय दा मोतीझील से सुनाकर श्रोताओ को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

तत्पश्चात नागालैंड, आसाम आदि प्रदेशों की छात्राओं ने सावनी गीतो को सुनाकर श्रोताओ को आश्चर्य चकित कर दिया। कार्यक्रम के उद्देश्य व सस्थान के सन्दर्भ मे सुरभि शोध संस्थान के संस्थापक सूर्यकांत जालान व अमित चतुर्वेदी ने विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष श्रीमाली जी, श्रुति भूषण मिश्र, दीपक, संस्थान के विधि सलाहकार एडवोकेट शिवशंकर यादव, सरिता, आनंद केशरी, सौरभ पुजारी,धीरेंद्र सिंह सहित संस्थान के समस्त कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राये मौजूद रही।

# टोल प्लाजा के पास की दुकानें हटने से बढ़ी बेरोजगारी, दुकानदारों ने उठाए सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज मीरजापुर।** लालगंज अतरैला टोल प्लाजा के समीप वर्षो से संचालित छोटी-छोटी दुकानों को नोटिस जारी किए जाने के बाद प्रशासन द्वारा हटवा दिया गया। इस कार्रवाई से दर्जनों दुकानदारों और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि इन दुकानों के माध्यम से ही उनके परिवारों का भरण-पोषण होता था, लेकिन अब उनका एकमात्र रोजगार भी समाप्त हो गया है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानों को हटाना गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। टोल प्लाजा के आसपास की ये दुकानें यात्रियों



को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं और व्यापारियों के लिए रोजगार का प्रमुख साधन भी थीं।

युवा नेता सूरज पाण्डेय, बीपी पटेल, हरिओम पाण्डेय एवं शिवम मिश्रा ने कहा कि यदि सरकार रोजगार देने में सक्षम नहीं है तो गरीबों और युवाओं का स्वरोजगार भी नहीं छीनना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग की। वहीं स्थानीय निवासी विपिन पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना (NHAI) के लिए पहले ही उनकी जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। अब दुकानों को भी हटाए जाने से लोगों के सामने जीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि जमीन जाने के बाद लोग छोटी-छोटी दुकानों के सहारे अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे, लेकिन अब वह सहारा भी समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और रोजगार की समुचित व्यवस्था की जाए। दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने को मजबूर होंगे।

## पड़री थाना क्षेत्र के उमरिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

### पति ने लगाया हत्या का आरोप; आरोपी हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर:** जिले के पड़री थाना क्षेत्र के उमरिया गांव में सोमवार दोपहर एक 40 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के पति ने एक युवक पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब दो बजे उमरिया गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक 40 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर मृतका का पति मिट्ठू मौके पर पहुंचा। पति मिट्ठू ने आरोप लगाया है कि बगल के गांव मोहनपुर भवरख के रहने वाले एक युवक ने उसकी पत्नी की हत्या की है। इस सनसनीखेज आरोप के बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पड़री थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पड़री थाने के उपनिरीक्षक कैलाश नाथ सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मृतका के पति द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपनिरीक्षक ने स्पष्ट किया कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।


### सात दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा का हुआ शुभारंभ



**सीखड़ संवाद।** क्षेत्र के सीखड़ विट्ठलपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के परिसर में 9 से 15 अगस्त तक होने वाले 7 दिवसीय श्री राम कथा के प्रथम दिवस में आचार्य आशू मिश्रा द्वारा यजमान जनार्दन मिश्रा से हनुमान जी महाराज के विग्रह मूर्ती एवं व्यासपीठ का विधि विधान से पूजन कराया। बद्रिका आश्रम वृंदावन से पधारे कथा वाचक पं0 श्री विश्वकांताचार्य जी महाराज ने श्री राम कथा का शुभारंभ करते हुए श्री राम चरित मानस के महात्म और मंगला चरण से गुरु वंदना तक कथा का उपस्थित श्रोताओं को श्रवण कराया।उक्त अवसर पर मंदिर के पुजारी पंडित कपिल देव पांडेय एवं राम कथा में लगे राम भक्त क्षेत्रीय सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रोता जन उपस्थित होकर राम कथा श्रवण किया।

# कागजों में फेल स्कूल बसें, सड़क पर बच्चों की सुरक्षा का बड़ा सवाल

**गोण्डा।** शासन के निर्देश पर विद्यालयों में संचालित वाहनों की सुरक्षा और वैध अभिलेखों की जांच को लेकर परिवहन विभाग का अभियान तेज हो गया है। सोमवार को एआरटीओ प्रशासन आर.सी. भारतीय के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने विभिन्न विद्यालय वाहनों की जांच की। जांच के दौरान श्री साई एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स कॉलेज, कर्नलगंज की तीन स्कूल बसें निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरीं। तीनों वाहनों की फिटनेस, परमिट और इंश्योरेंस फेल पाए जाने पर परिवहन विभाग ने उन्हें जब्त कर लिया। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से विद्यालय संचालकों और स्कूल वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि बच्चों के आवागमन में प्रयुक्त किसी भी वाहन के दस्तावेजों में कमी अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एआरटीओ प्रशासन ने विद्यालय प्रबंधन और वाहन स्वामियों से अपील की है कि प्रत्येक स्कूल बस अथवा वैन का फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट, बीमा समेत सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखें। साथ ही वाहनों की नियमित तकनीकी जांच कराकर बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में विद्यालय वाहनों की जांच लगातार जारी रहेगी। जांच के दौरान फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस अथवा अन्य अनिवार्य अभिलेखों में कमी मिलने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




**लेकिन कार्रवाई के साथ उठे कई बड़े सवाल**

तीन बसों की जब्ती के बाद अब सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या स्कूल वाहनों की जांच केवल फिटनेस, परमिट और इंश्योरेंस तक सीमित रहनी चाहिए? बच्चों की सुरक्षा के लिए वाहन की निर्धारित क्षमता और उसमें वास्तविक रूप से बैठाए जा रहे बच्चों की संख्या की जांच भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि किसी बस में निर्धारित सीटों से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है अथवा छोटी स्कूल वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाया जाता है, तो यह बच्चों की सुरक्षा के साथ गंभीर जोखिम है। ऐसे वाहनों की नियमित निगरानी और जांच की जिम्मेदारी किसकी है, यह भी स्पष्ट होना चाहिए।

**क्या सड़क पर निकलते समय होती है वास्तविक जांच?**

स्कूल वाहन प्रतिदिन बच्चों को लेकर सड़कों पर चलते हैं। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि परिवहन विभाग की टीम क्या केवल कार्यालय में दस्तावेजों की जांच करती है या सड़क पर चल रहे वाहनों में भी यह देखती है कि उनमें निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चे तो नहीं बैठाए गए हैं? यदि किसी वाहन में क्षमता से अधिक बच्चे पाए जाते हैं तो वाहन स्वामी के साथ विद्यालय प्रबंधन की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। साथ ही यदि कोई वाहन लंबे समय तक नियमों का उल्लंघन करता हुआ चलता रहा है, तो निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

**बच्चों की सुरक्षा कागजों से नहीं, जमीन पर नियमों के पालन से होगी**

स्कूल बस की फिटनेस और बीमा जरूरी है, लेकिन केवल वैध दस्तावेज होना ही बच्चों की पूरी सुरक्षा की गारंटी नहीं है। वाहन में निर्धारित संख्या में ही बच्चे बैठें, चालक प्रशिक्षित और पात्र हो, आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध हो तथा वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो–इन सभी बिंदुओं की जांच आवश्यक है। परिवहन विभाग की मौजूदा कार्रवाई निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन अब अभिभावकों की नजर इस बात पर रहेगी कि अभियान केवल कुछ वाहनों की जब्ती तक सीमित रहता है या जिलेभर में स्कूल बसों और वैन की व्यापक और नियमित जांच भी की जाती है।

**सीधा सवाल** जब बच्चों को लेकर चलने वाले वाहन रोज सड़क पर हैं, तो क्या परिवहन विभाग प्रत्येक स्कूल वाहन की वास्तविक क्षमता, बच्चों की संख्या और सुरक्षा मानकों की जांच सुनिश्चित करेगा? बच्चों की सुरक्षा में किसी भी स्तर की लापरवाही भविष्य में भारी पड़ सकती है। इसलिए जरूरत केवल कार्रवाई की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की है जिसमें नियम टूटने से पहले ही उन्हें रोक दिया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** थाना उदयपुर पुलिस द्वारा जमानतीय वारंट से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों नोखेलाल सुत राम सुफल सरोज निवासी मुबारकपुर मजरे राजपुर एवं लाल चंद्र यादव पुत्र राम जस यादव निवासी ग्राम समगढ़ा को गिरफ्तार किया गया।

### पंखे का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**महराजपुर मजरे जनई में हादसे से मचा कोहराम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**



**चंदापुर/रायबरेली** महराजपुर मजरे जनई गांव में सोमवार को बिजली का करंट लगने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी नितिन श्रीवास्तव पुत्र राघवेंद्र श्रीवास्तव (32) सोमवार को घर में पंखे का प्लग लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक वह बिजली के करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। नितिन की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी गायत्री श्रीवास्तव और करीब तीन वर्षीय पुत्र ऋतिक श्रीवास्तव को छोड़ गए हैं। हादसे ने मासूम बच्चे के सिर से पिता का साया छीन लिया। घटना के बाद गांव में भी शोक की लहर है। मामले में थाना प्रभारी चंदापुर अरविंद सिंह का कहना है कि परिजनों द्वारा मामले की सूचना दूरभाष पर दी गई थी मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज भेजा गया है जहां पर चिकित्सा में घोषित कर दिया शव को कभी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### उन्नाव में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश, CO बोले - दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हसनापुर मजरा सतगुरु खेड़ा गांव में सोमवार सुबह अराजक तत्वों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में तनाव फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। प्रतिमा 'डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क' में स्थापित थी। सुबह जब ग्रामीणों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा तो इसकी सूचना अन्य लोगों को दी। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर सोहरामऊ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इसके बाद सीओ हसनगंज तेज बहादुर सिंह भी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रतिमा का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। सीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा खंडित करने वाले अराजक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रतिमा को कब और कैसे क्षतिग्रस्त किया गया। **शांति की अपील** अधिकारियों के आश्वासन के बाद पुलिस ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की। फिलहाल मौके पर पुलिस बल तैनात है और स्थिति नियंत्रण में है।

# कर्मचारी, मजदूर व किसानों की 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** केंद्रीय श्रम संगठनो, कर्मचारी एवं किसान संगठनों के संयुक्त आह्वान पर सोमवार को जिला अधिकारी कार्यालय पर जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के तत्वावधान में कर्मचारी मजदूर एवं किसान संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर एक प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित 17 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी प्रतिनिधि को दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व मजदूर नेता हेमन्त नन्दन ओझा , राम बरन सिंह, राजमणि पाण्डेय, निर्भय प्रताप सिंह,वीपी त्रिपाठी,रोशन अली, विवेक श्रीवास्तव कृष्ण लाल शर्मा, सुनील पटेल,धर्मेंद्र यादव, संतोष प्रजापति, मोहम्मद आमिर,आशुतोष शुक्ला, राम आधार यादव, राजेंद्र सिंह, राधेश्याम पटेल, प्रवीण विश्वकर्मा, कमलेश मिश्रा, सुरेश शर्मा आदि प्रमुख रूप से कर रहे थे। मांग की गई कि ट्रेड यूनियन बनाने एवं सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार की पूर्ण गारंटी दी जाए, महंगाई भत्ते से संबंध 42000 प्रति माह की वैधानिक न्यूनतम मजदूरी लागू की जाए, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों बैंकों बीमा अन्य सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण एवं राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन पर रोक लगाई जाए, सभी संगठित गीत एवं प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए, बेरोजगार युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर स्थाई रोजगार सृजित किए जाएं और रिक्त केंद्र एवं राज्य सरकार के सभी पदों पर भर्ती की जाए, सार्वजनिक शिक्षा सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत किया जाए, श्रम संहिता और उसके नियमों को निरस्त किया जाए, सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सी2 + 50 पर सरकारी खरीद की गारंटी दी जाए, श्रम कानून का कड़ाई से पालन कराया जाए, आउटसोर्सिंग ठेका प्रथा और असुरक्षित रोजगार की प्रवृत्ति पर रोक लगाईजाए, विद्युत संशोधन विधेयक 2025 को वापस लिया जाए, विद्युत का निजीकरण रोका जाए, किसानों और गरीब लोगों के लिए व्यापक ऋण माफी की जाए, कृषि आधारित उद्योगों और सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण किया जाए, पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए।

## सीमाई क्षेत्र के नागरिक रोजगारपरक प्रशिक्षण लेकर आय अर्जन कर सकते है- संजय कुमार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ के बढ़नी ब्लॉक के नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औंदही के परिसर में सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी बलरामपुर द्वारा आयोजित नागरिक कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत भर्ती पूर्व प्रशिक्षण, प्लंबिंग, मोटर ड्राइविंग, वर्मी कम्पोस्ट , अपशिष्ट प्रबंधन व मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमांडेंट संजय कुमार द्वारा सोमवार को किया गया। कमांडेंट ने कहा लगभग 300 लोगों को रोजगारपरक संसाधन उपलब्ध कराने की योजना है, ताकि सीमाई क्षेत्र के ग्रामीण निर्भर होकर आय अर्जन कर सकें। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाके के तमाम लोग रोजगार के लिये दूरदराज के शहरों में जाते हैं। स्वरोजगार सृजन से वे आत्मनिर्भर होकर आर्थिक रूप से मजबूत होकर परिवार, समाज व देश के विकास में योगदान दे सकेंगे।

कहा कि भर्ती पूर्व प्रशिक्षण, प्लंबिंग, मोटर ड्राइविंग, वर्मी कम्पोस्ट , अपशिष्ट प्रबंधन व मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में शामिल लोग मेहनत से प्रशिक्षकों द्वारा दी जाने वाली सीख को अपनाएं। स्वास्थ्य शिविर स्टाल पर मरीजों को रोग विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा इलाज कर औषधि दी गयी। कार्यक्रम में क्षेत्र के 20 युवाओं को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस एसएसबी कमांडेंट ने वितरित किया। लखनऊ की बैंड पार्टी ने वंदेमातरम सहित अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों को खूब रिझाया। इस दौरा नमनोहर सिंह, सौरभ कुमार असिस्टेंट कमांडेंट, नपं अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि, अनिल अग्रहरि, आशा राम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 16 दिव्यांगजनों को मिली नौकरी

**उन्नाव।** दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेले में 57 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शैक्षिक योग्यता के अभिलेखों की जांच के बाद साक्षात्कार लिया, जिसमें 16 अभ्यर्थियों का नौकरी के लिए चयन किया गया। मेले का उद्घाटन कौशल विकास मिशन के जिला प्रभारी आशीष कौशिक और जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती चंद्रा ने किया। रोजगार मेले में डॉ. रेड्डी, प्रथम एडुकेशन, अमेजन समेत कई कंपनियों ने रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रतिभाग किया। अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता और संबंधित अभिलेखों की जांच के बाद कंपनी प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद 16 दिव्यांगजनों का विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित कंपनियों के कार्य और रोजगार से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी दी गई। जिला कौशल विकास मिशन प्रभारी आशीष कौशिक ने बताया कि रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## विवेकानंद, आर्यभट्ट और सरदार भगत सिंह हमारे युवाओं के लिए आदर्श- स्वांत रंजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से लोहिया कला भवन में सोमवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने युवाओं से संवाद करते हुए राष्ट्र, समाज और वर्तमान समय की चुनौतियों पर विचार साझा किए। कहा कि जो समाज अपने भूतकाल के गौरव को याद रखता है, उससे प्रेरणा लेता है, वही भविष्य के सपने बुनकर राष्ट्र व समाज को उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ाता है। मुगलों और अंग्रेजों ने देश को गुलाम बनाकर लूटा और अपनी सभ्यता संस्कृति भी भारतीयों पर थोप दिया। हमारी शिक्षा व्यवस्था भी तहस नहस कर दिया। हमारे तत्कालीन युवाओं स्वामी विवेकानंद, आर्यभट्ट और सरदार भगत सिंह ने देश और समाज को दिशा दिखाई है। देश में दो विचारधाराएं पूंजीवाद, साम्यवाद एक साथ चल रही थी लेकिन पं. दीन दयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद से पूरी मानवता को एक सूत्र में पिरोया है। देश की आजादी में नौजवानों ने अपनी जान दे दी है। भारत का युवा अन्य देशों के युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणादाई रहा है। वर्तमान में परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, यह व्यवस्था में कमी का द्योतक है।

युवाओं ने बेहतर भविष्य के लिए दिन रात मेहनत करते हैं और पेपर लीक होने से उनके सपने टूटे हैं। इससे उनमें रोष होना स्वाभाविक है। युवा संवाद कार्यक्रम में आए धर्मेंद्र सिंह के प्रश्न जेन जी के बीच रोष ज्यादा है और तकनीकी के दुरुपयोग को कैसे रोकें? के जवाब में कहा कि तकनीकि कभी खराब नही होती है, जिस तकनीकि ने जापान को तबाह कर दिया उसी से कई देशों में बिजली की आपूर्ति होती है। तकनीकि का दुरूपयोग नही होना चाहिए। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक प्रमुख डॉ. अवधेश, विभाग प्रचारक राजीव नयन, सह विभाग प्रचारक अजीत, सह विभाग कार्यवाह हरिश्चंद्र, डा. रत्नाकर, मनोज कुमार, जिला प्रचारक राघवेंद्र, शिवेंद्र सिंह, नगर प्रचारक सौरभ, अभय सिंह, अभय त्रिपाठी, रूपेश सिंह, महेश्वर पांडेय, दिवाकर विक्रम सिंह, विकास पांडेय, सौरभ, डॉ. राज नारायण उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## उन्नाव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, पैमाइश कर कब्जामुक्त कराने की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**उन्नाव।** जिले के कटरी पीपर खेड़ा गांव में विद्युत विभाग के नाम आवंटित सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगा है। मामले में शिकायतकर्ता शिव कुमार ने सोमवार को जिलाधिकारी और सहायक अभिलेख अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर राजस्व अभिलेखों के आधार पर जमीन की पैमाइश और सीमांकन कराने तथा अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

**3 सितंबर 2015 को हुआ था आवंटन**

शिकायतकर्ता के अनुसार नेशनल हाईवे से सटी इस जमीन को विद्युत विभाग के लिए 3 सितंबर 2015 को आवंटित किया गया था। इसमें गाटा संख्या 1164ख रकबा 0.3350 हेक्टेयर, गाटा 1167ग रकबा 0.2318 हेक्टेयर और गाटा 1168 रकबा 0.4200 हेक्टेयर की भूमि शामिल है। आरोप है कि विद्युत विभाग के नाम आवंटित इस सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि राजस्व अभिलेखों में जमीन की स्थिति स्पष्ट होने के बावजूद मौके पर कब्जे की स्थिति बनी हुई है। इससे भविष्य में सरकारी भूमि को लेकर विवाद उत्पन्न होने की आशंका है।

**राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में हो पैमाइश**


शिव कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर पैमाइश कराई जाए। इसके बाद राजस्व अभिलेखों के अनुसार भूमि का सीमांकन कर विद्युत विभाग के लिए आवंटित सरकारी जमीन को चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन की स्थिति स्पष्ट कराने और भविष्य में किसी भी तरह के विवाद को रोकने के लिए शिकायत की गई है। यदि जांच में अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसे हटाकर सरकारी भूमि को सुरक्षित कराया जाए।

**अब प्रशासन की जांच पर टिकी नजरें**

शिकायतकर्ता का उद्देश्य है कि समय रहते जमीन की पैमाइश और सीमांकन हो जाए ताकि सरकारी भूमि सुरक्षित रह सके। अब इस मामले में प्रशासन की जांच और राजस्व विभाग की पैमाइश के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौके पर विद्युत विभाग के लिए आवंटित भूमि की वास्तविक स्थिति क्या है।

**जिला प्रशासन से शिकायत, राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन की मांग**

### घास और जलभराव के बीच पढ़ने को मजबूर नौनिहाल, विद्यालय की व्यवस्था बदहाल



**उन्नाव।** जनपद मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित नगरीय प्राथमिक विद्यालय जवाहर खेड़ा इन दिनों बदहाल व्यवस्थाओं से जूझ रहा है। विद्यालय परिसर में जगह-जगह घास उगी होने के साथ ही जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इससे विद्यालय आने वाले नौनिहालों और शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, विद्यालय में बाउंड्रीवाल न होने से बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यालय परिसर में उगी घनी घास के कारण जहरीले कीड़े-मकोड़े और सांप आदि के निकलने की आशंका बनी रहती है। छोटे बच्चों के बीच ऐसी स्थिति किसी अनहोनी का कारण बन सकती है। दूसरी ओर परिसर में पानी भरा होने से गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की भी आशंका है।

### जमीन न छोड़ने पर कारोबारी को मिली जान से मारने की धमकी, खुद को बताया लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य

**अजगैंन।** जमीन खरीदने को लेकर कारोबारी को अज्ञात नंबर से लगातार धमकी भरे फोन आ रहे हैं। फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए जमीन छोड़ने की चेतावनी दी और न मानने पर हत्या की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर अजगैंन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवाबगंज के दुर्गा मंदिर रोड निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र रामराज सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। कॉलर ने कहा कि देवेंद्र ने नवाबगंज और आसपास के गांवों में जमीन खरीदी है। इसके बाद आरोपी ने जमीन छोड़ने के लिए धमकाया। देवेंद्र के अनुसार, कॉल करने वाले ने उन्हें, उनके साथी दिनेश कुमार और छोटे भाई शिवेंद्र सिंह को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि धमकी देने वाले ने बातचीत के दौरान खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया। कई बार आए धमकी भरे कॉल, परिवार दहशत में देवेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उक्त नंबर से उन्हें कई बार धमकी भरे फोन किए गए। उनके पास सभी कॉल की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। लगातार मिल रही धमकियों के बाद देवेंद्र और उनका परिवार दहशत में है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि धमकी देने वाला उनकी और परिवार के सदस्यों की हत्या करा सकता है। उन्होंने पुलिस से मोबाइल नंबर की जांच करने, आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सपा ने मनाई फूलन देवी की जयंती, संघर्ष और सामाजिक योगदान को किया याद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर अन्याय अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध मुखर आवाज, सामाजिक न्याय की महान योद्धा, वीरांगना पूर्व सांसद अमर शहीद फूलन देवी की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राम धीरज साहनी की अध्यक्षता तथा डुमरियागंज की विधायक सैयद खातून की उपस्थिति में मनाई गई तथा तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और विचार गोष्ठी कर विस्तृत रूप से चर्चा कर उनके संघर्षों को याद किया गया।

विचार गोष्ठी में डुमरियागंज की विधायक सैयदा खातून ने स्वर्गीय फूलन देवी के जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि फूलन देवी का पूरा जीवन संघर्षो से भरा रहा और उन्होंने शोषण, अन्याय, अत्याचार के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया फूलन देवी का अपराध यही था कि उन्होंने एक गरीब दलित शोषित परिवार में जन्म लिया सामंतवादी लोगों ने अपने अन्याय एवं अत्याचार से फूलन देवी का जीवन नर्क बना दिया था फूलन देवी एक साहसी विद्रोही और क्रांतिकारी महिला थी समाज ने उनके साथ न्याय नहीं किया इसी अन्याय के विरुद्ध उन्होंने जंग का लड़ने का निर्णय लिया और क्रांति की प्रतीक बन गई सामाजिक न्याय के प्रणेता स्व.मुलायम सिंह यादव ने एक शोषित और समाज के दबे-कुचले परिवार से निकली हुई अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने वाली फूलन देवी को जेल से निकालकर अपनी समाजवादी पार्टी से सांसद बनाने का काम किया था और समाज में सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय पासवान, बेचई यादव, राममिलन भारती, मणिद्र मिश्रा मशाल, कमरूज्जमा खान, बहरइची प्रसाद प्रेमी, सोनू यादव, पारसनाथ विश्वकर्मा, बृजभान यादव, जेपी यादव, अखिलेश मौर्या, चंद्रभान पहलवान, शैलेंद्र शर्मा, मोहम्मद जफर, चंद्रजीत यादव, जोखन चौधरी, चंचल रावत, रामस्वरूप पांडेय, एजाज अहमद आदि उपस्थित रहे।

## रोशनलाल उमरवैश्यने वृद्धाश्रम में धूमधाम से मना 56वां जन्मदिन

**» वृद्धाश्रम में जन्मदिन बना सेवा का पर्व, जयराम दादा ने पुत्र मानकर दिया आशीर्वाद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** महुली स्थित वृद्धाश्रम में एलायन्स क्लब इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक एवं समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य का 56वां जन्मदिन हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया गया।106 वर्षीय जयराम दादा जी ने रोशनलाल उमरवैश्य को अपने पुत्र के समान मानते हुए उन्हें जन्मदिन का आशीर्वाद दिया। उनके नेतृत्व में आयोजित समारोह में बुजुर्गों और प्रबुद्धजनों ने रोशनलाल उमरवैश्य के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके बाद रोशनलाल उमरवैश्य ने वृद्धाश्रम परिवार के बीच केक काटा और प्रसाद वितरित किया। वृद्धाश्रम में रह रहे सभी दादा-दादियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे वितरित किए गए और पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर भोजन दान अभियान के तहत जरूरतमंदों को पौष्टिक भोजन का वितरण किया गया। आयोजकों ने कहा कि जन्मदिन को सेवा और जरूरतमंदों की मदद से जोड़ना समाज में मानवता, संवेदना और सेवा का सकारात्मक संदेश देता है। वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व एडीआईओएस डॉ. दयाराम मौर्य ने कहा कि बुजुर्गों और माता-पिता की सेवा करना मानव का परम कर्तव्य है। वहीं वृद्धाश्रम मैनेजर अंबिका प्रसाद ने कहा कि बुजुर्गों के बीच जन्मदिन मनाना सराहनीय और प्रेरणादायी पहल है। इससे वृद्धजनों को परिवार जैसा अपनापन मिलता है। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि वह आगे भी मानव सेवा, प्राणी सेवा और जरूरतमंदों की मदद के लिए समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. शाहिदा, राजेश पांडे, आनंद मोहन ओझा, शिवबाबू, आशिक अली, विवेक यादव, आदर्श कुमार, विपिन यादव, राकेश कनौजिया, चंद्रेश बहादुर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दूसरे सोमवार दानेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** पवित्र सावन माह के दूसरे सोमवार को कस्बा स्थित सुविख्यात दानेश्वर मंदिर में सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपनी-अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। सावन माह शुरू होते ही दानेश्वर मंदिर में प्रतिदिन जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। वहीं दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या में खासा इजाफा देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध और जल से भगवान शिव का अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, पुष्प आदि अर्पित किए।

कस्बे के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दानेश्वर मंदिर पहुंचे। भक्तों ने हवन-पूजन कर भगवान शिव की आराधना की। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर अपनी-अपनी फरियाद लेकर पहुंचे और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस रही मुस्तैद**

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। पुलिसकर्मी लगातार मंदिर परिसर में भ्रमण करते रहे और श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने में जुटे रहे। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं पर नजर रखी गई। पुलिस की मुस्तैदी के बीच श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण ढंग से भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा- अर्चना की।

### बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

**उन्नाव।** सावन के दूसरे सोमवार को जिलेभर के शिवालय हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गुंजायमान रहे। भोर पहर से ही मंदिरों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्त मंदिरों में पहुंचने लगे। जैसे-जैसे दिन चढ़ा, मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई और कई स्थानों पर दर्शन-पूजन के लिए कतारें लग गईं। भक्तों ने भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इसके साथ ही दूध, बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा आदि अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान सदाशिव की आरती उतारी और शिव चालीसा का पाठ किया। मंदिर परिसर में गूंजते हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से माहौल पूरी तरह शिवमय नजर आया। मगरवारा स्थित श्री गोकुल बाबा मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। वहीं शहर के बड़े चौराहे स्थित झंडेश्वर मंदिर, तालिबसराय के झारखंडेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर, शिवनगर स्थित शिव मंदिर, पूरननगर के गोपेश्वर महादेव मंदिर और राजाशंकर सहाय स्थित शिव मंदिर में भी भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह करीब नौ बजे के बाद मंदिरों में भीड़ और बढ़ गई। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा की।

## सावन के दूसरे सोमवार को बाल्हेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** सावन के दूसरे सोमवार को ऐहार स्थित प्रसिद्ध बाबा बाल्हेश्वर धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर बाबा बाल्हेश्वर के दर्शन किए और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के कपाट तड़के करीब 3 से 4 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मंगला आरती के बाद दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। महिला, पुरुष और बुजुर्ग श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में कांवड़िये भी बाबा के दरबार में पहुंचे। कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।श्रद्धालुओं ने बाबा बाल्हेश्वर के शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और अक्षत अर्पित कर मन्नतें मांगीं। मंदिर परिसर के बाहर लगा पारंपरिक मेला भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। प्रसाद, पूजा सामग्री, श्रृंगार, खिलौने और खान-पान की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया, जबकि महिलाओं ने श्रृंगार और घरेलू सामान की खरीदारी की श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए डलमऊ तहसील प्रशासन और लालगंज पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर और प्रवेश मार्गों पर बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की कतारों को व्यवस्थित किया गया। महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी निगरानी करते रहे।वहीं, मंदिर समिति के स्वयंसेवकों ने भी भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने में सहयोग किया।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया सीएम हेमंत सोरेन का जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ह्द्द2ह्य 4

**पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ जिला के झामुमो कार्यालय में सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम के नेतृत्व में धनुषपूजा स्थित झामुमो कार्यालय, पाकुड़ में ,राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 51वाँ जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया ।झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने केक काटकर सर्वप्रथम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चित्र को खिलाया ! सभी सभी कार्यकर्ताओं ने 'हैप्पी बर्थडे टू आवर डिअर हेमंत सोरेन का गीत गुनगुना कर बारी बारी से कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बीच केक व मिठाईया बाँटी। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दीर्घायु जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने कहा कि राज्य के गरीब, शोषित, वंचित आदिवासियों और मूलवासियों के हक-अधिकार के लिए झारखंड का यशस्वी बेटा हेमंत सोरेन हमेशा कार्य करते रहेंगे। साथ ही कहा कि राज्य के विकास को लेकर निरंतर प्रयत्नशील रहने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदृष्टि से राज्य का बेहतर विकास होगा। विपक्षी ताकते चाहे कितनी भी साजिशें रच लें हमारे नेता हेमंत सोरेन झुकने व डरने वालो में नही है। वे राज्य के आदिवासियों- मूलवासियों, अल्पसंख्यकों, दलितों, पिछड़ो, युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों की हक व अधिकार की लड़ाई लड़ते रहेंगे और उन्ही के नेतृत्व में राज्य के विकास के पहिया तेज गति से घूमेगा। सीएम सोरेन का जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ जिले के नेमरा में हुआ था।मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी, जिला सचिव माईकिल मुर्मू, सासद प्रतिनिधि सह केंद्रीय सदस्य श्याम यादव, केंद्रीय सदस्य मिथिलेश घोष, जिप अध्यक्ष जुली खीस्टमुनी हेम्ब्रम, जिला संगठन सचिव अनारूद्दीन मियां, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्बरम, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष कदम रसूल, युवा जिला सचिव अमित भगत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दानियल किस्कू, बुद्धिजीवी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सगीर अंसारी, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, नगर सचिव नूर आलम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुस्लोद्दीन शेख, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, अमड़ापाड़ा प्रखंड सचिव जहीरुद्दीन मियां, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आफताब आलम, पाकुड़ प्रखंड उपाध्यक्ष अजफारुल शेख, महेशपुर प्रखंड उपाध्यक्ष एनामुल हक, आलमगीर आलम, सोनू आलम, अबुल कलाम, फुरकान शेख, समीम अंसारी, दयानंद भगत, अब्दुल कादिर सहित दर्जनों कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।




# 48 घंटे बाद भी प्राथमिकी नहीं अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र पर उठे सवाल

## बिना लाइसेंस और चिकित्सक के संचालन का आरोप, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुपौल।** त्रिवेणीगंज शहर में खादी भंडार के समीप संचालित सीएन हॉस्पिटल और उमदा अल्ट्रासाउंड केंद्र को जांच टीम द्वारा सील किए जाने के 48 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर दोनों संस्थानों को सील किया था। इसके बावजूद अब तक ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं होने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, मामले में किसी प्रकार की मिलीभगत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**बिना चिकित्सक और लाइसेंस के संचालन का आरोप**

जांच टीम के अनुसार, उमदा अल्ट्रासाउंड केंद्र के पास संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग का वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। छापेमारी के समय मौके पर कोई अधिकृत चिकित्सक भी मौजूद नहीं था। जांच के दौरान कई अनियमितताएं मिलने के बाद केंद्र को सील कर दिया गया।

**सिविल सर्जन ने कार्रवाई का दिया भरोसा**

कार्रवाई में देरी को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन डॉ. बी.एस. झा से जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिकी दर्ज होने की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि वे अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक से संपर्क कर कार्रवाई में हुई देरी की जानकारी लेंगे। सिविल सर्जन ने कहा कि पीसी-पीएनडीटी अधिनियम के तहत निर्धारित प्राधिकरण से लाइसेंस प्राप्त किए बिना अल्ट्रासाउंड केंद्र का संचालन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि बिना लाइसेंस मशीन प्राप्त कर अवैध रूप से केंद्र संचालित किया जा रहा है तो यह गंभीर मामला है और जांच के बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध केंद्रों पर कार्रवाई के लिए गठित टास्क फोर्स**

डॉ. झा ने बताया कि जिले में बिना विभागीय लाइसेंस संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्रवाई के लिए जिलास्तरीय कार्यबल का गठन किया गया है। यह टीम लगातार जांच और छापेमारी कर ऐसे केंद्रों को सील करने के साथ संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करेगी। अब देखना होगा कि सिविल सर्जन के हस्तक्षेप के बाद इस मामले में प्राथमिकी और विभागीय कार्रवाई में तेजी आती है या नहीं।

# पाथरडांगा शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने की शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** श्रावण माह की दूसरी सोमवारी के अवसर पर 9 अगस्त को पाथरडांगा स्थित शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव से भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही और पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय रहा। दूसरी सोमवारी को लेकर पाकुड़िया, मोंगलबांध, रामदेव कुंडी, चौकीसाल, पारुलिया, तेतुलिया, राधानगर, तेगुड़िया, रामघाटी, बीचपहाड़ी, बनोग्राम, तालवा, लागडुम, फुलझिंझरी, गनपुरा, राजवाहा, सिंहपुर, बेनाकूड़ा सहित आसपास के विभिन्न गांवों से श्रद्धालु पाथरडांगा शिव मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल, बेलपत्र एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। श्रावण माह भगवान आशुतोष को अत्यंत प्रिय माना जाता है। मान्यता है कि भगवान शिव भक्तों द्वारा श्रद्धापूर्वक अर्पित जल एवं बेलपत्र से प्रसन्न होकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी आस्था के चलते श्रावण की सोमवारी को महिलाएं, बच्चे और अन्य श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आराधना करते हैं। सोमवारी के अवसर पर कई महिलाओं ने उपवास रखकर शिव-पार्वती की पूजा की। वहीं, संध्या बेला में महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से शिव चर्चा की गई। इससे प्रखंड क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना रहा। इधर, दूसरी सोमवारी के अवसर पर पाकुड़िया क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवर यात्रा के लिए भी रवाना हुए। श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली।

# कुडू के प्राचीन महादेव मंडा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, कीर्तन-भजन से गूंजा शिवालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा, झारखंडः-** सावन मास की पवित्रता और भक्ति का अद्भुत नजारा आज कुडू प्रखंड में देखने को मिला। सावन की दूसरी सोमवारी पर सलगी पंचायत अंतर्गत प्रखंड कुडू स्थित प्राचीन महादेव मंडा मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं और श्रद्धालु घंटों लाइन में खड़े होकर शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना करते रहे। कीर्तन-भजन से गूंजा पूरा परिसर इस बार की सोमवारी को खास बनाते हुए सलगी कीर्तन मंडली के तमाम साथी मंदिर पहुंचे। मंडली के सदस्यों ने बाबा के दरबार में घंटों तक भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों के साथ ढोलक, मंजीरा और हारमोनियम की धुन पर पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। कीर्तन में बाबूलाल साहू, जवाहर साहू, लीलमणि देवी, कांति देवी, मनोहर ठाकुर, प्रताप ठाकुर सहित सलगी कीर्तन मंडली के तमाम भक्तजन उपस्थित रहे। कीर्तन के बाद सभी भक्तों ने बाबा पर



गंगाजल और दूध से जलाभिषेक किया, बेलपत्र और फूल अर्पित किए और प्रसाद ग्रहण कर अपनी मनोकामना मांगी। पूजा-पाठ पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि सावन के हर सोमवार को यहां भीड़ सामान्य दिनों से कई गुना बढ़ जाती है और यह सिलसिला पूरे सावन माह तक जारी रहेगा।

**हजारों साल पुरानी आस्था का केंद्र**

महादेव मंडा मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राचीनता और रहस्य है। ग्रामीणों और बुजुर्गों के अनुसार इस मंदिर की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कब हुई, इसकी सटीक जानकारी आज तक किसी को नहीं है। ग्रामीणों का मानना है कि दादा-परदादा के समय से ही यह मंदिर घने जंगल के बीच आस्था का केंद्र रहा है। कहा जाता है कि हजारों साल पहले जब ऋषि-मुनि इस क्षेत्र के जंगलों में तपस्या करते थे, तब उन्होंने भगवान भोलेनाथ की स्थापना की होगी। मंदिर का निर्माण किसने और कब कराया, यह आज भी एक अनसुलझा रहस्य है।

**मन्नत पूरी करने वाला' दरबार**

स्थानीय भक्तों की गहरी आस्था है कि इस मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत बाबा भोलेनाथ पूरी करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आज तक जो भी श्रद्धा भाव से यहां आया है, बाबा ने उसकी झोली जरूर भरी है। एक बुजुर्ग भक्त ने बताया, 'ये मंदिर सिर्फ पत्थर का नहीं है। ये हमारे पूर्वजों की आस्था है। देवों के देव महादेव यहां साक्षात विराजमान हैं। जो भी हृदय से आता है, खाली हाथ नहीं जाता। ' पूरे क्षेत्र में यह मंदिर सनातन धर्म की आस्था और विश्वास का प्रतीक बन चुका है। सावन माह में यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और अंतिम सोमवारी तक भीड़ के और बढ़ने की संभावना है।

# पाकुड़िया झामुमो प्रखंड कार्यालय में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया झामुमो प्रखंड कार्यालय में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हु और गुरूजी जैसे महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, प्रखंड सचिव मैनुद्दीन अंसारी सहित कई लोग शामिल रहे। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा ने आदिवासी भाई-बहनों को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी आदिवासियों को एकजुट होकर एकता का परिचय देना होगा। उन्होंने बताया कि मूल निवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। मैनुद्दीन अंसारी ने कहा कि यह दिवस उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करता है जो आदिवासी लोग पर्यावरण संरक्षण जैसे वैश्विक मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। इस अवसर पर महेंद्र टुडू, कालिदास टुडू, कलम मुर्मू, अजीमुद्दीन अंसारी, सिबराम सोरेन, हाकिम अंसारी, बाबूरली मरांडी, मोईन आलम, मंजूर अंसारी, मनाफ अंसारी, सिकंदर अली, शाहजहाँ अंसारी, शिबजतन, नरेश हांसदा सहित झामुमो के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# AIMIM पाकुड़ जिला कमेटी कार्यकारिणी का हुआ विस्तार, जन समस्याओं के निदान पर की गई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखण्डः-** ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह हैदराबाद सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व, झारखंड प्रभारी स्ह्ल मिर्जा रियाजुल हसन अफांदी के मार्गदर्शन, प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर के निर्देश तथा संथाल परगना प्रभारी अकिल अख्तर के सहयोग एवं संगठनात्मक परामर्श से,ढ्ढस्ढ्ढरू पाकुड़ जिला संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।पाकुड़ जिला अध्यक्ष शमसाद आलम द्वारा दिनांक 09 अगस्त 2026 को जिला कार्यकारिणी के विस्तार के तहत कई नए पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से मनोनीत किया। अध्यक्ष सांसद आलम ने बताया कि जिले में पार्टी के कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान तथा कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान को और अधिक गति देना तथा संगठन को पंचायत, प्रखंड एवं बूथ स्तर तक मजबूत करना है। वर्तमान समय में पार्टी संगठन के विस्तार और जनसंपर्क को प्राथमिकता दी जाएगी। नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह बढ़ेगा और पार्टी की गतिविधियों को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिला कार्यकारिणी का यह विस्तार संगठन को तत्काल सक्रिय और गतिशील बनाने के उद्देश्य से किया गया । कुछ दिनों के अंदर पूरी पाकुड़ जिला कमेटी का भी विस्तार किया जाएगा, जिसमें संगठन के प्रति सक्रियता, निष्ठा, कार्यकुशलता और जनसंपर्क को ध्यान में रखते हुए योग्य एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।ढ्ढस्ढ्ढरू जिला अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने, अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा गांव-गांव जाकर कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि AIMIM पाकुड़ जिला कमेटी का लक्ष्य है कि आने वाले समय में संगठन को हर पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय किया जाए तथा आम जनता की समस्याओं और अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।




# सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव एवं दिशोम गुरु बिरसा मुंडा को नमन कर मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ के रविंद्र भवन में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के साथ राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष महावीर मड़ैया ने कार्यक्रम में शामिल होकर आदिवासी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस दौरान आदिवासी समाज की अस्मिता, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आदिवासी समाज के वीर शहीद सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो तथा दिशोम गुरु बिरसा मुंडा को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष महावीर मड़ैया ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज के समक्ष आने वाली प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए वे आदिवासी समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए समाज के हित में हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 105 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

## आवश्यकतानुसार दी गई दवाएं, चिकित्सकों ने भारी काम से बचने की दी सलाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार, 10 अगस्त को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 105 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सक डॉ. शर्राफ एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने महिलाओं की जांच की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई। जांच के बाद आवश्यकता के अनुसार गर्भवती महिलाओं को दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान नर्स एवं अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। यदि 9 तारीख को रविवार या अवकाश रहता है, तो अगले कार्यदिवस पर जांच की जाती है। वहीं, किसी कारणवश जांच से वंचित रह जाने वाली गर्भवती महिलाओं की जांच महीने के तीसरे बुधवार को की जाती है। जांच के बाद चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को घरेलू स्तर पर भारी काम नहीं करने की सलाह दी। साथ ही स्वास्थ्य एवं शारीरिक सक्रियता बनाए रखने के लिए हल्के कार्य करने की बात कही। चिकित्सकों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच कराने से संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान की जा सकती है और सुरक्षित प्रसव में सहायता मिलती है। गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य सहियाओं के साथ नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराती हैं।



# वन विभाग ने बिशनपुर से विषैला सर्प गेहुमन किया रेस्क्यू



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड।** चौपारण प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झापा के बिशनपुर स्थित खिलाही टोला निवासी त्रिलोकी साव के घर में अचानक एक विषैला सर्प गेहुमन घुस गया। सर्प को घर में घुसते हुए परिवार के लोगों ने देखा। इसके बाद आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। कुछ लोगों ने सर्प को मारने की बात कही, जबकि कुछ लोगों ने उसे मारने से रोक दिया। सर्प के भयानक रूप और तेज फुफकार के कारण किसी की उसे पकड़ने या बाहर निकालने की हिम्मत नहीं हुई। सर्प एक सुरक्षित स्थान पर जाकर बैठ गया था। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना मोबाइल फोन के माध्यम से बरही विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत झापा के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुकुंद साव को दी। सूचना मिलते ही मुकुंद साव ने तत्काल वन विभाग से संपर्क किया और रेस्क्यू टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने काफी सावधानी से सर्प को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया और अपने साथ ले गई। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र में आए दिन सर्पदंश की घटनाएं सामने आने के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल था। ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव की त्वरित पहल के लिए आभार जताया और वन विभाग की रेस्क्यू टीम को धन्यवाद दिया। रेस्क्यू टीम का नेतृत्व प्रभारी वनपाल संतु कुमार कर रहे थे। टीम में संतु कुमार के अलावा कृष्ण प्रसाद महतो, अजीत कुमार गझू तथा एनक्यूआरटी के जवान शामिल थे। प्रभारी वनपाल संतु कुमार ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि शाम के समय सर्प भोजन, पानी और हवा की तलाश में बाहर निकलते हैं। इसलिए शाम के समय बिना टॉर्च के घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश की स्थिति में किसी तरह का घरेलू उपचार करने के बजाय पीड़ित को यथाशीघ्र नजदीकी अस्पताल ले जाना चाहिए और चिकित्सकीय उपचार कराना चाहिए। मौके पर रेस्क्यू टीम के साथ पहुंचे सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने भी ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में, खासकर शाम के समय, सर्प समेत अन्य विषैले जीव-जंतु अपने बिलों से बाहर निकलते हैं। इसलिए लोगों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर टॉर्च आदि रोशनी के साधन साथ लेकर ही बाहर निकलना चाहिए। मौके पर 'स्वतंत्र प्रभात' के पत्रकार मिथुन कुमार भी पहुंचे और पूरे घटनाक्रम को अपने कैमरे में कैद किया। घटनास्थल पर गांव के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गुप्ता, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रामदेव गुप्ता, सक्रिय कार्यकर्ता एवं 'नई समाज' के प्रखंड सचिव पप्पू ठाकुर के अलावा नरेश ठाकुर, सुरेंद्र सोनी, नरेश साव, गुलाब साव, शुक्र साव, कामेश्वर साव, उर्मिला देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# छात्रों के समर्थन में धरना देने पहुंचे विधायक मनोज यादव गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** छात्रों के समर्थन में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सभी नेताओं को हिरासत में लेकर खेलगांव ले गई। धरना में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, विधायक प्रदीप प्रसाद, पूर्णिमा नीरज सिंह, राज सिन्हा, नवीन जयसवाल, अमित यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए थे। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने छात्रों की मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने छात्रों के मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्रों की जायज मांगों को दबाने के बजाय सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकार और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर भाजपा उनके साथ मजबूती से खड़ी है। धरना-प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने भाजपा नेताओं को हिरासत में लेकर खेलगांव पहुंचाया। भाजपा नेताओं ने पुलिस की कार्रवाई को लेकर हेमंत सरकार पर लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का आरोप लगाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री से छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग किया।



# फूलन देवी की जयंती पर सपा ने सामाजिक न्याय की लड़ाई तेज करने का लिया संकल्प

**ज्ञानपुर।** समाजवादी पार्टी की ओर से पूर्व सांसद और वीरांगना फूलन देवी की जयंती सोमवार को जिला कार्यालय कंसापुर, ज्ञानपुर में मनाई गई। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि फूलन देवी साहसिक और बहादुर महिला थीं। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डटकर मुकाबला किया। महिलाओं के सम्मान और अधिकार की लड़ाई को मजबूती देने के लिए नेताजी मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को जेल से निकालकर संसद तक पहुंचाया। संसद में उन्होंने गरीबों, मजलूमों और कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा महिलाओं, पिछड़ों, कमजोरों और दबे-कुचले वर्गों के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी उनकी आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी।

# गुवाहाटी हाईकोर्ट की स्थायी पीठ की मांग तेज, केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि:** असम की बराक घाटी में गुवाहाटी उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ स्थापित करने की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल को पत्र लिखकर इस दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह बराक घाटी के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग है और इसे न्याय तक समान एवं सुगम पहुंच के व्यापक हित में गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। सांसद सुष्मिता देव ने अपने पत्र में कहा कि बराक घाटी में उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ की मांग किसी एक वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह न्याय तक समान पहुंच, प्रशासनिक सुविधा और संतुलित क्षेत्रीय विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि दशकों से इस क्षेत्र के वादकारियों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को उच्च न्यायालय की कार्यवाही के लिए गुवाहाटी की लंबी यात्रा करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत उठानी पड़ती है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री का ध्यान बराक घाटी की भौगोलिक दूरी और कमजोर संपर्क व्यवस्था की ओर भी दिलाया। उनके अनुसार, काछार, हैलाकांडी, श्रीभूमि और दीमा हसाओ के लोगों को गुवाहाटी स्थित उच्च न्यायालय तक पहुंचने में कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क एवं रेल संपर्क में व्यवधान, विशेषकर मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन जैसी परिस्थितियां, इस समस्या को और गंभीर बना देती हैं। सुष्मिता देव ने कहा कि इन परिस्थितियों का सीधा प्रभाव उन लोगों पर पड़ता है जिन्हें अपने मामलों की सुनवाई के लिए बार-बार गुवाहाटी जाना पड़ता है। लंबी दूरी की यात्रा और संपर्क संबंधी बाधाओं के कारण वादकारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है तथा न्यायिक कार्यवाही में भी व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। सांसद ने अपने पत्र में बराक घाटी में पिछले वर्षों के दौरान हुए जनसांख्यिकीय, आर्थिक और संस्थागत विस्तार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए मिनी सचिवालय की स्थापना तथा बराक वैली डेवलपमेंट डिपार्टमेंट का गठन किया गया है। ऐसे में न्यायिक संस्थाओं तक पहुंच को भी क्षेत्र की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप मजबूत किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बराक घाटी में उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ की स्थापना पर वर्तमान परिस्थितियों और क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से वस्तुनिष्ठ विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। यह कदम न केवल न्याय तक पहुंच को आसान बनाएगा, बल्कि क्षेत्र में संवैधानिक शासन और प्रशासनिक विकेंद्रीकरण को भी मजबूत करेगा। सांसद सुष्मिता देव ने केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री से आग्रह किया कि बराक घाटी में उपयुक्त स्थान पर गुवाहाटी उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ स्थापित करने के प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई और संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि स्थायी पीठ की स्थापना से बराक घाटी के लोगों को न्याय प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करने की मजबूरी कम होगी और वादकारियों, अधिवक्ताओं तथा आम नागरिकों के लिए न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक बन सकेगी।

## डीजीपी ने लुधियाना में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**लुधियाना।** आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने लुधियाना पुलिस लाइंस में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में लुधियाना के पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा, लुधियाना रेंज के उपमहानिरीक्षक संदीप गोयल, खन्ना व जगराओं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित क्षेत्र के सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक को लुधियाना आयुक्तालय और लुधियाना रेंज में सुरक्षा संबंधी सूचनाओं, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तथा पुलिस बल की तैनाती की जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने महत्वपूर्ण आवागमन स्थलों, रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर चौबीसों घंटे गश्त बढ़ाने, अचानक नाकाबंदी और रणनीतिक तलाशी अभियान तेज करने को कहा। उन्होंने जिला खुफिया इकाइयों और राज्य की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच तत्काल सूचना साझा करने पर भी जोर दिया, ताकि संभावित सुरक्षा खतरों की समय रहते पहचान कर कार्रवाई की जा सके।

# उपायुक्त हिमांशु जैन ने केंद्रीय व बोर्स्टल जेल का किया निरीक्षण

**कैदियों की समस्याएं सुनीं, तत्काल समाधान के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** कैदियों की भलाई, हेल्थ सुविधाओं और रहने के हालात का रिव्यू करने के मकसद से लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने आज सेंट्रल जेल और बोरस्टल जेल का पूरी तरह से इंस्पेक्शन किया। इस दौरान उन्होंने जेलों में कैदियों को दी जा रही बेसिक सुविधाओं, हेल्थ सेवाओं, साफ-सफाई के इंतज़ाम और रोज़ाना की ज़रूरतों का डिटेल में जायजा लिया। डिप्टी कमिश्नर ने जेल में कैदियों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं और चिंताएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कैदियों की जायज़ समस्याओं का तुरंत समाधान पक्का करने और जेल मैनेजमेंट में ज़रूरी सुधार लाने के निर्देश दिए। इंस्पेक्शन के दौरान रिहैबिलिटेशन और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी रिव्यू किया गया। डिप्टी कमिश्नर ने वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम और दूसरी कोशिशों का रिव्यू किया, जो कैदियों को रिहाई के बाद इज्ज़तदार और आत्मनिर्भर ज़िंदगी जीने में मदद करने के लिए चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैदियों का सुधार और उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाना जेल मैनेजमेंट का मुख्य मकसद है। उन्होंने इन प्रोग्राम को और मज़बूत करने के लिए ज़िला प्रशासन से हर मुमकिन सहयोग और एडमिनिस्ट्रेटिव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि कैदियों के सफल रिहैबिलिटेशन, स्किल डेवलपमेंट और समाज में फिर से शामिल होने के लिए लगातार कोशिशें की जाएंगी।

# 12 करोड़ की लागत से बनी रड़ा-टाहली सड़क जनता को समर्पित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टांडा/होशियारपुर।** उड़मुड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव रड़ा से टाहली तक 4.44 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क बनकर तैयार हो गई है। करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस सड़क का उद्घाटन होशियारपुर के लोकसभा सदस्य डॉ. राज कुमार चब्बेवाल ने विधायक जसवीर सिंह राजा गिल और अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया। सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल ने बताया कि करीब 4.44 किलोमीटर लंबी और 12 फीट 3 इंच चौड़ी इस सड़क के निर्माण पर लगभग 12 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

सड़क के साथ किनारों की ढलान सुरक्षा का कार्य भी किया गया है, जिससे इसकी मजबूती और टिकाऊपन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि गांवों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बेहद जरूरी है। रड़ा से टाहली तक नई सड़क बनने से आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करती है। सांसद ने कहा कि बेहतर परिवहन व्यवस्था लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक सुविधाओं तक आसानी से पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नई सड़क से किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में करीब 45 हजार किलोमीटर ग्रामीण संपर्क सड़कों के सुधार का कार्य कर रही है। विधायक जसवीर सिंह राजा गिल ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों की बड़ी मांग पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूरे किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़क के रखरखाव और निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सरपंचों और लोगों ने सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल तथा विधायक जसवीर सिंह राजा गिल का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से रड़ा, टाहली और आसपास के गांवों के लोगों का आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। विधायक राजा गिल ने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में आधारभूत ढांचे से जुड़े अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।

## कांवड़ियों ने भगवान शिव का किया जलाभिषेक

**कोंच(जालौन)-** सोमवार को कोंच नगर में आस्था और भक्ति का नजारा देखने को मिला। सुबह युवा कांवड़ियों का जत्था सेवढ़ा की सिंध नदी से पवित्र जल लेकर चंदकुआं स्थित प्राचीन भूतेश्वर मंदिर पहुंचा। कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कांवड़ यात्रा में शामिल युवा डीजे की धुन और भगवान शिव के जयकारों के साथ पैदल ही सेवढ़ा स्थित सिंध नदी तक पहुंचे। जहां उन्होंने विधि-विधान से पात्रों में जल भरा और फिर वापस कोंच के लिए रवाना हुए। कांवड़ियों के कोंच पहुंचने पर चंदकुआं स्थित प्राचीन भूतेश्वर मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बन गया। यहां पहुंचकर सभी कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का पवित्र जल से अभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। कांवड़ यात्रा में अमित, छोटू यादव, हर्षित तिवारी, अमन कुशवाहा, गुलशन कुशवाहा, अंकित कुशवाहा, सुमित, ऋतिक यादव, गौरव, शशिकांत, कृष्णा, शिवम, ऋतिक सक्सेना, राज, आशु, आदित्य सहित कुल 17 कांवड़िए शामिल रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए जरूरी निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नवांशहर।** उपायुक्त गुलप्रीत सिंह औलख की अध्यक्षता में जिला प्रशासनिक परिसर के बैठक कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था सुचारु करने तथा उच्चतम न्यायालय एवं सरकार द्वारा जारी निर्देशों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सड़कों पर घूमने वाले पशुओं, बेसहारा पशुओं के प्रबंधन तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से संबंधित कार्यों की विभागवार जानकारी ली। उन्होंने जिले में पीएम राहत कोष योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को योजना के लिए विभागीय नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा, ताकि योजना का लाभ जमीनी स्तर तक आसानी से पहुंचाया जा सके। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट पोर्टल पर दुर्घटनाओं की समयबद्ध प्रविष्टि, राहवीर योजना, फरिश्ते योजना तथा सड़क सुरक्षा मित्र योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला सूचना अधिकारी को निर्देश दिए कि इन योजनाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क दुर्घटना के बाद भागने वाले वाहन चालकों से जुड़े मामलों में प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने, जिले में जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर कार्रवाई मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों और महाविद्यालयों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता गतिविधियां बढ़ाने तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों को सड़कों पर उचित संकेतक, सड़क चिह्न, गति नियंत्रण के उपाय तथा अन्य सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर बहुमूल्य मानव जीवन को बचाया जा सके। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त (जे) संजीव शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के अधिकारी इंद्रपाल, सहायक आयुक्त सामान्य रमनजीत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी के सदर का किया गया स्वागत



**कोंच(जालौन)-** नगर के सागर तालाब स्थित अस्ताना-ए-कलंदरिया पर जुलूस-ए-मोहम्मदी के सदर बनाए गए पालिका सभासद शमसुद्दीन मंसूरी का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान तंजीम गुलामाने मुस्तफा कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और जुलूस-ए-मोहम्मदी की सफलता के लिए एकजुट होकर सहयोग करने का आह्वान किया। मंसूरी ने सभी लोगों से जुलूस के दौरान अनुशासन बनाए रखने और आपसी सौहार्द के साथ शामिल होने की अपील की। स्वागत समारोह के अंत में उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। तकिया के सज्जादानशीं आरिफ अली शाह, रहम इलाही कुरैशी, बशीर काजी, हाफिज अताउल्लाह गौरी, मुस्तकीम मंसूरी, काजी जाहिद, सईद अहमद खन्ना, सैफुल्लाह, शकील मकरानी, साजिद मंसूरी, नईम मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट राशन कार्ड धारकों को चार माह का गेहूं लेना सुनिश्चित करने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फरीदकोट।** पंजाब सरकार द्वारा स्मार्ट राशन कार्ड योजना के तहत लाभार्थियों को जुलाई 2026 से अक्टूबर 2026 तक चार माह का गेहूं वितरित किया जा रहा है। जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले फरीदकोट गुरजीत सिंह देओल ने जिले के सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के संबंधित राशन डिपो से निर्धारित गेहूं प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता परिवार कार्ड धारकों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 20 किलोग्राम गेहूं, जबकि अंत्योदय अन्न योजना कार्ड धारकों को प्रति कार्ड प्रति माह 35 किलोग्राम गेहूं दिया जाएगा। लाभार्थी जुलाई से अक्टूबर 2026 तक चार माह का गेहूं अपने संबंधित राशन डिपो से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने लाभार्थियों को पारदर्शी तरीके से राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना लागू की है। योजना के तहत कोई भी पात्र लाभार्थी गेहूं की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने सभी लाभार्थियों से अपने राशन कार्ड के अनुसार संबंधित राशन डिपो से गेहूं प्राप्त करने की अपील की। जिला नियंत्रक ने कहा कि यदि किसी लाभार्थी को गेहूं वितरण को लेकर किसी प्रकार की शिकायत या परेशानी होती है तो वह संबंधित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निरीक्षक से संपर्क कर सकता है। विभाग को प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार जांच कर उचित कार्रवाई के माध्यम से निपटारा किया जाएगा।

# ‘मिशन क्लीन पटियाला’ के तहत सफाई अभियान, स्रोत स्तर पर कचरा अलग करने की अपील

**तीन दिन में पटियाला की सड़कों से 3.9 टन कचरा उठाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला-** पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन पटियाला के साथ मिलकर आज अपने ज़रूरी ‘मिशन क्लीन पटियाला’ कैंपेन के तहत भूपिंदर रोड और पासी रोड पर क्लीनिंग कैंपेन चलाया। इस कैंपेन में आवर लेडी ऑफ फातिमा कॉन्वेंट स्कूल और गवर्नमेंट मल्टीपर्पस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। भूपिंदर रोड मार्केट एसोसिएशन, मणिपाल हॉस्पिटल और ‘मेरा पटियाला मैं ही स्वरा’ वॉलंटरी सिटीजन ग्रुप की टीमों ने भी इसमें हिस्सा लिया। पासी रोड और भूपिंदर रोड से 2,500 द्मद्द से ज़्यादा कचरा इकट्ठा किया गया, जिससे इस कैंपेन के तहत तीन दिनों में साफ़ की गई सात बड़ी सड़कों से कुल 3,900 द्मद्द कचरा इकट्ठा हो गया। सफ़ाई अभियान के दौरान ट्रैफ़िक मैनेजमेंट में मदद के लिए नगर निगम और पटियाला ट्रैफ़िक पुलिस को धन्यवाद देते हुए, पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की चेयरपर्सन रीना गुप्ता ने कहा, ‘आइए सफ़ाई को एक नया सामाजिक नियम बनाएं। हम नागरिकों और सिविल सोसाइटी संगठनों से अपील करते हैं कि वे इस अभियान को लोगों के नेतृत्व वाले आंदोलन में बदलने के लिए एक साथ आगे आएं जो हर पीढ़ी को प्रेरित करे। अगर हर व्यक्ति हर महीने कुछ घंटे भी योगदान दे, तो हम सब मिलकर रहने के लिए एक साफ़, स्वस्थ और बेहतर पंजाब बना सकते हैं। ‘पंजाब को भारत का सबसे साफ़ राज्य बनाने के लिए सभी को प्रेरित करते हुए, चेयरपर्सन ने लोकल गवर्नमेंट डिपार्टमेंट और पंजाब के लोगों से अपील की कि वे ठोस कचरे को सोर्स-लेवल पर अलग-अलग करें और उसका सही तरीके से निपटारा करें। गुप्ता ने शहर के सभी गैर-सरकारी संगठनों, सीनियर सिटीज़न एसोसिएशन, इको क्लब और दूसरे सामाजिक संगठनों से भी इस मिशन में शामिल होने और पटियाला को पंजाब का सबसे साफ़ शहर बनाने में मदद करने की अपील की। अप्रैल 2026 में शुरू किए गए ‘मिशन क्लीन पटियाला’ के तहत, पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने पटियाला के बड़े संस्थानों, एनफ़ोर्समेंट एजेंसियों और कम्युनिटी ग्रुप्स को एक प्लेटफ़ॉर्म पर लाया है। कैंपेन के पहले फेज़ में करीब 30 इंस्टीट्यूशन ने हिस्सा लिया और सफाई ड्राइव और एनवायरनमेंट बचाने के लिए 30 से ज़्यादा पब्लिक जगहों को गोद लिया। इनमें पटियाला शहर के 18 स्कूल, 10 कॉलेज और चार सरकारी इंस्टीट्यूशन शामिल थे। कैंपेन का दूसरा फेज़ जुलाई 2026 में शुरू किया गया, जिसमें सात और इंस्टीट्यूशन शामिल हो गए हैं। इससे कैंपेन में हिस्सा लेने वाले ऑर्गेनाइजेशन की कुल संख्या 39 हो गई है।

# सिलापथार में राज्य सरकार के कृति शिक्षक का सम्मान से सम्मानित शिक्षाविद का निधन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**धेमाजी असम।** गोपाल चंद्र देव जिनका नाम ही एक परिचय बताया जा रहा है।धेमाजी जिले के सिलापथार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत भैरबपुर नेताजी मध्य इंग्रजी विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षक गोपाल चंद्र देब की मौत की खबर ने इलाके में शोक की माहौल है। गोपाल चंद्र देब का जन्म 1959 में गुवाहाटी के काला पहाड़ रेलवे क्वार्टर में हुआ था। उनके पिता नागेंद्र देब रेलवे डिपार्टमेंट के कर्मचारी थे। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई जगीरोड में पूरी की और 1976 में लंका नेताजी हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की। उन्होंने कॉटन कॉलेज, गुवाहाटी से 1978में क्ष्ठ,ष्ट की परीक्षा पास की। उन्होंने 1979 में नेताजी मिडिल इंग्लिश स्कूल, भैरबपुर में साइंस टीचर के तौर पर अपना करियर शुरू किया और धेमाजी कॉलेज से डिस्टिंक्शन के साथ बैचलर ऑफ़ साइंस की डिग्री हासिल की। ??वह 2004 से उसी स्कूल के हेडमास्टर के पद पर कार्यभार संभाला उन्हें 2013 में डिस्ट्रिक्ट मेरिटोरियस टीचर अवॉर्ड और 2013 में स्टेट मेरिटोरियस टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 2018 तक हेड टीचर के तौर पर काम करने के बाद 30 नवंबर को ऑफिशियली रिटायर हुए । शिक्षक देब ने दो खास इन्वेंशन किए, ऑनेस्टी बॉक्स, जिसमें स्कूल में घूम हुऐ चीजें खो जाने पर वे चीजें बच्चों द्वारा बॉक्स में डाल देते हैं। और कल्पतरु स्कूल कोऑपरेटिव शॉप। स्टूडेंट्स के लिए कम से कम कीमतों पर ज़रूरी चीज़ों की खरीद और बिक्री। इन दोनों इन्वेंशन को डिब्रूगढ़ और गुवाहाटी यूनिवर्सिटी ने मान्यता दी थी। रिटायरमेंट के बाद, वे कई सामाजिक और एजुकेशनल संस्थाओं से जुड़ गए। सिलापथार आंचलिक साहित्य सभा के सलाहकार। सिलापथार कवि सम्मेलन के मुख्य सलाहकार। समलय नामक मैगज़ीन के मुख कार्यकारी संपादक,सीसिबरगांव आर्य भट्ट साइंस सेंटर के प्रेसिडेंट। रेंगनी नामक साप्ताहिक मैगाजीन के संपादक, सिलापथार सन वैली अकादमी के संचालक के साथ इलाके की विभिन्न मैनेजिंग डायरेक्टर थे और कई प्रोग्राम में शामिल थे। 9 अगस्त को रात 10.45 बजे हाई प्रेशर की कारण मेडिकल ले जाते समय उनका निधन हो गया। सिलापथार के उनके निजी ग्राम उनके चाहने वाले उन्हें आखिरी श्रद्धांजलि देने और गमगीन माहौल में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ पड़े। दोपहर के करीब 12 बजे उनका का पार्थिव शरीर सिलापथार में उनके घर से भैरबपुर नेताजी मिडिल इंग्लिश स्कूल लाया गया। स्कूल कैंपस में स्टूडेंट्स और स्कूल अथॉरिटीज़ को आखिरी श्रद्धांजलि देने के बाद, उनका अंतिम संस्कार पूब बालीगांव में किया गया। उनके निधन पर सिलापथार में शोक का माहला है, विभिन्न दल संघटनो ने उनका निधन पर गहरी शोक व्यक्त किया। 69 साल की उम्र में उनका निधन हुवे देव ने संसार में अपनी पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए।

# सफदरजंग अस्पताल में मरीजों की राह होगी आसान, रोटरी क्लब ने भेंट की गोल्फ कार्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज एवं सफदरजंग अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ ईस्ट ने अस्पताल को गोल्फ कार्ट भेंट की। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में इसका औपचारिक हस्तांतरण किया गया।गोल्फ कार्ट का इस्तेमाल अस्पताल परिसर में मरीजों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और उनके साथ आने वाले तीमारदारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। इससे अस्पताल के बड़े परिसर में आने-जाने के दौरान मरीजों को होने वाली परेशानी कम होगी और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान होगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारत सरकार की पूर्व विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों और सेवा संगठनों के बीच सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ मरीजों के लिए सुविधाएं और अधिक सुलभ बनाई जा सकती हैं।अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता शर्मा ने रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ ईस्ट का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के सहयोग से मरीजों की सुविधा बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलती है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारु बंबा ने भी क्लब के योगदान की सराहना की और इसे मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में उपयोगी पहल बताया।रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ ईस्ट के अध्यक्ष रवि गर्ग ने कहा कि क्लब समाज की सेवा के लिए सार्थक पहल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उम्मीद जताई कि गोल्फ कार्ट से अस्पताल आने वाले मरीजों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सामुदायिक सेवा निदेशक अरुण गुप्ता, क्लब के अन्य प्रतिनिधि, अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारु बंबा, वरिष्ठ अधिकारी, सीएसआर समिति के सदस्य, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य आमंत्रित अतिथि मौजूद रहे।

# नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के साथ मिलकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर शुरू की खास पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मनोरंजन के जरिए जरूरी सामाजिक मुद्दों पर लोगों से बात करने की अपनी कोशिश को आगे बढ़ाते हुए, सोनी मैक्स ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन के साथ साझेदारी की है। यह पहल रविवार, 16 अगस्त को रात 8 बजे सोनी मैक्स पर होने वाले मर्दानी 3 के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर से पहले बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए की गई है। 'हर घंटे 11 बच्चों का अपहरण किया जाता है और उन्हें गलत कामों में धकेला जाता है। हर लापता बच्चा किसी का बेटा या बेटी है। इसलिए किसी भी बच्चे के लापता होने की खबर को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि हर मिनट जरूरी होता है। पुलिस की भूमिका बहुत अहम् है, लेकिन बच्चों को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। यदि हम ज्यादा जागरूक रहें, बच्चों को समझें और समय पर कदम उठाएँ, तो मिलकर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हर बच्चा सुरक्षित माहौल में आजादी और सम्मान के साथ बड़ा हो। मुझे खुशी है कि सोनी मैक्स बच्चों की सुरक्षा जैसे जरूरी मुद्दे पर लोगों को जागरूक करने में मदद कर रहा है।' मर्दानी 3 के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ हम फिल्म की कहानी से जुड़ी इस बात को लोगों तक और आगे ले जाना चाहते थे। बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए कैलाश सत्यार्थी ने पूरी जिंदगी काम किया है और दुनियाभर के लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उनके साथ जुड़ना हमारी इसी सोच का हिस्सा है। इस पहल के जरिए हम परिवारों और समाज से सतर्क रहने और मिलकर यह कोशिश करने की अपील करना चाहते हैं कि हर बच्चा सुरक्षित रहे।' करीब पाँच दशकों से कैलाश सत्यार्थी बच्चों को तस्करी, बाल मजदूरी और शोषण से बचाने के लिए काम कर रहे हैं। यह पहल मर्दानी 3 की कहानी से भी जुड़ी है। फिल्म बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों और उन्हें बचाने की जरूरत को सामने लाती है। रानी मुखर्जी की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में शिवानी शिवाजी रॉय की वापसी हो रही है, जो भारतीय सिनेमा की सबसे निडर पुलिस अधिकारियों में से एक हैं। जब कई छोटी लड़कियाँ अचानक लापता होने लगती हैं, तो उनकी तलाश से शुरू हुई जाँच धीरे-धीरे एक बड़े और डरावने खेल का पता लगाती है, जिसमें एक ताकतवर तस्करी नेटवर्क शामिल है। सच्चाई सामने लाने के लिए शिवानी के पास समय बहुत कम है। फिल्म हिम्मत, इंसाफ और मासूम बच्चों को बचाने की लड़ाई की कहानी है। देखना न भूलें मर्दानी 3 का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर, रविवार, 16 अगस्त को रात 8 बजे, सिर्फ सोनी मैक्स पर।

# वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने वांछित अभियुक्त को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय एसीजेएम-10 इलाहाबाद से गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किया गया था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अभियुक्त को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बच्चा यादव पुत्र बंगाली यादव, निवासी अहिराना, थाना मुट्ठीगंज, प्रयागराज, उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध थाना मुट्ठीगंज में दर्ज मुकदमे से संबंधित मामले में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। बताया गया कि अभियुक्त के खिलाफ केस नंबर 409/2023 एवं अपराध संख्या 28/2022 के अंतर्गत भारतीय दंड संहिता की धाराओं 452, 504, 506 तथा 354(क) में मामला दर्ज है। न्यायालय एसीजेएम-10 इलाहाबाद द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की थी।

# कांग्रेस नेता शंभूनाथ शर्मा के निधन से कांग्रेसजनों में शोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के मूल निवासी एवं वयोवृद्ध कांग्रेस नेता शंभूनाथ शर्मा का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही कांग्रेसजनों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।शंभूनाथ शर्मा लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे और पार्टी के संघर्षों में लगातार सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने जमीनी स्तर से लेकर पार्टी के विभिन्न पदों पर रहते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके निधन पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शंभूनाथ शर्मा का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में संगठन के प्रति समर्पण और कार्यकर्ताओं के साथ सदैव मजबूती से खड़े रहने की मिसाल कायम की। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नेता विवेक पांडे, नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव ,अंजुमन नाज आदि रहे।

# घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जनजागरण अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से जनजागरण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष एवं कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने किया। यह अभियान महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के निर्देशन में आयोजित किया गया।नंदन तालाब स्थित किसान मोर्चा कार्यालय से भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बच्चों ने घर-घर जाकर लोगों को 15 अगस्त के अवसर पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए जागरूक किया। इस दौरान लोगों से राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान के अनुरूप स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। इसी उद्देश्य से कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को अभियान से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर महामंत्री कृष्ण कुमार शुक्ला, सेक्टर प्रभारी पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी, सेक्टर प्रभारी पंकज शर्मा, नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, महामंत्री उमेश सेन, बाबूजी यादव, राणा श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं बच्चे मौजूद रहे।

# श्रावण के दूसरे सोमवार पर मनकामेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को संगम नगरी प्रयागराज के ऐतिहासिक मनकामेश्वर धाम में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भगवान श्री मनकामेश्वर महादेव के दर्शन-पूजन के लिए सोमवार तड़के से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे। बाबा के दिव्य दर्शन की लालसा में कई भक्त रात्रि से ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। सुबह होते-होते श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती गई और मंदिर परिसर के आसपास भक्तों की लंबी कतारें लग गई। हाथों में पूजा की थाली, बेलपत्र, पुष्प, दूध और जल लिए श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जैसे-जैसे दर्शन का समय नजदीक आता गया, श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा परिसर श्रावण के दूसरे सोमवार को मनकामेश्वर धाम का वातावरण पूरी तरह शिवमय नजर आया। मंदिर परिसर में लगातार 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष गूंजते रहे। भक्तों ने बाबा मनकामेश्वर का जलाभिषेक और पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# सावन के दूसरे सोमवार पर ऐतिहासिक 'गहरेबाजी'

**सजे-धजे घोड़ों की अद्वितीय चाल रफ्तार और कदमताल का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी ,प्रयागराज।** संगमनगरी में सावन के दूसरे सोमवार को पारंपरिक गहरेबाजी का भव्य आयोजन किया गया। प्रयाग गहरेबाजी संघ के अध्यक्ष राजीव भारद्वाज 'बब्बन भइया' की अगुवाई में यह पारंपरिक उत्सव नए यमुना पुल के नीचे अरैल रोड पर आयोजित हुआ। इस रोमांचक आयोजन में दूर-दराज से आए करीब दो दर्जन नामी गहरेबाजों ने अपने सजे-धजे घोड़ों की अद्वितीय चाल, रफ्तार और कदमताल का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया।अरैल रोड पर बने 800 मीटर लंबे ट्रैक पर शाम पांच से सात बजे तक घोड़ों की टापों की गूंज सुनाई देती रही। सधी हुई लगाम के साथ मैदान में उतरे एक-एक घोड़े ने दस-दस बार ट्रैक पर दौड़ लगाकर अपनी ताकत और ट्रेनिंग का लोहा मनवाया, जिसमें बनवारी लाल शर्मा का 'उड़ान', असीम भारद्वाज का 'बादामी', मुरली दुबे का 'समन्द', विष्णु प्रसाद शर्मा का 'बुलेट' और बदरे आलम का 'सुरंग' शामिल रहे। सावन के हर सोमवार को आयोज यमुना पुल पर हजारों की संख्या में लोग अपने परिवारों और बच्चों के साथ पहुंचे थे। भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी संभावित हादसे को रोकने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य लोग और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# दरोगा की कार्यशैली को लेकर भाकियू में नाराजगी, एसडीएम से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** दरोगा की कार्यशैली को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। सोमवार को तहसील पहुंचे संगठन कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर संबंधित दरोगा की कार्यशैली की जांच करवाकर दरोगा का स्थानांतरण कराए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में तैनात दरोगा की कार्यशैली और आम जनता के साथ व्यवहार को लेकर असंतोष का मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दरोगा का स्थानांतरण कराने की मांग की है। शिकायत में भाकियू ने आरोप लगाया है कि दरोगा द्वारा सड़क पर निकलते समय मोबाइल से विशेष रूप से युवाओं की वीडियो बनाए जाने तथा उन्हें डराने-धमकाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। भाकियू का कहना है कि किसी समस्या या विवाद को लेकर चौकी पहुंचने पर उनकी बात उचित तरीके से नहीं सुनी जाती। इससे लोगों में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है। सोमवार दोपहर भाकियू ने तहसील परिसर में मासिक पंचायत के साथ उक्त मामले को गंभीरता से उठाया है। भाकियू ने यह भी आरोप लगाया कि चौकी पर आने वाले लोगों को कथित तौर पर वहां न आने की बात कही जाती है। वहीं, कुछ प्रभावशाली लोगों से नजदीकी होने की चर्चा का भी शिकायत में उल्लेख किया गया है। भारतीय किसान यूनियन भानू ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने और जनहित में दरोगा का स्थानांतरण कराने की मांग की है। भाकियू का कहना है कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास बनाए रखना जरूरी है और इस तरह पुलिस की कार्यशैली पर भी सबाल उठ रहे हैं। इस दौरान हसमुद्दीन खा, जावेद, गंगा सिंह मंडल सचिव, शिवकुमार, रामलखन, राखी, गीता देवी, मीना सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क किनारे मिली महिला की लाश,नहीं हो सकी शिनाख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज ।** नैनी लेप्रोसी चौराहे के पास दरगाह के समीप सोमवार को सड़क के किनारे महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने जब महिला का शव देखा तो तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नैनी पुलिस ने शव की शिनाख्त शुरू की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मृतका ने सफेद रंग का छींटदार लोवर और बैंगनी रंग की कुर्ती पहन रखी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत,शिनाख्त में जुटी पुलिस ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी,प्रयागराज। नैनी कोतवाली क्षेत्र के गंगोत्री नगर, इंदलपुर स्थित इंदलपुर पार्किंग के पास रविवार रात करीब 11:30 बजे हुए सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई ।जानकारी के अनुसार करीब 45 वर्षीय व्यक्ति साइकिल से जा रहा था, तभी एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।पुलिस के अनुसार मृतक ने नीली-लाल चेक वाली शर्ट, नीली पैंट और काली बनियान पहन रखी थी। अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# ग्राम पंचायत माधोटांडा में निकाली गई हर घर तिरंगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील के साथ क्षेत्रीय भाजपा विधायक के नेतृत्व में ग्राम प्रधान व सचिव सहित अन्य ने हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान के नेतृत्व में ग्राम पंचायत माधोटांडा में ग्राम प्रधान मोहम्मद नईम व ग्राम विकास अधिकारी रामकिशोर सहित दर्जनों लोगों ने जागरूकता रैली निकाली। क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान ने माधोटांडा में प्रतिष्ठान-प्रतिष्ठान जाकर व्यापारियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया। उन्होंने व्यापारियों एवं ग्रामीणों से अपील की गई कि 17 अगस्त तक अपने-अपने प्रतिष्ठानों और घरों पर तिरंगा लगाकर हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता करें। इस मौके पर ग्राम पंचायत माधोटांडा के सचिव रामकिशोर ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा लगाते समय उसकी गरिमा और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए। ग्राम प्रधान मो0 नईम ने दुकानदारों से कहा कि 17 अगस्त के बाद तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना बताया गया।

## शारदा का पवित्र जल लेकर पहुंचे डाक कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** श्रावण मास के पावन अवसर पर ग्राम माधोटांडा में महाकाल सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा माँ शारदा (टनकपुर) से पवित्र जल लेकर आ रहे शिव भक्त डाक कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया गया और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। डाक कांवड़िए माँ शारदा का पवित्र जल लेकर गोमती उद्गम स्थल पर जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए हैं। इस दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। शिव भक्तों में कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव से सभी कांवड़ियों की यात्रा निर्विघ्न एवं सफल होने की कामना की। कहा गया कि भगवान भोलेनाथ सभी देवतुल्य शिव भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें और क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य डॉ0 विवेक सिंह, मंडल महामंत्री हिरदेश त्रिगुणायत, पूरन लाल कश्यप, जसवंत कश्यप, ध्रुव त्रिगुणायत, ध्रुव यादव, निशांत त्रिगुणायत, महिपाल सिंह, श्रीराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने कांवड़ियों का स्वागत करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।

## हाइवे पर आवारा सांडों की जंग से मचा हड़कंप

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** घुंघचाई बंडा हाईवे पर आवारा पशुओं का जमावड़ा राहगीरों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। बीते दिन थाने के सामने हाईवे पर दो आवारा सांड आपस में भिड़ गए। दोनों सांड काफी देर तक सींग मारकर लड़ते रहे। राहगीरों को घंटों परेशान होना पड़ा। सांडों की लड़ाई इतनी खतरनाक थी कि वाहन चालक और राहगीर किसी हादसे की आशंका से दूर खड़े रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर आए दिन आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में भेजने की मांग की है, ताकि हादसों पर रोक लग सके। मामले का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## निजी अस्पताल में महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा

**पीलीभीत।** निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के मामले में सोमवार को मृतका के परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान कुछ परिजन पेट्रोल की बोतल लेकर आत्मदाह की कोशिश करने दौड़े, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। घटना से डीएम कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने डीएम कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। उन्होंने मामले में नामजद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने और संबंधित अस्पताल को सील कराने की मांग की। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। दरअसल, तीन अगस्त को थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की पूनम अवस्थी की धनवंतरी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने डॉक्टर उपेंद्रनाथ और अक्षत पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच के लिए सीएमओ की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है।

# फर्जी एलएलबी डिग्री से वकालत करने वाले 30 से अधिक के खिलाफ एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में वकालत के पेशे से जुड़ा एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। आरोप है कि कई लोगों ने फर्जी एलएलबी की डिग्री के आधार पर बार काउंसिल में अपना पंजीकरण कराकर अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस शुरू कर दी। हाईकोर्ट के निर्देश पर अधिवक्ताओं के पंजीकरण के दौरान संलग्न शैक्षणिक डिग्रियों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद इस कथित फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। मामले में प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में तीस से अधिक लोगों के खिलाफ फर्जी एलएलबी की डिग्री के आधार पर बार काउंसिल में पंजीकरण कराने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, अभी बड़ी संख्या में अन्य संदिग्ध मामलों में मुकदमे दर्ज होना बाकी बताया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक करीब 105 और लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाने की प्रक्रिया चल रही है, जो आगामी एक-दो दिनों में दर्ज हो सकते हैं।

### हाईकोर्ट के निर्देश पर शुरू हुआ डिग्रियों का सत्यापन

बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद बार काउंसिल की ओर से अधिवक्ताओं के पंजीकरण के समय प्रस्तुत की गई एलएलबी सहित अन्य शैक्षणिक योग्यताओं से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान कुछ अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत की गई एलएलबी की डिग्रियां संदिग्ध पाई गईं। संबंधित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से दस्तावेजों का सत्यापन कराए जाने के बाद कथित फर्जीवाड़े की परतें खुलती चली गईं। प्रयागराज के डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि बार काउंसिल की तहरीर के आधार पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं। वर्तमान में तीस से अधिक लोगों के खिलाफ फर्जी एलएलबी की डिग्री के आधार पर बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि अभी इस मामले में और भी मुकदमे दर्ज किए जाने हैं और ऐसे मामलों की संख्या करीब 105 तक पहुंच सकती है।

### फर्जी डिग्री के सहारे वकालत करने वालों में हड़कंप

एक साथ बड़ी संख्या में कथित फर्जी अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज होने से न्यायिक क्षेत्र में भी चर्चा तेज हो गई है। यदि जांच में आरोप सही साबित होते हैं तो फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर बार काउंसिल में पंजीकरण कराने और उसके बाद अधिवक्ता के रूप में कार्य करने के मामले में आगे भी कार्रवाई हो सकती है। पुलिस और बार काउंसिल की ओर से किए जा रहे सत्यापन के दायरे में आने वाले अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की तैयारी है। करीब 105 अन्य मामलों में मुकदमे दर्ज होने की सूचना के बाद इस पूरे प्रकरण का दायरा और बढ़ने की संभावना है।

### सत्यापन से सामने आया फर्जीवाड़ा

अधिकारियों का कहना है कि जांच और सत्यापन की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। आने वाले दिनों में इस मामले में और एफआईआर दर्ज होने तथा कार्रवाई का दायरा बढ़ने की संभावना है।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी मिशन चौराहे पर तीन दिन पहले




सड़क हादसे में घायल वृद्ध व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार नैनी कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी मिशन चौराहे पर विगत 6 अगस्त की रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से नैनी जेल रोड निवासी सालिग राम वर्मा (60) वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के लिए उन्हें स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# थारू विकास परियोजना को शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार का हब

## डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने विशुनपुर विश्राम में निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

### 1.28 करोड़ से हो रहा परियोजना क्षेत्र का कायाकल्प, छात्र-छात्राओं को मिलेगा निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण व डिप्लोमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रमेश कुमार यादव

**बलरामपुर।** विकास खंड पचपेड़वा के विशुनपुर विश्राम स्थित थारू विकास परियोजना को शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने थारू विकास परियोजना का विस्तृत निरीक्षण कर निर्माणाधीन विभिन्न कार्यों एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माणाधीन कंप्यूटर लैब और सिलाई-बुनाई प्रशिक्षण केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर लैब के माध्यम से थारू जनजाति के छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीक और डिजिटल शिक्षा से जोड़ते हुए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ डिप्लोमा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। डीएम ने प्रशिक्षण केंद्र की मान्यता संबंधी सभी औपचारिकताएं निर्माण पूरा होने से पहले ही पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि केंद्र तैयार होते ही विद्यार्थियों का प्रशिक्षण शुरू कराया जा सके।



### हैंडलूम यूनिट से महिलाओं को मिलेगा रोजगार

डीएम ने सिलाई-बुनाई प्रशिक्षण केंद्र को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखकर इसे रोजगार से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने परिसर में हैंडलूम यूनिट स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं स्थानीय स्तर पर हैंडलूम एवं अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार कर सकें।

उन्होंने उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने तथा तैयार उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इससे थारू समुदाय की महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ रोजगार और आय के स्थायी अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

### पीएचसी में संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर

डीएम ने थारू विकास परियोजना परिसर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने, गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 1.28 करोड़ से संवर रही थारू विकास परियोजना

थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम के समग्र विकास के लिए शासन से ?1.28 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। इस धनराशि से परियोजना क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, कौशल विकास और संस्थागत व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है। परिसर में मरम्मत, रंग-रोगन, सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विकास के कार्य भी कराए जा रहे हैं।

### बताया गया कि पीएचसी का कायाकल्प कर आवश्यक

चिकित्सा उपकरण और अन्य संसाधन उपलध कराए गए हैं, जिसके बाद ओपीडी में मरीजों की संया में भी वृद्धि हुई है। छात्राओं से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था का लिया जायजा इसके बाद जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय, विशुनपुर विश्राम का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद कर पठन-पाठन, आवासीय व्यवस्था और विद्यालय में उपलध सुविधाओं की जानकारी ली।

डीएम ने विद्यालय प्रशासन को गुणवाापूर्ण शिक्षा के साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित रूप से खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कराने तथा छात्राओं को हाउसवार विभाजित कर प्रतियोगिताएं कराने को कहा, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो।

### चित्तौड़गढ़ बंधे के सौंदर्यीकरण का भी लिया जायजा

भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने चित्तौड़गढ़ बंधे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें बेहतर ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, प्रशिक्षु आईएएस श्री शिवांश जागाड़े सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# कच्चे रास्ते पर फिसली स्कूल वैन, पलटने से मची अफरातफरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नगराम,लखनऊ।** कमालपुर बिचलिका-कुबहरा मार्ग से करीब 500 मीटर अंदर सोमवार को बारिश के कारण गीली हुई मिट्टी पर एक स्कूल वैन का पहिया फिसल गया। इससे वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय वैन में दो बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि दोनों बच्चे सुरक्षित रहे और उन्हें कोई चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चों को सुरक्षित वैन से बाहर निकालकर उनके घर पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, कमालपुर बिचलिका निवासी जसकरन अपनी निजी वैन संख्या यूपी32 एफए 2471 से श्री एमएल बाल विद्या मंदिर, कमालपुर बिचलिका में पढ़ने वाले बच्चों को रोजाना उनके घर छोड़ने जाते हैं। सोमवार को वह तमोरिया निवासी अजीत सिंह के बच्चों ईशी सिंह (5) और रुद्र प्रताप सिंह (10) को स्कूल से लेकर घर जा रहे थे। कमालपुर बिचलिका-कुबहरा मार्ग से करीब 500 मीटर आगे कच्चे रास्ते पर बारिश के कारण मिट्टी काफी गीली थी। इसी दौरान वैन का पहिया मिट्टी में फिसल गया। चालक जब तक वाहन को नियंत्रित करता, वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।



### कच्चे रास्ते को दुरुस्त कराने की मांग

**हादसे के बाद ग्रामीणों ने कच्चे मार्ग की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में रास्ते पर गीली मिट्टी के कारण वाहनों के फिसलने का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।**

अचानक वैन पलटने से दोनों बच्चों में अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक चंद्रशेखर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों बच्चों को वैन से सुरक्षित बाहर निकलवाया। बच्चों को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी थी। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में दोनों बच्चों को सकुशल उनके घर पहुंचाया गया। पलटी वैन को भी रास्ते से हटवाने की कार्रवाई कराई गई।

# नेक्स्टजेन आइकॉनिक इंडिया-2026 के विजेताओं ने साझा की सफलता की कहानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 10 अगस्त सैम्म रेनेसांज़ नेक्स्टजेन आइकॉनिक मिस, मिस्टर एवं मिसेज इंडिया 2026 की सफलता के बाद सोमवार को लखनऊ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं, प्रथम एवं द्वितीय उपविजेताओं तथा प्रतिभागियों ने मीडिया से संवाद कर अपने संघर्ष, अनुभव, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। प्रेस वार्ता में लखनऊ की वंशिका, मुंबई के देवांश तिवारी, आगरा की इति और देहरादून की ज्योति धाकरे सहित विभिन्न श्रेणियों के विजेता एवं उपविजेता मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने बताया कि प्रतियोगिता का सफर उनके लिए केवल खिताब हासिल करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इस दौरान उन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने, व्यक्तित्व विकास करने और अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अनुभव मिला। सैम्म रेनेसांज़ की आयोजक एवं संस्थापक सौम्या साहू ने कहा कि नेक्स्टजेन आइकॉनिक मिस, मिस्टर एवं मिसेज इंडिया का उद्देश्य प्रतिभाओं को केवल खिताब प्रदान करना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व और क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला सकें। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी प्रतिभा, ऊर्जा और नए विचारों से भरपूर है। आवश्यकता है कि उन्हें सही मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले। सैम्म रेनेसांज़ आगे भी प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर प्रदान करने और उन्हें अपने सपनों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहेगा। विजेताओं ने माना खिताब के साथ बढ़ी जिम्मेदारी विजेता वंशिका, देवांश तिवारी, इति और ज्योति धाकरे ने कहा कि नेक्स्टजेन आइकॉनिक इंडिया की यात्रा उनके लिए सीख, अनुभव और आत्मविश्वास से भरी रही। इस मंच ने उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने के साथ स्वयं को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। विजेताओं ने अपने खिताब को नई जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि वे भविष्य में अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं ने हासिल किए खिताब मिस इंडिया वर्ग में लखनऊ की वंशिका ने नेक्स्टजेन आइकॉनिक मिस इंडिया 2026 का विजेता खिताब हासिल किया। हैदरगढ़ की यशस्विनी प्रथम उपविजेता और ओडिशा की तृषा द्वितीय उपविजेता रहीं। मिस्टर इंडिया वर्ग में मुंबई के देवांश तिवारी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु के अनिवार्य जैन प्रथम उपविजेता और जयपुर के समर नगर द्वितीय उपविजेता रहे। मिसेज इंडिया वर्ग में आगरा की इति विजेता बनीं। लखनऊ की सरवजीत कौर प्रथम उपविजेता और लखनऊ की दीपा द्वितीय उपविजेता रहीं। वहीं, देहरादून की ज्योति धाकरे ने नेक्स्टजेन आइकॉनिक मिसेज एलीट इंडिया 2026 का विजेता खिताब हासिल किया। अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रभावशाली प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने प्रतियोगिता में अलग पहचान बनाई। आगामी आयोजनों को मिलेगी नई दिशा आयोजकों के अनुसार इस आयोजन की शो निदेशक इशिता रस्तोगी रहीं। उन्होंने अपनी रचनात्मकता और अनुभव से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आगामी रेनेसांज़ आयोजनों की जिम्मेदारी शो निदेशक मोनिका भदौरिया संभालेंगी। आयोजकों ने बताया कि आगामी आयोजनों में एसएनए लग्जरी मेकओवर्स बाय नेहल सौंदर्य प्रसाधन एवं श्रृंगार सहयोगी के रूप में विशेष सहयोग देगा। आयोजकों का कहना है कि मोनिका भदौरिया और एसएनए लग्जरी मेकओवर्स बाय नेहल की विशेषज्ञता एवं रचनात्मकता से आने वाले आयोजन और अधिक भव्य, आकर्षक एवं शानदार बनाए जाएंगे।




# भवरेश्वर धाम में गूंजा हर-हर महादेव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां।** श्रावण मास के पावन अवसर पर प्राचीन भवरेश्वर धाम में शुक्ला परिवार की ओर से 16वां वार्षिक विशाल भंडारा आयोजित किया गया। रविवार रात से शुरू हुआ भंडारा सोमवार शाम करीब पांच बजे तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं, राहगीरों और शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। बाबा भवरेश्वर के दर्शन-पूजन के बाद भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच आयोजन समिति के सदस्य व्यवस्थाओं को संभालने में जुटे रहे। भंडारे के दौरान हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा धाम शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने बाबा भवरेश्वर के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सेवा को भगवान शिव की सेवा मानकर पूरे मनोयोग से प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत मोहनलालगंज प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडेय, सत्यम भैया, ग्राम प्रधान दयालपुर प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार पाल तथा ग्राम प्रधान भद्दी शीर्ष सुरेश कुमार समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग पहुंचे। अतिथियों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की और समिति के सदस्यों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजक शैलेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में हुए भंडारे में सतीश शुक्ला, रजनीश शुक्ला, हर्ष शुक्ला, नितिन शुक्ला, मयंक शुक्ला, विवेक तिवारी, भोला शुक्ला, छोटू शुक्ला, सुरेश गोयल, वीरेंद्र जायसवाल, संजय अग्रवाल, गौरव सिंह, विशाल तिवारी, पवन कुमार, पप्पू देवता, कश्यप, रुपेश, प्रेम शर्मा समेत समिति के सदस्य मौजूद रहे। शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि श्रावण मास में बाबा भवरेश्वर धाम में भंडारा आयोजित करना शुक्ला परिवार के लिए आस्था और सेवा का विषय है। लगातार 16वें वर्ष आयोजित भंडारा श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि बाबा भवरेश्वर की कृपा से भविष्य में भी यह धार्मिक एवं सेवा कार्य जारी रहेगा।




# कृमि मुक्ति दिवस पर 473 बच्चों ने खाई एल्बेंडाजोल की दवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बच्चों को पेट के कृमि से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की कृमिनाशक दवा खिलाई गई। शिक्षकों ने बच्चों को दवा के महत्व और नियमित स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक किया। प्राथमिक विद्यालय गुमानीखेड़ा में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा की देखरेख में 59 छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि पेट में होने वाले कृमि उनके स्वास्थ्य और शारीरिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। कृमिनाशक दवा के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव के साथ कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं को कम करने में भी मदद मिलती है। विद्यालय में बच्चों को कतारबद्ध कर व्यवस्थित तरीके से दवा खिलाई गई। कार्यक्रम में सहायक अध्यापिकाओं वंदना यादव, राम कुमारी और ज्योति पटेल ने सहयोग किया। शिक्षकों ने बच्चों को दवा सेवन से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी दी। इसी क्रम में बेसिक विद्यालय करोरा में 311, प्राथमिक विद्यालय करोरा-2 में 58 और प्राथमिक विद्यालय अचलीखेड़ा में 45 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। इस प्रकार चारों विद्यालयों में कुल 473 बच्चों ने कृमिनाशक दवा का सेवन किया। शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें और स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जाने वाले अभियानों में सहयोग करें। ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी विद्यालयों में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।



# एसडीएम ने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत इक्कोतरनाथ मंदिर एवं धनारा घाट पर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी पूरनपुर मयंक गोस्वामी एवं आशीष कुमार गुप्ता, तहसीलदार पूरनपुर द्वारा इक्कोतरनाथ मंदिर एवं धनारा घाट पर पहुंचकर कांवड़ यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया गया।इस दौरान नायब तहसीलदार भी मौके पर उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारीमयंक गोस्वामी के द्वारा कावड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने हेतु राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई तथा सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को अपने निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर समय से उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक निगरानी एवं समुचित व्यवस्थाओं के बीच कांवड़ यात्रियों को समय से रवाना कराया गया। यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन, आवागमन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। तहसील प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता एवं आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# निबंधन कार्यालयों के क्षेत्राधिकार बदलाव के विरोध में पांचवें दिन भी धरना

## .......मोहनलालगंज तहसील के विभिन्न कार्यालयों में अधिवताओं ने की तालाबंदी, एआईजी निबंधन ने वार्ता कर शासन तक मांग पहुंचाने का दिया आश्वासन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** उत्तर प्रदेश शासन के स्टाम्प एवं निबंधन अनुभाग की ओर से जारी चार अगस्त की अधिसूचना के विरोध में मोहनलालगंज तहसील में अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों में तालाबंदी कर विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिसूचना लागू होने से मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र की संपत्तियों के निबंधन के लिए लोगों को लखनऊ के अलग-अलग उपनिबंधक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। धरना स्थल पर सहायक महानिरीक्षक निबंधन द्वितीय लखनऊ रमेश चन्द पहुंचे और अधिवक्ताओं से वार्ता की। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याएं और आपत्तियां सुनीं। साथ ही उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। हालांकि, वार्ता के बाद भी अधिवक्ताओं ने अधिसूचना वापस होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि निबंधन क्षेत्राधिकार में बदलाव से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय और धन दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ेगी। उनका यह भी दावा है कि क्षेत्र का भौगोलिक विभाजन होने से भविष्य में संपत्ति संबंधी जालसाजी की आशंका बढ़ सकती है।



### किसान संगठन ने दिया नैतिक समर्थन

मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के आंदोलन को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने भी नैतिक समर्थन दिया है। संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश यादव ने बार एसोसिएशन को भेजे पत्र में शासन की चार अगस्त की अधिसूचना वापस लेने की मांग का समर्थन किया। पत्र में कहा गया कि निबंधन व्यवस्था में बदलाव से आम जनता को परेशानी होगी और यह जनहित में नहीं है।

### दो उपनिबंधक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका

वहीं, सहायक महानिरीक्षक निबंधन द्वितीय की ओर से महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश को भेजे गए पत्र में मोहनलालगंज उपनिबंधक कार्यालय के क्षेत्राधिकार को विभक्त कर दो उपनिबंधक कार्यालय खोले जाने के पूर्व प्रस्ताव का भी उल्लेख किया गया है। पत्र के अनुसार इस संबंध में समिति गठित कर प्रस्ताव तैयार किया गया था। प्रस्ताव को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला निबंधक लखनऊ तथा जिलाधिकारी लखनऊ के अनुमोदन के बाद शासन स्तर पर भेजा जा चुका है। धरने में बार के पूर्व महामंत्री ललित मिश्रा, अधिवक्ता वैभव द्विवेदी, विनय मिश्रा, देवेश सिंह, विष्णु प्रताप सिंह (पुनपुन) , विपिन कुमार पाल,अंकित यादव, सिराज खान, अजय यादव मनोज यादव समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।